राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 36
लखनऊ, शनिवार 21 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





उप-निर्वाचन का सफल आयोजन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : नवदीप रिणवा 03

रांची को बनाएंगे कृषि शिक्षा व शोध का केंद्र : शिवराज सिंह 12


## सिफारिशों को दोहराने के बावजूद क्यों लंबित हैं जजों की नियुक्तियां : शीर्ष कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित शीर्ष अदालत कॉलेजियम की ओर से बार-बार दोहराए जाने के बावजूद नियुक्ति में कथित देरी मामले की सुनवाई करते हुए शुक्रवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह लंबित सिफारिशों का ब्यौरा उपलब्ध कराये।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने झारखंड सरकार और अन्य की



याचिकाओं पर केंद्र सरकार से यह बताने को कहा कि आखिर न्यायाधीशों की नियुक्तियां किस वजह से लंबित हैं। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से इस संबंध में एक चार्ट पेश करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई अगले सप्ताह करेगी। पीठ ने उनसे पूछा, आप हमें बताएं कि वे नियुक्तियां क्यों नहीं की गई हैं।

## स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में महिला डॉक्टरों के लिए ड्यूटी कक्षों की संख्या नाकाफी

### हाईकोर्ट ने सुपरिटेंडेंट-इन-चीफ से अस्पताल की योजना पर मांगा हलफनामा

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में ड्यूटी कक्षों की संख्या को नाकाफी माना है और वहां के सुपरिटेंडेंट-इन-चीफ से इस सम्बंध में उनकी योजना पर हलफनामा मांगा है।

कोर्ट ने कहा कि एसआरएन अस्पताल के सुपरिटेंडेंट-इन-चीफ के शपथ पत्र के साथ जुड़ा चार्ट दर्शाता है कि कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक,



सर्जरी, फेफड़ों की बीमारी और ईएनटी विभाग में महिला डॉक्टरों के लिए अलग ड्यूटी कक्ष नहीं हैं। इसके अलावा कुछ विभागों में कई वार्ड हैं। लेकिन केवल एक ड्यूटी कक्ष है, जो आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता है। इसलिए स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के सुपरिटेंडेंट-इन-चीफ परिसर में महिला डॉक्टरों के लिए अलग ड्यूटी कमरों के निर्माण की योजना के सम्बंध में अतिरिक्त शपथ पत्र दाखिल करें। यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति मनीष निगम की खंडपीठ ने सुओ मोटो जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट आदेश के अनुपालन में प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव और स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के सुपरिटेंडेंट-इन-चीफ ने शपथ पत्र दाखिल किए। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव के शपथ पत्र में आवारा कुत्तों की समस्या के सम्बंध में बताया गया कि स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाकर 40 कर दी गई है। ये सुरक्षा गार्ड उत्तर प्रदेश भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

### पीएम मोदी के खिलाफ दाखिल याचिका पर कानूनी राय के लिए हाईकोर्ट ने दिया समय

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्वाचन के खिलाफ चुनाव याचिका दाखिल करने में हुई देरी पर कानूनी राय के लिए याची को समय प्रदान किया है। साथ ही सुनवाई के लिए 18 अक्टूबर की तारीख लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह ने बीते लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नामांकन करने वाले विजय नंदन की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि चुनाव याचिका पहली बार गत तीन सितंबर को पेश की गई थी। याचिका पर यह रिपोर्ट की गई है कि यह समय सीमा से 19 दिन बाद की है। कोर्ट ने याची से पूछा कि क्या वह इस पहलू पर कानूनी राय लेना चाहते हैं या समय लेना चाहते हैं। याची ने समय की मांग की। इस पर कोर्ट ने याचिका को 18 अक्टूबर को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। चुनाव याचिका में प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा चुनाव में निर्वाचन को चुनौती दी गई है। याचिका के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी ने विजय नंदन का नामांकन खारिज कर दिया था। जनहित पार्टी से जुड़े मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के निवासी विजय नंदन का कहना है कि निर्वाचन अधिकारी ने उनका नामांकन गलत तरीके से खारिज किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### तिरुपति प्रसादम मामले में केंद्र ने आंध्र सरकार से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसादम में पशु चर्बी की मिलावट को लेकर आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट तलब की है। जेपी नड्डा के शुक्रवार को मीडिया के एक सवाल पर कहा कि डिजिटल मीडिया से जानकारी मिली कि प्रसादम में पशु की चर्बी सहित अन्य तामसिक पदार्थ की मिलावट पाई गई है। इस संबंध में हमने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से जानकारी मांगी है। साथ ही प्रसादम में मिलावट की पुष्टि करने वाली लैब जांच रिपोर्ट भी मांगी है। इसके अलावा स्थानीय फूड रेगुलेटर से भी प्रसादम मामले की रिपोर्ट तलब की है। नड्डा ने कहा कि मामले की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रतिबंधित केवाईसीएल के तीन उग्रवादी हुए गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में उग्रवादियों और अवैध हथियारों के खिलाफ सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान लगातार जारी है। सुरक्षा बलों ने छापेमारी के दौरान पश्चिमी इंफाल जिले से प्रतिबंधित गुट केवाईकेएल के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पूर्वी इंफाल जिले से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार पश्चिम इंफाल जिले के घारी आवांग लेइकई से गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों में मैबम ब्रॉनसन सिंह उर्फ नाम्बा (24), युमनाम लांसेंबा उर्फ नाओबा (21) और सौबम मेइतेई (52) हैं। पुलिस ने कहा कि यह उग्रवादी सेकमई और थांगमेईबंद इलाकों में जबरन वसूली में शामिल थे। इनके पास से एक मैगजीन समेत 9 एमएम की एक पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस, पांच मोबाइल फोन और एक चार पहिया वाहन जब्त किया गया है।

### सेंसेक्स पहली बार 84 हजार के पार, निफ्टी ने बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में अप्रत्याशित आधी फीसदी की कटौती करने से एशियाई बाजारों में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स पहली बार 84 हजार अंक के पार पहुंच गया और निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड बनाया। बीएसई का तीस शसेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1359.51 अंक अर्थात 1.63 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ 84,544.31 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 375.15 अंक यानी 1.48 प्रतिशत की छलांग लगाकर 25,790.95 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

### नीट पेपर लीक केस में छह के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने नीट यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में छह के खिलाफ दूसरा आरोपपत्र दाखिल किया है। यह आरोप पत्र पटना में सीबीआई मामलों की विशेष अदालत के समक्ष दाखिल किया गया है। सीबीआई के मुताबिक, यह दूसरा आरोप पत्र बलदेव कुमार उर्फ चिंटू , सनी कुमार , डॉ. अहसानुल हक (प्रधानाचार्य, ओएसिस स्कूल, हजारीबाग और हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर) , मो. इम्तियाज आलम (उप-प्रधानाचार्य, ओएसिस स्कूल और केंद्र अधीक्षक) , जमालुद्दीन उर्फ जमाल (हजारीबाग के एक समाचार पत्र का रिपोर्टर) और अमन सिंह सहित छह आरोपित व्यक्तियों के खिलाफ दायर किया गया है। सीबीआई ने इससे पहले 1 अगस्त को 13 आरोपितों के खिलाफ पहला आरोप पत्र दाखिल किया था।

# कांग्रेस के अंदर दम तोड़ चुका है देशभक्ति का भाव : मोदी

### प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी के विवादास्पद बयानों को लेकर की तीखी आलोचना

एजेंसी

**वार्धा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की हाल की विदेश यात्रा में उनके विवादास्पद बयानों को लेकर कांग्रेस की तीखी आलोचना की और कहा कि आज की कांग्रेस महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं रह गयी है, इस पार्टी में देश भक्ति दम तोड़ चुकी और इस पर नफरत का भूत सवार हो चुका है।

श्री मोदी संसद में नेता प्रतिपक्ष का नाम लिए बिना कहा कि आज कांग्रेस के नेता विदेश जा कर देश विरोधी एजेंडा चलाते हैं और भारतीय संस्कृत तथा यहां के लोगों की आस्था का



अपमान करते हैं। श्री मोदी कारीगरों की सहायता के लिए चल रहे केंद्र सरकार के विश्वकर्मा कार्यक्र पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि यहां वार्धा आश्रम महात्मा गांधी और आचार्य विनोबा भावे जैसे महापुरुषों की कार्यस्थली और सामाजिक प्रयोगशाला रही है। प्रधानमंत्री कहा, आज जो कांग्रेस हम देख रहे हैं, ये वो कांग्रेस नहीं है जिससे कभी महात्मा गांधी जी जैसे महापुरुष जुड़े थे। आज की कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी है। आज की कांग्रेस में नफरत का भूत दाखिल हो गया है। उन्होंने श्री गांधी की हाल की अमेरिका यात्रा में सिखपंथ के लोगों की भारत में स्थिति और अन्य मुद्दों पर उनके विवादास्पद बयानों तथा कथित तौर पर कुछ भारत विरोधी लोगों के साथ उनकी मुलाकातों की ओर संकेत करते हुए कहा, आप देखिए, आज कांग्रेस के लोगों की भाषा, उनकी बोली, विदेशी धरती पर जाकर उनके देशविरोधी एजेंडे, समाज को तोड़ना, देश को तोड़ने की बात करना, भारतीय संस्कृति और आस्था का अपमान करना, ये वो कांग्रेस है, जिसे टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल के लोग चला रहे हैं।

### कांग्रेस का शाही परिवार देश का सबसे भ्रष्ट परिवार

मोदी ने कहा, आज देश की सबसे बेईमान और सबसे भ्रष्ट कोई पार्टी है, तो वह कांग्रेस पार्टी है। देश का सबसे भ्रष्ट परिवार कोई है, तो वो कांग्रेस का शाही परिवार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र की धरती गवाह है, आज़ादी की लड़ाई में लोकमान्य तिलक के नेतृत्व में गणपति उत्सव भारत की एकता का उत्सव बन गया था। गणेश उत्सव में हर समाज, हर वर्ग के लोग एक साथ जुड़ते थे। इसीलिए, कांग्रेस पार्टी को गणपति पूजा से भी चिढ़ है। मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस का तुष्टिकरण का भूत जाग उठा, कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी। श्री मोदी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक में गणपति शोभा यात्रा पर हमले और विघ्न की घटना का भी जिक्र किया और कहा, तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस कुछ भी कर रही है। आपने देखा है, कर्नाटक में तो कांग्रेस सरकार ने गणपति बप्पा को ही सलाखों के पीछे डाल दिया। गणपति की जिस मूर्ति की लोग पूजा कर रहे थे, उसे पुलिस वैन में कैद करवा दिया।

### जमानत पर बाहर आए रेप के आरोपी ने की पीड़िता की गोली मारकर हत्या

**लखनऊ।** दुष्कर्म का आरोपी और जमानत पर जेल से बाहर आए एक व्यक्ति ने दुष्कर्म पीड़िता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार कर इस मामले की जांच शुरू की है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने कहा, कैला देवी थाना क्षेत्र में 18 सितंबर की रात एक नाबालिग लड़की की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी जिसमें दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।उन्होंने बताया कि इस घटना में एक आरोपी रिंकू (20) मृतक के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी है। दुष्कर्म का मामला गाजियाबाद के एक पुलिस थाना में फरवरी में दर्ज किया गया था और आरोपी इस महीने की शुरुआत में जमानत पर जेल से बाहर आया था। परिवार का आरोप है कि रिंकू और उसके साथी ने उन्हें रास्ते में रोका और गोली चला दी। पुलिस अधिकारी ने कहा, हम गोली चलाने की घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। उस इलाके का सीसीटीवी फुटेज भी जुटाया जा रहा है।

## गायत्री प्रजापति को नहीं मिली राहत, जमानत याचिका खारिज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** महिला से गैंगरेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की जमानत याचिका इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी है।

दरअसल, एमपी-एमएलए कोर्ट ने 12 नवंबर 2021 को महिला से गैंगरेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, वहीं अन्य अभियुक्तों को आशीष शुक्ल और अशोक तिवारी भी दोषी पाया है जबकि चंद्रपाल, विकास वर्मा, रूपेश्वर और अमरेन्द्र सिंह पिंटू को निर्दोष बताया था। बता दें कि महिला से गैंगरेप और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। वहीं इस केस में पूर्व खनन मंत्री गायत्री ने कोर्ट से अर्जी देकर केस की तारीख को बढ़ाने की अपील की थी। आरोपी ने कोर्ट से मांग की थी मामले की सुनवाई किसी अन्य राज्य में किया जाए। वहीं इस मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।



मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दाखिल कर चुनौती दी गई है। फिलहाल कोर्ट ने दोषी पाया था अब इस मामले में आरोपियों को 12 नवंबर 2021 को सजा सुनाई थी। गौरतलब है कि गायत्री पहले से ही सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 15 मार्च 2017 से जेल में हैं। वहीं पीड़िता एमपी एमएलए कोर्ट में गायत्री प्रजापति पर लगाए गैंगरेप के आरोपों से मुकर चुकी है। गवाह अंशु गौड़ ने इस मामले कोर्ट से में अर्जी देकर अपील की थी पीड़िता को भारी भरकम लालच दिया गया उसके नाम से कई प्लाटों की रजिस्ट्री की गई है। जिससे उसने अपने बयान को बदलने के लिए राजी किया गया है। उसके बाद भी कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### लालू प्रसाद पर मुकदमा चलाने की मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया कि उसने कथित 'नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद पर मुकदमा चलाने को लेकर संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित मंजूरी प्राप्त कर ली है। सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत को बताया कि मामले में करीब 30 अन्य आरोपी हैं, जिनके लिए अभियोजन की मंजूरी का इंतजार है और उसने अदालत से अनुरोध किया कि अपेक्षित दस्तावेज हासिल करने के लिए उसे 15 दिन का और समय दिया जाए। अदालत ने सीबीआई को अन्य आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को तय की। यह मामला मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है।

## खालिस्तानी गैंगस्टर नेटवर्क पर एनआईए की चार जगह छापेमारी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने शुक्रवार को खालिस्तानी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पंजाब में चार जगह छापे मारे। एनआईए ने यह कार्रवाई वांछित आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के इशारे पर सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट डालकर लोगों को भड़काने वालों के खिलाफ की है। एनआई की टीम पंजाब में दो जगह ड्राइवरों के घर पहुंची। इस दौरान एक परिवार से पूछताछ के बाद 2 मोबाइल फोन भी टीम साथ ले गई। साथ ही उन्हें 30 सितंबर को चंडीगढ़ तलब किया है।

एनआईए की तरफ से यह कार्रवाई खालिस्तान समर्थक और उनके करीबियों पर की जा रही है। पिछले साल इस संबंध में दिल्ली में केस दर्ज किया गया था। एनआईए की टीम आज सुबह





मोगा जिले के गांव बिलासपुर में कुलवंत सिंह (42) के घर पहुंची। कुलवंत सिंह रामपुरा की सीमेंट फैक्ट्री में बतौर चालक काम करता है। उस पर आरोप है कि वह सोशल मीडिया में खालिस्तानी गतिविधियों से जुड़ी पोस्ट डालता है। एनआईए की टीम ने कुलवंत और उसके परिवार से दो घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान घर के अंदर किसी को जाने की अनुमति नहीं थी। एनआईए की टीम ने कुलवंत सिंह से जुड़ी सारी चीजों की पड़ताल की। इस बीच एनआईए की टीम बठिंडा जिले के रामपुरा फूल पहुंची। वहां पर लाडी नामक ट्रक चालक के परिवार से पूछताछ की गई।

### मणिपुर में तबाही टली, सेना ने सात आईईडी किया बरामद

**कोलकाता।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले के बोंगजंग और इथम गांवों के पहाड़ी क्षेत्रों में भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस ने एक व्यापक अभियान में सात इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए गए हैं। इससे बड़ी आपदा टल गई और कई निर्दोष लोगों की जान बच गई। कोलकाता स्थित पूर्वी कमान के मुख्यालय फोर्ट विलियम से बताया गया है खुफिया सूचना के आधार पर भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस की टुकड़ियों ने तेजी से कार्रवाई की और सेना के विस्फोटक खोजी कुत्तों के साथ मिलकर तलाशी अभियान शुरू किया। इस अभियान के दौरान लगभग 28.5 किलोग्राम वजन के सात आईईडी बरामद किए गए। भारतीय सेना के इंजीनियर्स की टीम ने इन आईईडी को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय किया। इस सफलता से संभावित बड़े हादसे को रोका गया और निर्दोष नागरिकों की जान बचाई गई।

## बस व ट्रक की जोरदार भिड़ंत में आठ की मौत

### हादसे में 16 अन्य लोग घायल, चार की हालत गंभीर

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में जालना-बीड मार्ग पर शाहगढ़ गांव के पास शुक्रवार को राज्य परिवहन निगम की बस और ट्रक में टक्कर होने से छह बस यात्रियों समेत आठ लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब अंबेजोगाई डिपो की बस जालना की ओर जा रही थी और ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था।

छह यात्रियों और ट्रक में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घायल यात्रियों में से चार की हालत गंभीर बताई गई है। सूत्रों ने बताया कि उन्हें अंबाड और जालना के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर वाहनों का आवागमन रुक गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इस बीच, महाराष्ट्र के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे ने सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक बयान में राज्य परिवहन निगम के बस चालक बंडू बरगाजे की मौत पर भी दुख व्यक्त किया।

जिला सर्जन डॉ. राजेंद्र पाटिल ने बताया कि 16 घायलों में से नौ को जालना के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

बाकी सात यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अंबाड के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संरक्षक मंत्री मुंडे ने पुलिस अधिकारियों से दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद जालना जिला प्रशासन को फोन पर घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं।

### बीएसएफ जवानों की बस खाई में गिरी, तीन की मौत

**बडगाम।** मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के वाटरहेल इलाके के पास ब्रेल गांव में शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में बीएसएफ के तीन जवानों की मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार 29 बीएसएफ जवानों को ले जा रही एक बस के चालक ने बडगाम के ब्रेल गांव में नियंत्रण खो दिया और बस सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई। इस हादसे में बीएसएफ के एक जवान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 28 अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस बचाव दल ने नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान दो घायल जवानों ने दम तोड़ दिया। अन्य घायल जवानों का उपचार अस्पताल में जारी है।

## गया जा रही बस मारकुंडी घाटी में पलटी, 25 श्रद्धालु घायल

### सीएम ने लिया संज्ञान राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश

समृद्धि न्यूज

**सोनभद्र।** छत्तीसगढ़ से 65 श्रद्धालुओं को लेकर प्रयागराज होते हुए गया जा रही बस सोनभद्र जिले के मारकुंडी घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 25 श्रद्धालु घायल हो गए। जिसमें एक महिला का पैर कट गया और दूसरे व्यक्ति के हाथ की उंगली कट गयी।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में हुए सड़क दुर्घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। इस सम्बंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर डॉ. चारू द्विवेदी ने शुक्रवार को बताया कि छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिला के कवर्धा गांव के 65 श्रद्धालु डबल डेकर बस पर सवार होकर प्रयागराज होते हुए गया के लिए निकले थे। जिले के वैष्णो मंदिर डाला पर रूकी थी, जहां पर बस के सभी स्टॉफ व यात्रियों ने खाना खाया। उसके बाद सभी यात्री बस में बैठकर प्रयागराज के लिए निकले थे। शाम साढ़े चार बजे बस जैसे ही मारकुंडी घाटी पहुंची, तभी एकाएक अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटने पर सवारियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सुचना पर राबर्ट्सगंज कोतवाल व एडीशनल एसपी पुलिस फोर्स के साथ मौके पहुंचे। पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया।

**मुलाकात** केंद्रीय गृह मंत्री ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर नक्सली हिंसा पीड़ितों से की मुलाकात

## 2026 से पहले देश से पूरी तरह से समाप्त होगा नक्सलवाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार 31 मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर देगी। शाह ने वामपंथी उग्रवादियों से हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की और कहा कि अन्यथा उनके खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाएगा।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर छत्तीसगढ़ के नक्सली हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की। इनमें बस्तर शांति समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के नक्सली हिंसा से प्रभावित 55 लोग शामिल थे। बस्तर शांति समिति ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद से पीड़ित लोगों की व्यथा को दर्शाने वाली एक डॉक्यूमेन्टरी भी दिखाई। नक्सली हिंसा से पीड़ित कुछ लोगों ने गृह मंत्री को अपनी व्यथा भी बताई। नक्सली हिंसा से पीड़ित लोगों से संवाद के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद की हिंसा के शिकार ये लोग अपने मानव अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं।

इनकी पीड़ा देख मन अत्यंत व्यथित है। उन्होंने कहा, मानवता के दुश्मन नक्सलवाद ने कैसे इन लोगों के जीवन को उजाड़ दिया। इनका यह दुःख ह्यूमन राइट्स का एक तरफा शोर मचाने वाले लोगों के दोगलेपन को भी दर्शाता है। गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलियों के मानवाधिकार का पक्ष लेने वालों को इससे पीड़ित होने वालों का मानवाधिकार देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के हाथों मारे गए उग्रवादियों के ह्यूमन राइट्स की बात करने वाले लोगों को बिना आंख, बिना हाथ, बिना पैर के जीवन जीने के लिए मजबूर इन लोगों के ह्यूमन राइट्स नजर नहीं आते। उन्होंने नक्सलियों से अपील करते हुए कहा कि वे कानून के सामने आत्मसमर्पण करें और अपने हथियार छोड़ दें। पूर्वोत्तर और कश्मीर में कई जगहों पर कई लोगों ने अपने हथियार छोड़ दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आपका भी स्वागत है लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो हम इसके खिलाफ अभियान शुरू करेंगे और इसमें सफलता भी मिलेगी।

### नक्सलवाद, मानवता व देश की सुरक्षा के लिए खतरा

शाह ने कहा कि नक्सलवाद, मानवता और देश की आंतरिक सुरक्षा, दोनों के लिए ख़तरा है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार वामपंथी उग्रवाद से पीड़ित लोगों के समग्र विकास के लिए अगले तीन महीनों में योजना लाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित लोगों को चिकित्सा, रोज़गार और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभ मिल सकेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास योजनाओं के माध्यम से मोदी सरकार ने नक्सलियों को संदेश दिया है कि मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है।

# बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे प्रभारी मंत्री

**बांटी राहत सामग्री, दिया मदद का भरोसा, पूरी मदद मिलेगी, सरकार आपके साथ खड़ी : प्रभारी मंत्री**



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जिले के प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग उप्र नितिन अग्रवाल ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, एडीएम संजय कुमार सिंह संग जिले की तीन तहसीलों गोला, निघासन और धौरहरा के बाढ़, कटान प्रभावित गांवों में पीड़ितों का हालचाल लिया। राहत सामग्री देने के साथ ही हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल जिले में बाढ़ के हालात का जायजा लेने के उद्देश्य से सर्वप्रथम गोला तहसील के परिषदीय विद्यालय पूजागांव आषाढी पहुंचे, जहां उन्होंने पूजागांव आषाढी और करसोर गांव के बाढ़ पीड़ितों से बातचीत कर हालचाल जाना और खाद्यान्न किट भी प्रदान की। कहा कि इस विभीषिका में सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने मुझे आपका दुख दर्द जानने यहां भेजा है। प्रभावित क्षेत्रों में हर प्रकार की सुविधा, सहायता प्रदान करने में कोई कमी नहीं रहेंगी। उन्होंने प्रभावितों से जाना कि उन्हें फसलों का मुआवजा और खाद्यान्न किट मिली है। जवाब आया हां, साहब मिली है। मंत्री के पूछने पर एसडीएम (गोला) विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण में जुलाई माह में आई बाढ़ से प्रभावितो को अनुमन्य मकानक्षति संबंधी मुआवजा, कृषि निवेश प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग कटान स्थल पर जाकर हालत देखे। उन्होंने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से बातचीत की, ग्रामीणों ने उन्हें कटान से होने वाले नुकसान के बारे में बताया।

### माथुरपुर पहुंचे प्रभारी मंत्री, देखा कटान का हाल

इसके बाद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक शशांक वर्मा, डीएम, एसपी संग करीब 01.25 बजे तहसील धौरहरा के ग्राम माथुरपुर, मजरा सुजानपुर पहुंच कटान रोकने के लिए बाढ़खंड द्वारा कराए जा रहे फ्लड फाइटिंग कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ईई बाढ़ खंड अजय कुमार ने नक्शे के माध्यम से पूरे परिदृश्य को रेखांकित किया। मंत्री ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से बातचीत की, ग्रामीणों ने उन्हें कटान से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बाढ़ और कटान ग्रस्त क्षेत्रों में स्वयं पहुंचकर हम प्रभावित परिवारों से मिल रहे हैं और उनका दुख बांट रहे हैं। बाढ़ से पीड़ित लोगों की हर संभव सहायता के लिए प्रदेश सरकार पूरी तन्मयता के साथ कार्य कर रही है। सरकार हर परिस्थिति में आपके साथ है। राशन किटों के माध्यम से परिवारों को राहत प्रदान की जा रही है।

### धरी रह गई तैयारी नहीं आए मंत्री जी

गांव करसौर निवासी श्री कृष्ण, जगतपाल, आदित्य कुमार आदि कई लोगों ने बताया के गांव शारदा नदी के मुहाने पर खड़ा है शारदा नदी बराबर कटान कर रही है अगर प्रभारी मंत्री जी गांव आ जाते हैं और कटान देख लेते तो शायद हम लोगों के लिए कोई ना कोई राहत उपलब्ध हो जाती जिस हिसाब से गांव में शारदा नदी का कटान चल रहा है अगर ऐसे चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब करसौर गांव भी धरातल पर नजर नहीं आएगा मंत्री जी के आगमन की खबर सुनकर बहुत से ग्रामीण इकट्ठा थे। गांव में आज हर रास्ते पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई की गई थी। गांव की हर गली रास्ते पर चूना पड़ा था एवं सफाई कर्मियों द्वारा झाड़ू लगाई जा रही थी इससे लग रहा था कि कोई मंत्री ही गांव आने वाला है लेकिन जैसे ही खबर मिली की मंत्री अब करसौर गाँव नहीं आयेगें सफ़ाई कर्मचारियों ने झाड़ू लगाना बन्द कर दिया।

# सुनार को चोरी के जेवरात खरीदने के आरोप में उठा ले गई पुलिस

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को नोएडा पुलिस चोरी के मामले के एक आरोपित की शिनाख्त पर गोला के एक सोने चांदी के व्यापारी को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

बकौल गोला पुलिस आरोपी सुनार अक्सर चोरी के सोने चांदी के जेवरातों की खरीद फरोख्त करता था। पूर्व में कई मामलों में चोरी का माल खरीदने में उसका नाम शामिल रहा है। बता दें कि नोयडा में एक बड़ी चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्धों व आरोपितों को गिरफ्तार किया था। जिनमें एक आरोपी की निशानदेही पर नोएडा पुलिस की टीम शुक्रवार को गोला पहुंची।

जहां थाने से पडताल करने के बाद आरोपित सुनार की खुटार रोड स्थित दुकान पर पहुंची। जहां आरोपी की शिनाख्त पर दुकानदार अतुल राजपूत को नोएडा पुलिस ने धर दबोचा। इसके बाद उसे अपने साथ नोयडा ले गई। वहीं दुकानदार के परिवारजन मीडिया से इस मामले पर कुछ भी बताने से गुरेज करते नजर आए।

प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र पांडे ने बताया। कि नोएडा की किसी घटना में शामिल अभियुक्त की निशानदेही पर नोएडा पुलिस गोला से एक आरोपित सुनार को गिरफ्तार करके ले गई है।

# अब पेड़ी के साथ आयेंगी शरदकाल की पर्चियां

**सचिव अजित प्रताप सिंह ने किसानो से अनुरोध किया की वह ट्रेंच विधि से करें बुवाई**



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय चीनी मिल अजबापुर द्वारा इन दिनों उपज बढ़ाओ इनाम पाओ योजना के तहत प्रदर्शन प्लाटो पर किसानो को शरद काल में गन्ना बुवाई की उपयोगिता के बारे में बताया जा रहा है। इसी क्रम में रीजन मैगलगंज के फत्तेपुर जोन के अंतर्गत ग्राम छत्तापुर में प्रगतिशील किसान पूरन सिंह के एक एकड़ के अगेती प्रजाति 0238 के 16 फिट लम्बे गन्ने के प्रदर्शन प्लाट पर सैकड़ो किसानो की उपस्थिति में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अविनाश कुमार त्रिपाठी व समिति सचिव अजित प्रताप सिंह ने किसानो से अनुरोध किया की वह ट्रेंच विधि से करें बुवाई, शरद काल में लाभ है भाई आलू, गोभी, मूली, साथ लगायें, भरपूर उत्पादन पायें। वहीं रीजनल हेड रमेश चौधरी ने किसानो से अनुरोध किया कि अगर भरपूर उत्पादन पाने के लिये इस समय की बुवाई सबसे अच्छी मानी जाती है। एक ओर जहाँ इस समय की बुवाई में बीस से तीस प्रतिशत उत्पादन बढ़ता है वही दूसरी ओर जमाव अच्छा होने के साथ- साथ रोग भी कम लगते है तथा पर्चीयाँ भी पेड़ी के साथ दी जाती है।

इस अवसर पर ज़ोनल इंचार्ज पंकज सिंह, नवनीत, रंजीत शुक्ला, पप्पू सिंह, सेवा सिंह, बाबा सिंह कामदार बन्नी सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में तीन व्यक्ति हुए घायल



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भीरा थाना क्षेत्र के बसतौली गांव में शुक्रवार को दो बाइक सवारों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में तीन व्यक्ति घायल हो गए।

बताया जाता है अनीश व नावेद बसतौली नहर के पास से अपने घर जा रहे थे जैसे ही नहर से घर के लिए मुड़े तभी अम्बरा निवासी पप्पू प्रजापति ने टक्कर मार दी दोनो गाड़ियों मे टक्कर इतनी तेज हुई कि बाइको पर सवार तीनो व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने डायल112 पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी,सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया, दोनो बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

ग्रामीणों ने बताया किसी भी वाहन चालक ने हेलमेट नही पहना था यदि हेलमेट पहने होते तो सर में गंभीर चोटें नही आती।

# दूरस्थ शिक्षा माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश पूर्व परामर्श सत्र कार्यक्रम का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय गोला में स्थिति केन ग्रोअर्स नेहरु पी.जी. कालेज, खुटार रोड स्थित श्री गुरु हरिकिशन डिग्री कालेज, श्रीगुरु नानक कन्या महाविद्यालय में प्रवेश पूर्व परामर्श सत्र कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से प्रवेश पूर्व परामर्श कार्यक्रम की शुरुआत गोला नगर के सबसे प्राचीन महाविद्यालय केन ग्रोअर्स नेहरू पी.जी. कालेज से की गई। कार्यत्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ नीरांजलि सिन्हा ने सभी विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा की उपयोगिता व उससे होने वाले दूरगामी लाभ के विषय में जानकारी दी। साथ ही घर घर व द्वार द्वार तक शिक्षा की जानकारी पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में कालेज प्राचार्य डा पंकज सिंह, अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ पीयूश कुमार शुक्ल ने प्रो. विवेक कुमार सिंह, डॉ मनोज कुमार सरोज, डा अमित कुमार यादव, अनिल सिंह, प्रदीप कुमार, प्रशांत गिरि, श्रीगुरु हरिकिशन कालेज के प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह, डॉ. आदर्श दीक्षित, पदुमकांत मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, सुधाकर मिश्र, श्वेतांक सक्सेना, आकाश शर्मा, वेदिका पुरवार, कन्हैया लाल मिश्रा, सुनील गुप्ता, श्वेता गुप्ता, अरुण शुक्ला, श्री गुरुनानक कन्या महाविद्यालय के डॉ. अंजू भोगल, डॉ. हिमांशू शुक्ला, डॉ. सीमा पाठक, शालिनी मिश्रा, धनेन्द्र कुमार वर्मा सहित तमाम शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों के चलते युवक ने गोली मारकर की खुदकुशी

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

दो वर्ष से लखनऊ में आशियाना बनाए रह रहे डलुआपुर गांव के युवक ने बीती रात गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव को देखते ही गांव में कोहराम मच गया।

मितौली थाना क्षेत्र के गांव डलुआपुर के रहने वाले युवक राघवेन्द्र सिंह उर्फ सोनू पुत्र धीरेन्द्र सिंह उम्र 32 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते असलहा सीने से सटाकर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। लगभग दो साल से परिवार लखनऊ के गोमतीनगर में रह रहा था। बताते हैं कि गुरुवार को सोनू शाम को ही सो गया था।रात 11.30 बजे करीब



सोकर उठा,और खाना खाया। उसके बाद अपनी मां से रुपए लेकर पान मसाला लेने के लिए घर से निकला। थोड़ी देर बाद लाबी से फायर की आवाज सुनकर पत्नी व मां बाहर आए तो देखा,सोनू लहूलुहान पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे शव को देखते ही कोहराम मच गया। म्रतक राघवेन्द्र सिंह अपने पीछे पत्नी व एक 5 वर्ष का बेटा छोड़ गया। ग्रामीणों ने बताया कुछ वर्ष पूर्व सोनू के पिता धीरेन्द्र सिंह ने भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।

# पशुपालन विभाग का पशु चिकित्सा शिविर आयोजित



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पशु चिकित्सा अधिकारी लखीमपुर खीरी डॉ जगदीश प्रसाद के दिशा निर्देशन में ग्राम रुद्रपुर सलीम विकासखंड ईसानगर मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन क्षेत्र पंचायत सदस्य उमेश कुमार , ओमकार अवस्थी देवेंद्र कुमार सिंह पूर्व प्रधान महेश मौर्या द्वारा गौमाता का पूजन एवं पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कैंप के दौरान पशु चिकित्साअधिकारी नकहा डॉ मनीष कुमार द्वारा पशुओं के रखरखाव विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण गला घोटू, खुरपका, मुखपका, एवं लंपी स्किन, डिजीज टीकाकरण एवं इनके होने पर पशुओं में पाए जाने वाले लक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी डॉ राकेश कुमार उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी धौरहरा द्वारा दी गई। कृत्रिम गर्भाधान एवं उसके फायदे सेक्स सार्टेड सीमेन जिसके कृत्रिम गर्भाधान से सिर्फ बछिया ही पैदा होगी इसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। संतुलित पशु आहार नवजात शिशु देखभाल सीजनल हरे चारे एवं उनके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान कैंप मे पशुपालन विभाग से पशुधन प्रसार अधिकारी वीरेंद्र कुमार वर्मा , चरण सिंह तोमर, पशु औषधिक महादेव प्रसाद, पशु मित्र धर्मेंद्र कुमार, तेजपाल निराला, एवं वैक्सीनेटर साथ-साथ पशुपालक भाई उपस्थित रहे। कैंप में आए 155 पशुपालकों के 715 गाय भैंस एवं भेड़ की चिकित्सा की गई जिसमें कर्मी नाशक दवा, सामान्य चिकित्सा बधियाकरण करण गर्भ परीक्षण सेवाएं उपलब्ध कराई गई। कैंप में आए समस्त पशुपालक भाइयों को डॉ प्रदीप कुमार पशु अधिकारी ईसानगर ने धन्यवाद दिया।

# जुआ खेलते 12 व्यक्ति गिरफ्तार कब्जे से 40 हजार रुपये बरामद

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

**स्थानीय लोगो का कहना था कि बड़े स्तर पर हो रहा था जुआ**

पुलिस ने कोतवाली अंतर्गत जुआ खेलते हुए 12 व्यक्तियो को गिरफ्तार कर कब्जे से 40 हजार रुपये बरामद कर वाहवाही लूटी है। पुलिस के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गोमती नदी बृहद ग्राम सैदापुर निवासी शिवमनी सिंह पुत्र रामदेव, शिवराज सिंह पुत्र जगनू सैदापुर, भानुसिंह पुत्र विमलेश सिंह निवासी गदमापुर, दीपक वर्मा पुत्र ब्रम्हादीन वर्मा, बौधिखुर्द शमीम पुत्र हसीन निवासी पूर्वी लखपेड़ा, शैलेन्द्र शुक्ला पुत्र विजय बहादुर शुक्ला निवासी रायपुर एल, मो0 गयास पुत्र मासूक अली मोहल्ला सरैयां, आलोक सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी गदमापुर, अफरोज पुत्र कल्लू निवासी नई बस्ती, मोहित शुक्ला पुत्र उमाकान्त शुक्ला निवासी बाजार गंज, सौरभ वर्मा पुत्र शिव कुमार वर्मा निवासी ब्रह्मदेव आश्रम, राजेन्द्र प्रसाद पुत्र अशर्फी लाल रायपुर को गिरफ्तार कर 32500 रुपये फड़ में तथा जामा तलाशी में 7500 रुपये बरामद किए है।

बता दे स्थानीय लोगो का कहना था कि जुआ बड़े स्तर पर हो रहा था जिसमे कई और लोग भी शामिल थे और इससे ज्यादा की रकम हड़प की गई थी।

## जन्मदिन पर परिषदीय विद्यालय में बच्चों को उपहार देकर शुरू किया स्वच्छता पखवाड़ा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** समाजसेवी व भाजपा नेता ने अपना जन्मदिन परिषदीय विद्यालय के बच्चों के साथ मना कर मिष्ठान्न और गिफ्ट वितरण किया। इसके साथ ही स्वच्छता पखवाड़े के तहत भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, जिलामंत्री रामसागर कनौजिया बलवंत प्रजापति एवं जिलापंचायत सदस्य मनोज सोनी के साथ विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया। क्षेत्र के कर्मठ समाजसेवी युवा भाजपा नेता नीरज वर्मा ने शुक्रवार को अपना 29 वां जन्मदिन प्राथमिक विद्यालय करोरा के बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी पत्नी सुरभि सिंह के साथ विद्यालय परिसर में स्वच्छता पखवाड़े के तहत साफ सफाई और वृक्षारोपण भी किया। इसके साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं आंगनबाड़ी के बच्चों को मिष्ठान से भरा टिफिन बॉक्स भेंट किया। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता ने कहा कि अपना जन्मदिन बच्चों के बीच मनाकर खुशी महसूस कर रहा हूं।

# विद्यालयों को निपुण बनाने की कार्ययोजना पर कार्य करें शिक्षक: सीडीओ

**जिले को शीघ्र निपुण जिला बनाने के लिये शिक्षक सकारात्मक ऊर्जा के साथ करें शिक्षण कार्य**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में जनपदीय निपुण उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ अभिषेक कुमार ने बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीओ भारत प्रसाद, एआरटीओ डॉ. कौशलेंद्र एवं पी डी शोभनाथ चौरसिया के साथ दीप जलाकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में बीएसए प्रवीण तिवारी ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पीपीटी के जरिए विभागीय कार्यों की जानकारी दी।

### तीन शिक्षकों ने नवाचार पर दिया प्रस्तुतीकरण, हुए सम्मानित

आयोजित कार्यक्रम में यूपीएस जगसढ़ की सहायक अध्यापक राज्य पुरस्कार विजेता संगम वर्मा, पीएस राजपुर की प्रधानाध्यापिका ऋतु अवस्थी, पीएस सनिगवां के सहायक अध्यापक जसपाल सिंह ने नवाचार पर सभी के समक्ष अपना प्रस्तुतिकरण दिया। इन शिक्षकों को शैक्षिक नवाचार के क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु सम्मानित भी किया गया।



### नवाचार के छोड़े तीर, बदले शिक्षण की तस्वीरः सीडीओ

मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि नवाचार इंसान के स्वभाव में शामिल है और यह काम कोई शिक्षक करे तो उसका लाभ उसका एक शिष्य नहीं बल्कि पीढियां उठाती है, पूरा समाज उठाता है। शिक्षक महज तीन अक्षरों का शब्द है, लेकिन इसका प्रभाव ऐसा है कि इसमें इंसान का दिल-दिमाग, आचार-विचार में आमूल बदलाव लाने की ताकत है। बच्चे को मायूसी के भंवर जाल से निकालकर उत्साह के समंदर में तैरने लायक बनाने की शक्ति है। यही वजह है कि शिक्षक को पीढ़ी निर्माता कहा जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक नवाचार के तीर छोड़कर शिक्षण की तस्वीर बदलने का काम करें।

### परिषदीय शिक्षकों ने ली शपथ खीरी को बनाएंगे 'निपुण,

परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा का अनुकरणीय वातावरण बनाकर लखीमपुर खीरी को निपुण जिला के रूप में स्थापित करने की दिशा में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर शुक्रवार को जनपदीय निपुण उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ, जिसमें सीडीओ अभिषेक कुमार की उपस्थिति में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने 'लखीमपुर खीरी को निपुण जिला' बनाने का संकल्प लिया। शिक्षकों को यह शपथ सीडीओ अभिषेक कुमार ने दिलाई।

### पांच नवाचारी/निपुण विद्यालय के लिए शिक्षक सम्मानित

कार्यक्रम में सीडीओ अभिषेक कुमार ने जिले के 05 नवाचारी/निपुण विद्यालय के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले विद्यालयों में बेहजम विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रतसिया, प्राथमिक विद्यालय पैला व प्राथमिक विद्यालय जैतापुर, नकहा विकास क्षेत्र का प्राथमिक विद्यालय गुलरीपुरवा, फूलबेहड़ विकास क्षेत्र का इच्छारामपुरवा रहे।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सभासदों को दिलाई शपथ



**निघासन-खीरी।** नगर पंचायत कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ ने प्रेसवार्ता कर सभासदो को स्वच्छता की शपथ दिलाई व नगर पंचायत को साफ सुथरा बनाने की अपील की व मुख्य चौराहे पर साफ सफाई के प्रति सजग रहने के लिये झाड़ू लगाकर प्रेरित किया। नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य व ईओ दिनेश शुक्ला ने सभी पत्रकारो के साथ प्रेसवार्ता कर अपने सभासदो के साथ स्वच्छता पखवाडा के तहत सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई व ईओ व नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्वयं नगर पंचायत की साफ सफाई करते हुये कस्बे के मुख्य चौराहे पर झाड़ू लगाकर लोगो को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया।इस दौरान मुन्ना यूनिक,विनोद वर्मा,असलम खान,पिंटू वर्मा,राजू गिरि, दयाशंकर पाल सहित सभी वार्ड सभासद मौजूद रहे।

**सूचना**

मै रामरती उर्फ रामदुलारी पत्नी स्वः छेदीलाल निवासी बुधई का पुरवा मजरे दरसवां कोतवाली व तहसील सलोन जिला रायबरेली अपने पुत्र बाबूलाल व उनकी पत्नी कुसुम कली व उनके दो पुत्रों के चाल चलन व उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे सारे संबंध समाप्त करती हूं। अब वह अपने कृत्यों का स्वंय उत्तरदायी होगा। यदि वह भविष्य में कोई अपराधिक या अनैतिक कार्य करता है, तो उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है।

**कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 अलीगंज जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक-1125/ई.ई.-3/एल.जे.एस. दिनांक- 20.09.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27.09.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किए जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 27.09.2024 को अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बॉक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 27.09.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of 250mm dia sewer line 30 mtr from H.No 6/128 to H.No.6/134, Janki Puram Vistar, Lko | 5500.00 | Rs. 300 | 07 दिवस |
| 2. | Laying of 250mm dia sewer line 30 mtr from H.No. 4/1224 to H.No 4/238, Janki Puram Vistar, Lko | 5500.00 | Rs. 300 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

# अंग्रेजी शराब के नामी कंपनियों के ब्रांडो के नकली ढक्कनों की बड़ी खेप बरामद

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व मे अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रशासन पुलिस, आबकारी विभाग की संयुक्त टीमो द्वारा चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान गुरुवार की देर शाम आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना फूलबेहड अंतर्गत पंकज जायसवाल पुत्र गुरुशरण जायसवाल निवासी ग्राम अचकापुर के घर दबिश दी



गई।डीईओ राजवीर सिंह ने बताया कि दबिश के दौरान विदेशी मदिरा ब्रांड रॉयल स्टैग के 1636, इम्पीरियल ब्लू के 635,ब्लैंडर्स प्राइड के 233 व मैक्डावल नं01 के 220 ढक्कन अर्थात कुल 2724 नकली ढक्कन बरामद किये गये। पंकज जायसवाल द्वारा उक्त नकली ढक्कनो की सप्लाई बिपिन जायसवाल निवासी-पूरणपूर, जनपद -पीलीभीत को की जानी थी। इस कार्य मे एक और अन्य व्यक्ति गौरव जायसवाल निवासी कोयला वाली गली निकट संकटा देवी ,लखीमपुर भी सम्मिलित है। पंकज जायसवाल को मौके से गिरफ्तार कर उक्त अन्य अभियुक्तो के विरुद्ध थाना फूलबेहड मे भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4),319(2),338,336(3),340(2) व कापीराइट एक्ट की धारा 63 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इस टीम मे अवधेश कुमार ,आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1 सदर,लखीमपुर, श्रवण कुमार पुलिस उप निरीक्षक, थाना फूलबेहड, प्रधान आबकारी सिपाही रामसिंह, श्रीराम, आबकारी सिपाही रूपनाथ, सीमा पटेल व पुलिस आरक्षी विशाल गौड शामिल रहे।

# समाजवादी महिला सभा की बैठक में बनी मतदाता सूची में सुधार की रणनीति

▸ सेक्टर और बूथों को किया जाएगा मजबूत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लखनऊ पर महिला सभा की मासिक बैठक महिला सभा की जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि रूप में महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव रहीं। राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी, जिला उपाध्यक्ष, जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह, प्रदेश सचिव महेश लोधी, बचान सिंह यादव, मीडिया प्रभारी रमेश सिंह रवि मौजूद रहे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा चल रहे 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक मतदाता सूची में नाम बढ़ाने, नामों में संशोधन एवं गलत नामों को कटवाने के निर्देश दिये। महिला सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति करके सेक्टर एवं बूथों को और अधिक मजबूत किया जायेगा। महिला जिला कमेटी द्वारा विधानसभाओं की बैठकें प्रत्येक माह में करके आम जन को पार्टी की नीतियों से अवगत कराना नितान्त आवश्यक है। महिला सभा की बैठक में मुख्य रूप से महिला सभा राष्ट्रीय सचिव मधु यादव, प्रदेश सचिव दीप शिखा, निशा यादव, शालू जौहरी, अनीता श्रीवास्तव, प्रिया जिला महासचिव सुमन रावत, जिला उपाध्यक्ष सुषमा निर्मल, ममता रावत, विमला रावत, सरोजनी अम्बेडकर, सुप्रिया सिंह यादव, रेखा यादव, नगर अध्यक्ष मुन्नी पाल, जिला सचिव सुनीता यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेतृत्व समाज के हर वर्ग का कर रहा विकास : नरेंद्र कश्यप

▸ योगी सरकार उत्तर प्रदेश को बना रही उत्तम प्रदेश : सचान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/प्रयागराज।** मोदी और योगी के नेतृत्व में पिछड़े समाज के 26 लाख छात्र-छात्राओं की शुल्क पूर्ति के लिए 2475 करोड़ रूपये स्वीकृत किए। इसमें 200 करोड़ की धनराशि शादी अनुदान के लिए, 35 करोड़ छात्र छात्राओं को ओ लेबल की शिक्षा देकर रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया। 103 करोड़ की धनराशि से छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराई गई। यह बातें शुक्रवार को आर डी सिंह महाविद्यालय सहसो में भारतीय जनता पार्टी गंगापार द्वारा आयोजित पिछड़ा मोर्चा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कही।

उन्होंने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि 55 प्रतिशत पिछड़े समाज के जीवन कल्याण के लिए भिन्न भिन्न शासन की योजनाएं संचालित की हैं। 41 लाख दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए सरकार भिन्न-भिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। योगी के नेतृत्व में 47 देशों के 25 लाख निवेशकों ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सहयोग किया। संचालन जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा विजय पटेल ने किया। सम्मेलन में सांसद प्रवीण पटेल, विधानपरिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी, पूर्व सांसद केशरी देवी पटेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व फूलपुर चेयरमैन अमरनाथ यादव, जिलाध्यक्ष कविता पटेल, जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी, क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अश्वनी पटेल, मीडिया प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी, पूर्व विधायक प्रभाशंकर पाण्डेय, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य आदि मौजूद रहे।

### सीएम योगी के नेतृत्व में आज तक नहीं हुआ कोई भी दंगा

आज प्रदेश में सर्वाधिक एक्सप्रेस वे, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली व्यवस्था, सड़क आदि योजनाओं से लाभान्वित करने का काम किया। पिछले सरकार में 700 दंगे हुए। आज योगी के नेतृत्व में कोई भी दंगा नहीं हुआ। आज भय मुक्त वातावरण में लोग जी रहे हैं। भाजपा का नेतृत्व समाज का हर वर्ग के विकास उत्थान के लिए दृढ़ संकल्प लिया है। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा गर्भवती महिलाओं को फल, नवजात शिशु को अन्न प्रकाशन, विकलांग बच्चों को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया। फूलपुर विधानसभा उपचुनाव की दृष्टि से प्रभारी मंत्री राकेश सचान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में हर वर्ग का सम्मान है। भयमुक्त, माफिया, अपराध से मुक्त वातावरण बनाने की ओर अग्रसर योगी सरकार उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में काम कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### नशे में युवक ने खुद को गोली से उड़ाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में एक दुकानदार ने खुद के सिर में गोली मारकर सुसाइड कर लिया। घटना के वक्त युवक की मां घर में मौजूद थी। आनन-फानन में उसे लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना गोमती नगर विस्तार की है। जानकारी के मुताबिक युवक नशे का आदी था। इसी वजह से आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गोमती नगर विस्तार के गीतापुरी निवासी राघवेंद्र (28) पुत्र धीरेंद्र सिंह ने खुद को गोली मारी है। मृतक की मां ने बताया कि वह पहले गांव में दुकान चलाता था। दुकान बंद करके वह शहर आ गया। यहां नशे की वजह से उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं रहती थी। पुलिस का कहना प्रारंभिक जांच में अवैध तमंचे से गोली मारने की बात सामने आई है। तमंचा कैसे मिला, इसकी जांच की जा रही है। धीरेंद्र का परिवार मूल रूप से लखीमपुर खीरी का रहने वाला है। यहां किराए के मकान में रहता था।

### राहुल गांधी के खिलाफ सिख समुदाय के लोगों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कथित सिख विरोधी बयान को लेकर सिख समुदाय में भारी आक्रोश है। सिख समुदाय के लोगों ने लखनऊ के जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) पर इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया और राहुल गांधी के बयान की निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी के खिलाफनारे लगाए और उनके बयान को सिख समुदाय के खिलाफ अपमानजनक बताया। सिख समुदाय के नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। इस प्रदर्शन में सिख समुदाय के अलावा विभिन्न संगठनों के लोग भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने कहा, कि सिख समुदाय के खिलाफ इस तरह के बयान बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। राहुल गांधी ने जो कुछ भी कहा, वह उनकी सोच को दर्शाता है।

### ई-रिक्शा से जा रही महिला का जेवरात चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में एक जेवर चोरी की घटना सामने आई है। मलिहाबाद निवासी उज्मा खान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके साथ इ-रिक्शा में सवार दो औरतों ने उनके पर्स से लगभग ढाई लाख रुपये के जेवर चोरी कर लिए। उज्मा खान ने बताया कि वह कल शाम सीतापुर बाई पास से मलिहाबाद के लिए इ-रिक्शा ली थी। रिक्शे में दो और औरतें भी सवार थीं। जब वे मछली मंडी पर उतर गईं, तो उज्मा खान को पता चला कि उनके पर्स से जेवर गायब हो गए हैं। उज्मा खान ने बताया कि रिक्शे में बैठी एक लड़की ने उन्हें बताया कि दोनों औरतों ने उनके पर्स से सामान निकाला है। उज्मा खान ने तुरंत अपना पर्स चेक किया और जेवर गायब पाए। उन्होंने सीतापुर रोड पर वापस जाकर उन औरतों की तलाश की, लेकिन वे नहीं मिलीं। उज्मा खान ने अपने पति को फोन कर घटना की जानकारी दी, जो मलिहाबाद से दुबग्गा आए और उन औरतों की तलाश की, लेकिन वे नहीं मिलीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### सपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता रोली रालोद में शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य व आगरा दक्षिण से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रही रोली मिश्रा तिवारी ने पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा के साथ दिल्ली स्थित राष्ट्रीय लोक दल के केंद्रीय कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार शिक्षा राज्य मंत्री चौधरी जयंत सिंह से भेंट कर राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण कर ली। चौधरी जयंत सिंह ने रोली मिश्रा तिवारी का स्वागत करते हुए कहा कि तेज तर्रार नेत्री के जुड़ने से पार्टी को मजबूती मिलेगी तथा उनके राजनैतिक अनुभव से नारी शक्ति व पार्टी निश्चित तौर पर लाभान्वित होगी पार्टी शीघ्र ही उन्हें अहम जिम्मेदारी देगी। उन्होंने राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में व अन्य प्रदेशों में भी वह संगठन विस्तार को लेकर काफी गंभीरता से कार्य कर रहे हैं और उनकी मेहनत व लगन के परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

### बीकेटी में दबंगों ने युवक को पीटा, तलाश में जुटी पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब इलाके में दबंगों ने एक युवक बुरी तरह पीट दिया। बेहोशी की हालत में सड़क पर छोड़कर फरार हो गए। युवक सब्जी का कारोबार करता है। वो घर से दुबग्गा मंडी के लिए निकला था। होश आने के बाद उसने फोन कर घर वालों को खुद पर हुए हमले की जानकारी दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। बीकेटी थाना क्षेत्र के भैंसामऊ, गाजीपुर गांव निवासी युवक विशाल राजपूत पुत्र जयपाल वर्मा लखनऊ दुबग्गा सब्जी मंडी में जा रहा थे। रास्ते में विशाल को उससे रंजिश रखने वाले अजीत राजपूत, मोहित यादव, हरिपाल यादव ने पकड़ लिए। लाठी डंडों से विशाल को बुरी तरह से पीटा।

विद्युत संविदा कर्मियों ने सत्याग्रह शुरू किया,

### 22000 रुपए मानदेय व नियमित करने की मांग उठाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर लेसा रेजिडेंसी में जोरदार सत्याग्रह किया गया। यह प्रदर्शन लखनऊ जिला अध्यक्ष शिवरतन की अध्यक्षता में चला गया। इस दौरान प्रमुख नेताओं पुनीत राय, माता प्रसाद पांडे, शैलेश चौरसिया, गुड्डू मिश्रा आदि ने हिस्सा लिया। सत्याग्रह के बाद संगठन ने अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल राजभवन द्वितीय के माध्यम से चेयरमैन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संविदा श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 22,000 और लाइनमैन, एसएसओ तथा कम्प्यूटर ऑपरेटरों के लिए 25,000 की मांग की गई। साथ ही हटाए गए निर्दोष कर्मचारियों की पुनः बहाली, असिस्टेंट बिलिंग और राजस्व वसूली कार्यों में स्थानांतरण व छंटनी रोकने की मांग भी की गई। युवा नेता पुनीत राय ने कहा कि संविदा कर्मचारियों को 14 से 16 घंटे काम करने के लिए मजबूर न किया जाए। उन्होंने रिक्त 65,000 पदों पर 5 साल या अधिक समय से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने की भी मांग की। वर्कर्स फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष दिनकर कपूर ने सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि मजदूरों को आधुनिक गुलामी में धकेला जा रहा है।

### बुंदेलखंड महापरिषद के अध्यक्ष का स्वागत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बुंदेलखंड महापरिषद के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के माननीय निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन का स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं सदस्यों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय नागरिकों ने बड़े हर्ष और उत्साह के साथ डॉ जादौन का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में नगर पालिका परिषद की ओर से अध्यक्ष महोदय द्वारा डॉ जादौन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद माननीय निदेशक ने बुंदेलखंड क्षेत्र और सहकारिता क्षेत्र के विकास पर विस्तार से चर्चा की। डॉ जादौन ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र को विकास की दिशा में नए अवसर प्रदान करना बुंदेलखंड महापरिषद की प्राथमिकता है।

### युवती से दुराचार कर व उसे बेच देने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर दिशा निर्देश द्वारा थाना ठाकुरगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर युवती के साथ दुराचार करने वाला एक अभियुक्त कमल कुमार, निवासी थनैतपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर, वादिनी मुकदमा द्वारा तहरीर दी उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भाग ले गया, व कई दिनों तक दुराचार किया, फिर उसे किसी को बेच दिया, लोगों ने भी उसके साथ दुराचार किया गया,बनाम व अन्य 5 अभियुक्तों को मुकदमा पंजीकृत किया गया, इस क्रम (पश्चिम) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धरपकड़ कर रही हैं, थाना ठाकुरगंज निरीक्षक श्रीकांत राय के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपीयों को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

# लोगों की समस्याओं का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता : सीएम योगी

▸ गोरखनाथ मंदिर में सीएम ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं।

जनता दर्शन के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक, जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। पारिवारिक रिश्तों को लेकर विवाद संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि सबसे पहले इसमें सभी पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने की जरूरत है। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा।

### युवाओं ने उठाया बिजली महकमे की भर्तियों का मुद्दा

**लखनऊ।** युवा मंच प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ई. राम बहादुर पटेल की अगुवाई में जनता दरबार पहुंचे युवाओं ने बिजली महकमे में 72 हजार सृजित पदों में से आधे से ज्यादा खाली पदों को तत्काल विज्ञापित करने का मुद्दा उठाया है। युवाओं के प्रतिनिधियों ने ई. राम बहादुर पटेल की अगुवाई में सीएम योगी आदित्यनाथ के ओएसडी से मुलाकात कर उन्हें पत्रक सौंपा। ओएसडी ने युवाओं की मांगों को वाजिब बताते हुए मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने का आश्वासन दिया गया। ई. राम बहादुर पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या 655-अरा-09(अ)ध्याकालि 2024-17-एनजीए 2024 दिनांक 07 अगस्त 2024 में बी ग्रुप लोक सेवा आयोग एवं सी ग्रुप की भर्तियां अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से कराने का प्रस्ताव है। ऐसे में इस शासनादेश को रद्द किए बिना ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) मेरिट से शार्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों का विद्युत सेवा आयोग से साक्षात्कार कराया जाना संभव नहीं है। ऐसे में इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है कि गेट मेरिट लिस्ट में शामिल अभियंताओं को संविदा के तहत विभाग भर्ती करे।

# उप-निर्वाचन का सफल आयोजन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : रिणवा

विधानसभा उप-निर्वाचनः रिटर्निंग अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत विधानसभा उप-निर्वाचन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय लखनऊ के सभा कक्ष में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचनअधिकारी नवदीप रिणवा ने की, जिसमें 10 विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अहम पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री रिणवा ने इस अवसर पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि उप-निर्वाचन का सुचारू और सफल आयोजन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सतर्कता और निष्पक्षता से करना होगा। विधानसभा उप-निर्वाचन के तहत मीरापुर मुजफ्फरनगर, कुन्दरकी मुरादाबाद गाजियाबाद गाजियाबाद, खैर अ.जा. अलीगढ़, करहल मैनपुरी सीसामऊ कानपुर नगर,फूलपुर प्रयागराज, मिल्कीपुर अ.जा. अयोध्या कटेहरी अम्बेडकरनगर तथा मझवां मिर्जापुर निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव संभावित हैं। अधिकारियों को नामांकन, दस्तावेजों की जांच, नाम वापसी, चुनाव चिन्ह आवंटन, डाक मतपत्र, ईटीपीबीएमएस इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन ऑफ पोस्टल बैलट सिस्टम, मतदान प्रक्रिया, ईवीएम संचालन, मतगणना के बारे में व्यापक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र के अंत में एक प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें रिटर्निंग अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया से संबंधित अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

### 15वें वर्ल्ड फायर फाइटर्स गेम्स में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मियों का सम्मान



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डेनमार्क में आयोजित 15वें 'वर्ल्ड फायर फाइटर्स गेम्स-2024 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले फायर कर्मियों को पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार (डीजीपी) ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में सम्मानित किया है। पदक प्राप्त करने वाले कर्मियों को डीजीपी का प्रशंसा चिन्ह प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। इस प्रतियोगिता में उप्र अग्निशमन एवं आपात सेवायें के कर्मियों को 12 पदक प्राप्त हुए हैं। इनमें रायबरेली के लालगंज फायर स्टेशन में नियुक्त मुख्य आरक्षी चालक आनंद प्रताप सिंह ने शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो व सौ गुणे चार मीटर रिले रेस में गोल्ड मेटल हासिल किया है। प्रयागराज के सिविल लाइन फायर स्टेशन में तैनात मुख्य आरक्षी चालक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने चार सौ मीटर व सौ गुणे चार मीटर रिले रेस में गोल्ड और सौ और दो सौ मीटर रेस में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। लखनऊ अग्निशमन मुख्यालय में तैनात आरक्षी फायरमैन जितेन्द्र कुमार यादव जैवलिन थ्रो में गोल्ड, ट्रिपल जम्प में सिल्वर, 67 किलोग्राम भार वर्ग कुश्ती में सिल्वर व डिस्कस थ्रो में ब्रॉज मेडल हासिल किया है।

### कराटे : सैंतीस पदक के साथ लखनऊ रहा चैंपियन, रायबरेली रहा दूसरे नम्बर पर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गुरुद्वारा नाका हिंडोला स्थित खालसा इंटर कॉलेज में आयोजित माध्यमिक विद्यालयी मंडलीय कराटे प्रतियोगिता में 37 स्वर्ण पदक जीतकर लखनऊ ओवरऑल चैम्पियन रहा, जबकि तीन स्वर्ण एवम सात रजत पदक जीतकर रायबरेली दूसरे नम्बर पर रहा। दो स्वर्ण पदक के साथ उन्नाव तीसरे स्थान पर रहा। मंडल स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बालक एवम बालिका वर्ग में 14, 17 एवम 19 आयु वर्ग अंतर्गत अलग अलग भार वर्ग में लखनऊ, रायबरेली एवम उन्नाव के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को खालसा इंटर कालेज प्रबंधक कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती सुखवीन कौर, कॉलेज के चेयरमैन स. चरनप्रीत सिंह बग्गा, जिला खेल समिति के सचिव वेदप्रकाश यादव एवम कॉलेज के प्रधानाचार्य स. वीरेन्द्र सिंह ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एवम कॉलेज प्रबंधक. राजेंद्र सिंह बग्गा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी एवं पदक से वंचित रहे खिलाड़ियों को निराश न होकर जीत के लिए प्रयास को जारी रखने को कहा।इसके लिए श्री बग्गा जी ने राजा ब्रूस एवम स्पाइडर की कहानी से प्रेरणा लेने को कहा। कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश सचिव एवम खालसा इंटर कॉलेज के खेल एवम शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता. जसपाल सिंह के संयोजन में मंडलीय कराटे प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

# डिप्टी सीएम का आवास घेरने पहुंचे एंबुलेंस कर्मी

▸ कोरोना के दौरान दी गई नौकरी और अब निकाला जा रहा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** इटावा से लखनऊ पहुंचे एंबुलेंस चालकों और कर्मचारियों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का आवास घेरा। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें उप-मुख्यमंत्री के आवास से हटाया। सभी को ईको गार्डन पहुंचाया गया, जहां कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। एंबुलेस चालकों ने आरोप लगाया कि कोरोना के दौरान उन्हें नौकरी दी गई। कई कर्मचारियों ने अपनी जान भी गंवाई, लेकिन उन्हें नौकरी से निकाला जा रहा है। जीवनदायिनी स्वास्थ्य विभाग 108-102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने निजी कंपनी के खिलाफनौकरी से निकालने, शारीरिक, मानसिक शोषण करने सहित कई गंभीर आरोप लगाए। नारेबाजी की और सरकार से अपने हितों की रक्षा करने की गुहार लगाई। डिप्टी सीएम के नाम मांग पत्र भी सौंपा गया। विरोध प्रदर्शन करने वाले एंबुलेंस चालकों ने बताया कि प्रदेश में करीब 20 हजार एंबुलेंस कर्मचारी इस कंपनी के तहत काम करते हैं। कंपनी, कर्मचारियों का शारीरिक और मानसिक शोषण कर रही है। मेंटेनेंस का पैसा भी कंपनी कर्मचारियों के वेतन से काट रही है। विरोध करने वालों को बर्खास्त कर दिया जाता है। कई एंबुलेंस पर फर्जी केस भी दर्ज कराए गए हैं। एंबुलेंस कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी भर्ती के नाम पर 25 हजार और 45 हजार की डीडी लेती है। कंपनी ने विरोध करने वाले करीब 1000 लोगों को नौकरी से भी निकाल दिया। कर्मचारियों ने कहा कि 2021 में विरोध करने वाले 3 हजार कर्मचारियों को निकाला गया। अब तक कंपनी करीब 9 हजार लोगों को निकाल चुकी है। चालकों का कहना है कि कंपनी ने नौकरी से निकाले जाने के बाद भी उनकी सेवाओं का मुआवजा नहीं दिया है। उन्होंने सरकार से अपनी सेवाओं के लिए सम्मानजनक वेतन और नौकरी की सुरक्षा की मांग की है।

### आशा बहुओं का जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन

उपमुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, 25 अक्टूबर को लखनऊ में देंगी धरना व प्रदर्शन

**लखनऊ।** उच्च अधिकारियों को दी गई नोटिस के क्रम में शुक्रवार को जनपद मुख्यालयों पर आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन उत्तरप्रदेश की अध्यक्ष कुसुम लता यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन भेजा गया। राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम को संयुक्त परिषद का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। आशाएं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के साथ जुड़ी हुई है। आशाओं ने पीएम मातृ वंदन योजना का काम आशाओं को वापस दिया जाने, आशाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए 18000 का मानदेय दिए जाने, संगिनी के लिए स्कूटी दिए जाने, 10 लाख का बीमा कराए जाने, क्षेत्र में कार्य करने के लिए कमरे की व्यवस्था किए जाने, एएनएम प्रशिक्षण में वरिष्ठ के आधार पर सीधे प्रवेश दिए जाने, आदि मांगों को लेकर आज प्रदेश के सभी जिला अधिकारियों के माध्यम से उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन भेजा है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन के धरना प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए लखनऊ में अवगत कराया है कि सुलतानपुर की आशाओं ने कुसुम लता यादव एवं सरला सिंह के नेतृत्व मे जोरदार किया। जौनपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, हमीरपुर, ललितपुर, महोबा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, बिजनौर, सहारनपुर, महाराजगंज जनपदों से भी ज्ञापन भेजे जाने की सूचना मुख्यालय पर प्राप्त हुई है। 25 अक्टूबर को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के आवाह्न पर प्रदेश भर से 10000 से अधिक आशाएं धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग करेंगी।


कार्यक्रम

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आईटीआई में आयोजित पीएम विश्वकर्मा योजना के कार्यक्रम में कहा

# गरीब को अमीर बनाना ही प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज

▸ दसों सीट पर उपचुनाव जीतकर भाजपा लहराएगी परचम



**लखनऊ/अयोध्या।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को आईटीआई में आयोजित पीएम विश्वकर्मा योजना के कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव प्रसारण को सुना। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री का एक ही लक्ष्य है जब तक गरीब अमीर नहीं बनेगा, तब तक भारत दुनिया में नंबर एक नहीं बनेगा। इसलिए उनका लक्ष्य गरीब को अमीर बनाना है, उनके जीवन को खुशहाल बनाना है।

प्रदेश में होने वाले उपचुनाव पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी दसों सीट पर भाजपा जीतेगी। बिल्ली की भाग्य से कभी-कभी छीका टूटता है। समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनेगी। सपा झूठ बोलकर गुमराह करके 2024 के लोकसभा चुनाव में कुछ सीटें जीत ली थी। इसकी उनको भी अपेक्षा नहीं रही होगी। जो हमारी कमियां थीं, हम लोगों ने खोज लिया है। उसको सुधार करके 2027 में 2017 दोहराएंगे, कमल ही कमल खिलाएंगे।

तिरुपति बालाजी के लड्डू में बीफ व मछली के तेल की मिलावट मिलने पर उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा आंध्र प्रदेश की सरकार मामले की जांच कर रही है, जो भी दोषी होगा, वहां की सरकार कार्रवाई करेगी। वह बहुत क्षुद्र मानसिकता के लोग होंगे जो इस प्रकार के घटिया आचरण करते होंगे। भक्तों की भावनाएं आहत न होने पाए, इसका ख्याल रखा जाएगा। जरूरत पड़ने पर उत्तर प्रदेश में भी इस तरह की जांच की जाएगी।

थाना कैंट क्षेत्र में हुए गैंगरेप पर सपा सांसद अवधेश प्रसाद द्वारा आरोपित को भाजपा कार्यकर्ता बताने पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आरोप लगाना और उसमें सच्चाई होना, दोनों के बीच में बड़ा अंतर होता है। उनकी शिकायत हो तो वह सांसद हैं, वह शिकायत कर सकते हैं। उसकी जांच होगी। जो दोषी होगा उस पर कार्रवाई होगी।

### भाषा की मर्यादा भूल गए हैं अखिलेश यादव : केशव प्रसाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव आप कांग्रेस के मोहरा और राहुल गांधी के दरबारी बनने के बाद से भाषा की मर्यादा भूल गए हैं और आपके बयानबाजी से केवल संपूर्ण संत समाज का ही नहीं प्रदेश की 25 करोड़ जनता का भी अपमान हो रहा है। ऐसे बयान के लिए आप सार्वजनिक रूप से क्षमा माँगें। आपकी भाषा ही सपा को समाप्त वादी पार्टी बनायेगी। दरअसल, समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मठाधीश की तुलना माफिया से करने के बयान पर सफाई देते हुये कहा कि वह संतों साधुओं का सम्मान करते हैं मगर वह योगी आदित्यनाथ को मठाधीश मुख्यमंत्री कहने से पीछे नहीं हटेंगे। यादव ने गुरुवार को कहा कि सन्यासी क्रोध नहीं करता है मगर जबसे भाजपा लोकसभा चुनाव हारी है तबसे उनका संतुलन कुछ गड़बड़ा गया है। उनके बयान कुछ अलग तरह के आ रहे हैं। वे ध्यान हटाने के लिए इस तरह के बयान दे रहे हैं।

### नगर निगम महिला कर्मचारी अधिकारी संगठन ने भी आन्दोलन की भरी हुंकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश नगर निगम महिला अधिकारी एवं कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की महिला अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उनकी समस्याओं व अन्य मुद्दों पर वार्ता करने के लिए संगठन कि अध्यक्ष मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बि बिष्ट की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आहूत की गई। बैठक में तमाम अहम मुद्दों पर चर्चा हुई और विचार विमर्श किया गया। कुछ अहम मांगों को हरी झंडी दिखाते हुए शेष कल्याणकारी मांगों को जल्द पूरा किये जाने की बात कही गयी। बैठक में संगठन कि अध्यक्ष अम्बि बिष्ट ने बताया कि नगर निगम लखनऊ में कार्यरत महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण के लिए आपकी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश नगर निगम महिला अधिकारी एवं कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया है।

# प्रभारी मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री

**सरकार आमजन के साथ पशुओं को भी बाढ़ से रखेगी सुरक्षित**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री व गोण्डा के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान जी ने शुक्रवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर गोंडा पहुंचकर पहले दिन बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कर वहां के हालातों का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री भी वितरित की और उन्हे हर संभव सहायता प्रदान करने का भरोसा दिलाया।

सबसे पहले करनैलगंज तहसील के नकहरा गांव में बाढ़ चौकी पर पहुंचकर प्रभारी मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया और राहत सामग्री वितरित की।

उन्होंने करनैलगंज के बाढ़ पीड़ितों को सांत्वना देते हुए उन्हे हर संभव सहायता का भरोसा दिया। इसके बाद प्रभारी मंत्री तरबगंज तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों के बीच पहुंचे। उन्होंने ब्यौंदा माझा के बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पूरे प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित लोगो को खाद्य सामग्री व हर सम्भव मदद दी जा रही है। मुख्यमंत्री जी केवल आमजन ही नहीं पशुओं के लिए चिंतित है। पशुओं के लिये पर्याप्त भूसे व चारे की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। जिले के अधिकारी द्वारा दिन और रात में लगातार लोगों को राहत पहुंचाई जा रही है। सरकार द्वारा लोगों को पर्याप्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है जिससे कि उन्हें कोई भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी सभी लोग मिलजुल कर बाढ़ से निपटने में सहयोग करें।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों की अपेक्षा में इस सरकार में बाढ़ पीडितों को पर्याप्त से अधिक मात्रा में राहत सामग्री प्रदान की जा रही है।

लोगों को हर तरह की सम्भव मदद प्रदान की जा रही हैं। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में रहकर बाढ़ पीड़ितों को निरंतर सहायता उपलब्ध करायें। यदि किसी ग्रामीण को चिकित्सा सुविधा की जरूरत हो तो उसे तत्काल अस्पताल पहुंचा कर चिकित्सा सुविधा प्रदान कराई जाए। इस दौरान मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, मा0 सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह, मा0 विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय, मा0 एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, जिलाधिकारी, जिलाध्यक्ष भाजपा व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रेलवे ट्रैक पर छेड़छाड़ करने वालों की खैर नहीं

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



**रेलवे सुरक्षा बल ने शुरू की रेल ट्रैक मित्र योजना जो असामाजिक तत्वों पर रखेंगे नजर**

पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने शुरू की अनोखी योजना, लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त चन्द्र मोहन मिश्रा ने अनोखी पहल शुरू की है जिसमे रेलवे ट्रैक के अगल बगल बस्ती, गांव से नागरिकों को रेल ट्रैक मित्र बनाया जायेगा जो,असामाजिक तत्वों पर रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों के अलावा नज़र रखेंगे और कोई भी घटना करने वाले व्यक्ति की सूचना रेलवे सुरक्षा बल थाना को देंगे जिस से धर पकड़ कर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जा सके, रेलवे सुरक्षा बल गोण्डा थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने बताया की इस योजना को धरातल पर लाया जा चुका है और गोण्डा परिक्षेत्र के रेलवे लाइन किनारे बस्ती, मोहल्ला, ग्रामीण निवासी को रेल ट्रैक मित्र बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया है,जिस में 35 से 40 रेल ट्रैक मित्र बनाय जा चुके है और संपर्क नंबर सांझा किए गए है, बताते चले की वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त चन्द्र मोहन मिश्रा इस यात्रा में व्यापक अनुभव रखते है जिन्हे गत वर्ष FICCI से बेस्ट कम्युनिटी पुलिसिंग के लिए, पुरुस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

# अग्रसेन जयंती कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

**पांच दिवसीय होंगे कार्यक्रम, अग्रसेन जयंती तीन अक्टूबर को**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रसेन जयंती कार्यक्रम को भव्य और सुंदर बनाने की तैयारी को लेकर गुरुवार को देर शाम श्रीराम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में एक बैठक हुई। जिसमें पांच दिवसीय कार्यक्रम पर पर समीक्षा की गई। कार्यक्रम 29 सितंबर से शुरू होकर 03 अक्टूबर तक चलेगी।ये जानकारी संघ के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया। 29 सितम्बर को साइकिल रेस प्रतियोगिता और बैडमिंटन युगल प्रतियोगिता, 30 सितंबर को मास्टर शेफ प्रतियोगिता, छोटे बच्चों की गुढ़रिया रेस प्रतियोगिता, बालिकाओं की एकल नृत्य प्रतियोगिता,और महिलाओं को रेटोरियम नृत्य प्रतियोगिता,1 अक्टूबर को दोपहर प्लांटेशन एवं पांट पेंटिंग प्रतियोगिता, फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, कैरम युगल प्रतियोगिताऔर शतरंज प्रतियोगिता होगी। 2 अक्टूबर को पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता, बोरा दौड़ प्रतियोगिता, बेबी रेस प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (प्रथम चरण), अपनों से अपनी बात मारवाड़ी प्रपंच के साथ, और कपल गेम कंपटीशन, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, एकल नृत्य प्रतियोगिता और समूह नृत्य प्रतियोगिता होगी। और फिर 3 अक्टूबर को अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाया जायेगा। उस दिन सुबह ध्वजारोहण से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। फिर सुबह 9:00 बजे पूजन एवं हवन ,9:30 बजे अग्रसेन चौराहे पर माल्यार्पण,10:00 बजे आरती थाल प्रतियोगिता, 11:00 बजे मेहंदी प्रतियोगिता,11:30 बजे मंडाला आर्ट ड्राइंग प्रतियोगिता, दोपहर 1:00 रस्सा कशी प्रतियोगिता, सांयकाल 4:00 झूलें में ठाकुर जी प्रदर्शनी और व्यंजन प्रतियोगिता, उसके बाद फैंसी,एकल प्रतियोगिता भी होगी। 7.00 बजे से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता अंतिम चरण, 7.45 बजे समूह नृत्य प्रतियोगिता का कार्यक्रम होगा। और उसके बाद कार्यक्रम की समाप्ति पुरस्कार वितरण से होगा। ये कार्यक्रम अग्रवाल नवयुवक संघ द्वारा आयोजित किया जाएगा। बैठक के दौरान संघ के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महामंत्री विकास जैन, कार्यक्रम संयोजक महेश नहारिया, चेतन अग्रवाल,राजेश बंसल, अनिल मित्तल, सीए पवन अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल, अजय मित्तल, शिव अग्रवाल, अजय मित्तल, प्रदीप गर्ग, राजीव अग्रवाल, सुशील जालान, अजय गर्ग, अनूप गोयल, आयूष केडिया, गौरव केडिया, अमर अग्रवाल, सुधीर तुलस्यान, मुनीष सिंघल, अमित संघई, कमलेश नेवटिया सहित कई पदाधिकारी गण मौजूद रहे।



# प्रशासन सख्त, फिर भी नजूल जमीनों पर निर्माण जारी

**नरेंद्र लाल गुप्ता**




**गोंडा।** जिले में नवागत नगर मजिस्ट्रेट के आने के बाद नजूल की जमीनों पर बिना नक्शा बिना फ्री होल्ड के निर्माण कार्य जारी है यदि किसी निर्माण के बारे में समाचार पत्र में लिखा जाता है तो उसके बाद वहां निर्माण और तेज कर दिया जाता है अब यह निर्माण किसके आदेश पर तेज किया जाता है यह नहीं पता है जो महाराजगंज पुलिस चौकी के बगल में एक बिल्डिंग बनी हुई है पीले पन्नी से घिरा हुआ है जब नगर मजिस्ट्रेट से शिकायत किया गया उस समय केवल एक मंजिल बना था जमीन नजूल की है ना उनके यहां से नक्शा पास हुआ और ना ही फ्री होल्ड शिकायत करने के बाद एक मंजिल तो बना ही था दूसरे मंजिल की भी तैयारी हो गई यह तस्वीर साफ-साफ बयां कर रही है कि जब अधिकारी कार्रवाई नहीं करेंगे तो इस प्रकार के अवैध निर्माण की झड़ी लग जाएगी यह तो रही महाराजगंज पुलिस चौकी के बगल की बात अब हम आपको ले चल रहे हैं इमामबाड़ा के पास जहां एक मस्जिद है मस्जिद के बगल में एक छोटा सा मंदिर है वहां भी बगैर नक्शा बगैर फ्रीहोल्ड के पांच दुकानें बना दी गई है जब नगर मजिस्ट्रेट से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उसका पट्टा है हम आपको यह बताना चाहेंगे कि पट्टा होना ही पर्याप्त नहीं है नजूल जमीन तब तक सरकार की रहती है जब तक उसका फ्री होल्ड नहीं होता है और फ्री होल्ड होने के बाद जब नक्शा पास हो जाता है तभी आप भवन का निर्माण कर सकते हैं लेकिन जब उनके संज्ञान में यह बात आई तब आधा अधूरा निर्माण हुआ था उनके संज्ञान में आने के बाद बहुत तेजी से निर्माण शुरू हो गया उम्मीद है कि आने वाले दो-चार दिनों में उस पर भी छत पड़ जाएगा हम आपको लेकर चल रहे हैं ईदगाह के ठीक सामने एक यूनिटी आर्केड बना हुआ है जिसको पूर्व के नगर मजिस्ट्रेट ने गिराने का आदेश दे रखा है लेकिन आज भी वह सीना ताने खड़ा हुआ है वर्तमान के जो भी नगर मजिस्ट्रेट आए उन्होंने उसे देखना मुनासिब नहीं समझा अब हम आपको लेकर चल रहे हैं बड़गांव पुलिस चौकी चौराहे पर जहां पर एक व्यक्ति के द्वारा 5 फीट चौड़ाई और 50 फुट लंबाई में दुकान बना लिया गया जब नगर मजिस्ट्रेट से बात किया गया तो उन्होंने कहा उसका नक्शा तीन मंजिल तक पास है जब बताया गया कि यह तो 5 मंजिल बना हुआ है उन्होंने आकर जांच किया इसके बावजूद जूनियर इंजीनियर से उसकी रिपोर्ट मांगी अब आपको हम बता रहे हैं पीले पानी और नीली पानी की कहानी पीले पानी के बारे में तो हम आपको बता चुके हैं पहले अब यहां आपको हम नील पड़ने की कहानी बता रहे हैं नीला पानी डालकर निर्माण किया जा रहा था जमीन यह भी नजूल की ही है जब इसका जिक्र नगर मजिस्ट्रेट से किया गया तो उन्होंने उसे काम को रुकवा दिया लेकिन अंदर ही अंदर उसमें शटरिंग डाल दिया गया जब यह बात और ज्यादा फैली तो नगर मजिस्ट्रेट के द्वारा उसका शटरिंग तो उतरवा दिया गया लेकिन आज भी वह अवैध निर्माण सीना तानकर खड़ा हुआ है इस इंतजार में कि शायद नगर मजिस्ट्रेट महोदय का दिल पसीज जाए और दोबारा इस पर शटरिंग लगाकर छत बना लिया जाए फेहरिस्त तो और भी लंबी है लेकिन आज हमें नजूल की कहानी यहीं पर रोकनी पड़ेगी क्योंकि और भी बहुत कुछ है समाचार पत्र में छापने को ।

## खबरें एक नजर में

### विजयदशमी दशहरा शोभा यात्रा में आकर्षण का केंद्र होगा जिया बैंड



**करनैलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** विश्व प्रसिद्ध जिया बैंड व द्वारिका कला समिति मद्रास बैंड विजयदशमी दशहरा शोभायात्रा में रहेगा आकर्षण का केंद्र अद्भुत विमान पर निकलेगी भगवान श्री राम की शाही सवारी कार्यक्रम की तैयारियां तेज। गोंडा जिले के करनैलगंज करीब डेढ़ सौ वर्ष से हो रहे एक माह तक चलने वाले ऐतिहासिक रामलीला की तैयारी तेजी के साथ चल रही है 21 सितंबर से रामलीला की औपचारिक शुरुआत हो जाएगी। श्री रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला व दशहरा की शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए बाहरी प्रदेशों से कलाकारों को बुलाया है। जिसको देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। 12 अक्टूबर विजयदशमी दशहरा की शोभायात्रा में विश्व प्रसिद्ध जिया बैंड दिल्ली, द्वारिका कला समिति मद्रास बैंड चेन्नई, भगवान श्रीराम का अद्भुत विमान मुख्य व आतिशबाजी आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मोहित पाण्डेय ने बताया कि जिया बैंड ने उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी में अपनी सेवाएं दी थी। जो अब करनैलगंज के प्रसिद्ध रामलीला दशहरा शोभायात्रा में आ रहा है। आपको बता दें कि दिल्ली का जिया बैंड 1936 से अपना प्रदर्शन लगातार कर रहा है। जिया बैंड का प्रदर्शन पुराने समय से ही इतना अच्छा रहा है कि आज भी यह बैंड बहुत सारी वीवीआईपी शादियों में और बहुत सारी फिल्म की शूटिंग में भी लगाया जाता है। बहुत सारी फिल्मों में इस बैंड को आप देख सकते हैं। दिल्ली का जिया बैंड अभिनेता अभिषेक बच्चन ऐश्वर्या राय, कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कैटरीना कैफ विकी कौशल, सलमान खान की बहन शादी सहित तमाम सेलिब्रिटी की शादी में प्रस्तुति दे चुका है।

### दबंगों ने चिकित्सक पर किया चाकू से हमला



**परसपुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** सीएचसी के एक चिकित्सक को निजी हॉस्पिटल के कुछ लोगों ने रात्रि में चाकू से हमला कर घायल करने के मामले में पुलिस को तहरीर दी है।आरोप है कि विपक्षी ने उसके निजी अस्पताल में मरीज न भेजने पर चिकित्सक को भुगतने की धमकी दी।पीड़ित चिकित्सक ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपित पर मुकदमा दर्ज करने की पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित राम कृष्ण वर्मा नामक चिकित्सक ने पुलिस को तहरीर दी है और आरोप लगाया है कि परसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर बतौर वरिष्ठ मेडिकल ऑफिसर उसकी तैनाती है।18 सितम्बर की रात्रि में वह परसपुर सीएचसी परिसर में टहल रहा थे।तभी अग्रिमा हॉस्पिटल के संचालक शील सिंह ने पहुँचकर उससे अभद्रता करते हुए चाकू से हमलावर हो गये। वही इस सम्बंध में परसपुर थाना एसओ दिनेश सिंह ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली है। जहां पीड़ित चिकित्सक यह कह रहे हैं कि हमने तहरीर दी है वहीं थाना अध्यक्ष बड़ी सफाई से यह कह रहे हैं कि हमें कोई तहरीर नहीं मिली दोनों में कौन सही है यह तो जांच का विषय है।

# तथ्यहीन बयान देते हैं अखिलेश यादव : सूर्य प्रताप शाही

**प्रदेश सरकार के मंत्री बोले सपा सरकार में दंगाइयों का होता था सम्मान**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के दौरे पर आए प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री ने सपा मुखिया पर हमला बोला है। उन्होंने जाति देखकर मुआवजा देने के मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री को घेरा है। प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जिले के दौरे पर आए। शहर के लोक निर्माण विभाग के डाक बंगला में जिले के प्रभारी मंत्री का गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की। पत्रकारों के प्रेस वार्ता में मंत्री से सवाल हुआ कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जाति देखकर मुआवजा देने का आरोप सरकार पर लगाया है। जिस पर उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव तथ्यहीन बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि वह दंगाइयों का साथ देते हैं। मुजफ्फरनगर के दंगाइयों को मुख्यमंत्री कार्यालय में बुलाकर सम्मान करना और खाना खिलाना उनका काम है। भाजपा सरकार बिना भेदभाव के काम करती है। उन्होंने कहा कि अखिलेश के इन्हीं कारनामों से जनता ने उन्हें प्रदेश की गद्दी से हटा दिया। आगे भी जनता ही जवाब देगी। इसके बाद वह महसी में बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण करने चले गए। इस दौरान डीएम मोनिका रानी, एसपी वृंदा शुक्ला, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एसडीएम राकेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आये प्रदेश के मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जिले के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि आपदा विशेषकर बाढ़ को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अत्यन्त संवेदनशील है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आपदा से प्रभावित लोगों को त्वरित राहत पहुंचायी जाय। श्री शाही ने कहा कि आपदा राहत कार्यो के संचालन में धन की कमी आड़े नहीं आयेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पीड़ित परिवारों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर आवासीय योजना, स्वच्छ भारत मिशन, खाद्यान्न वितरण तथा आयुष्मान योजना से आच्छादित किया जाय। जल स्तर में गिरावट को देखते हुए प्रभारी मंत्री श्री शाही ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित ग्रामों में सफाई अभियान संचालित कर पर्याप्त साफ-सफाई करा दी जाय तथा जल भराव वाले क्षेत्रों से जल निकासी की भी व्यवस्था की जाय। प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि बाढ़ से मुक्त हुए ग्रामों में संक्रामक रोगों की रोकथाम के दृष्टिगत फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव करा दिया जाय। साथ ही सम्बन्धित ग्रामों में संक्रामक रोगों के दृष्टिगत लोगों को इस बात की भी जानकारी दी जाय कि रोगों से बचाव हेतु उन्हें क्या करना और क्या नहीं करना है।

### प्रभारी मंत्री ने ग्राम कोढ़वा व टिकुरी का किया भ्रमण



**बाढ़ प्रभावित परिवारों को वितरित किया खाद्यान्न किट**

पिछले दिनों हुई भारी वर्षा के कारण नदियों के जल स्तर में हुई बढ़ोत्तरी के कारण जनपद में बाढ़ जैसे हालात पैदा होने के दृष्टिगत प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रभावित तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम टिकुरी व कोढ़वा का भ्रमण कर प्रभावित परिवारों का कुशलक्षेम पूछते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आपके साथ है। आपदा से प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आपदा के प्रति अत्यन्त संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि जिले में बाढ़ जैसे हालात पैदा होने तथा महसी में मानव वन्यजीव संघर्ष को देखते हुए मुख्यमंत्री ने स्वयं क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया तथा तहसील महसी के ग्राम सिसईया चूणामणि में वन्य जीव संघर्ष से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। प्रभारी मंत्री ने कहा कि यहां आने से पूर्व जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक में बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया है कि बाढ़ प्रभावित लोगों को आवासीय योजनाओं में प्राथमिकता प्रदान करते हुए स्वच्छ शौचालय, खाद्यान्न, आयुष्मान इत्यादि योजनाओं से भी आच्छादित किया जाय। उन्होंने ग्रामवासियों को सुझाव दिया कि संक्रामक रोगों के प्रति आप लोग भी पूरी तरह से सजग रहें। श्री शाही ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना है कि सभी गरीबों के सर पर पक्की छत का साया हो। इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री जी द्वारा 02 करोड़ नये आवास स्वीकृति किये गये हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आपदा से प्रभावित सभी लोगों को बिना किसी भेदभाव के अनुमन्य सहायता प्रदान की जा रही है। भ्रमण के दौरान प्रभारी मंत्री श्री शाही ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला व अन्य के साथ ग्राम टिकुरी में 60 तथा ग्राम कोढ़वा में 50 प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट का वितरण किया। प्रभारी मंत्री ने ग्राम कुड़वा में कटान से हुई क्षति का भी जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि प्रभावित ग्राम टिकुरी में स्वास्थ्य व पशुपालन विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन कर ग्रामवासियों व पशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर औषधि का वितरण किया गया।

*प्रभारी मंत्री के निरीक्षण में आल-इज-वेल मिला परिषदीय विद्यालय :-* परिषदीय विद्यालयों के शिक्षण कार्य की गुणवत्ता व अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने ग्राम कोढ़वा में संचालित संविलियन विद्यालय मुरौव्वा मुन्सरी का निरीक्षण किया। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान श्री शाही ने कक्षा 06 व 07 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से पृथ्वी के लिए सूर्य की उपयोगिता के सम्बन्ध में पूछे गये प्रश्नो का बच्चों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। इसी प्रकार स्मार्ट क्लास के निरीक्षण के दौरान कक्षा 08 के छात्र विकास द्वारा कम्प्यूटर पर भारत का नक्शा उकेर कर प्रभारी मंत्री से शाबाशी हासिल की। विद्यालय में सभी व्यवस्थाएं आल-इज़-वेल पाये जाने तथा पूर्ण ड्रेस में बच्चों की उपस्थिति पर प्रभारी का काफी प्रसन्न दिखे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति के लागू होने परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में गुणात्मक सुधार आया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बगैर विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। शिक्षा की गुणवत्ता में परिलक्षित होने वाला सुधार ही ग्रामीण परिवेश का आधार बनेगी। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने शिक्षकों का आहवान किया कि बच्चों को क्वीलिटी एजूकेशन के साथ उन्हें उनकी रूचि के अनुसार खेल व संगीत जैसी गतिविधियों के लिए भी प्रेरित किया जाय।



### 100 मीटर प्रतियोगिता में संजीव ने जनपद का नाम किया रोशन



**नेशनल के लिए कर लिया क्वालीफाई, नेशनल प्रतियोगिता का दिल्ली में होगा आयोजन**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के साईं सेंटर में आयोजित 4वी यूपी स्टेट अंडर 23 ओपेन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बहराइच के संजीव कुमार सिंह ने 100 मीटर दौड़ में कृतमान स्थापित करते हुए रजत पदक प्राप्त कर बहराइच जनपद को गौरवान्वित किया है। महसी तहसील के ग्राम टेडिया भयापुरवा निवासी संजीव कुमार सिंह पुत्र संतोष सिंह की उपलब्धि पर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह टिंकू ने बधाई दी है और बताया कि 14 सितंबर से लखनऊ में आयोजित हो रही पांच दिवसीय 4वी यूपी स्टेट अंडर23 ओपेन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व संजीव कुमार सिंह ने किया। और 100 मी दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया है। और नेशनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन देश की राजधानी दिल्ली में किया जाएगा।अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे ही खिलाड़ी अपनी मेहनत के बल पर प्रदेश से लगायत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाते हैं। ज्ञात हो कि पूर्व में भी खिलाड़ी संजीव कुमार सिंह ने राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल व रजत पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन कर चुके हैं। खिलाडी संजीव सिंह ने बताया कि वे राष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल निषाद से प्रशिक्षण ले रहे हैं। और उनके ही नेतृत्व में अच्छे प्रदर्शन के साथ नेशनल प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करना चाहते हैं। जीत का श्रेय परिवारजनों के साथ गुरुजनों को दिया है। जिले का नाम रोशन करने पर एथलेटिक्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एडवोकेट विवेक श्रीवास्तव, संतोष सिंह, कृष्ण पाल सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार राय,वीरेंद्र पाल सिंह, व कुसुमेन्द्र राणा ने बधाई दी है।

# तेरहवीं भोज के दौरान मारपीट, चार घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

पयागपुर के भगतपुरवा गांव में एक ग्रामीण के निधन पर तेरहवीं में रात्रि को भोज चल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें महिला समेत चार घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के भगतपुरवा गांव निवासी ईश्वरदीन के पिता की कुछ दिन पूर्व मौत हो गई थी। जिस पर गुरुवार को तेरहवीं का आयोजन था। घर पर गांव के लोग रात्रि में भोज कर रहे थे। तभी गांव निवासी दयाशंकर से ईश्वरदीन के बेटे राम सरोज से कोई कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर दयाशंकर अपने सात से आठ की संख्या में लोगों को लेकर मौके पर आ धमके। सभी ने लाठी और डंडे से जमकर पीटा। जिसमें मृतक का पोता संदीप कुमार, गुड़िया पत्नी गन्नू, राम सरोज और मोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में सभी का इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जायेगी।

# बिना नोटिस के बुलडोजर की कार्रवाई गलत



**सपा व्यापार सभा ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष मोहित माहेश्वरी ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में मांग की है कि मुख्य बाजार में व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर बिना किसी पूर्व सूचना अथवा नोटिस के अवैध रूप से अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर चलाकर व्यापारियों को परेशान न किया जाए।

जिलाध्यक्ष ने मांग की है कि अतिक्रमण के लिये व्यापारियों की दुकानें तोड़ी जा रही हैं जबकि अवैध रूप से चल रहे ई रिक्शे के लिये आज तक कोई भी रुट चार्ट नहीं बनाया गया है।जिसके चलते शहर में जाम की स्तिथि बनी रहती है। मांग पत्र में अधिकारियों द्वारा नियम कानून के नाम पर व्यापारियों से अवैध वसूली बन्द कराए जाने व्यापारियों को सुरक्षा मुहैय्या कराए जाने,जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर से पैदा हो रही बीमारियों को रोकने हेतु साफ सफाई की भी मांग की गई है।

सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नन्द यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में जिस तरह ब्यूरोक्रेट्स व्यापारियों एवं आम जनमानस को प्रताड़ित करने में पूरे मनोयोग से जुटे हैं। उससे यह स्पष्ट है कि उच्च पदस्थ भाजपा नेताओं का अधिकारियों को आम जनमानस का उत्पीड़न करने में संरक्षण प्राप्त है, लेकिन समाजवादी पार्टी व्यापारियों का उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगी।इसके लिए सड़क पर आंदोलन करना पड़ा तो सपा कार्यकर्ता इससे पीछे नहीं हटेंगे। सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अब्दुल जीशान ने अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न किये जाने पर चिन्ता जाहिर की। कहा कि यह सरकार पूरी तरह से जनता को प्रताड़ित करने का मन बना चुकी है। ज्ञापन के दौरान सपा नेता मयंक मिश्रा विकास मालानी हर्षित अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का शुभारंभ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच में फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह सप्ताह 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 23 सितंबर तक हर साल मनाया जाता है। इस सप्ताह का उद्देश्य दवाओं से होने वाले प्रतिकूल प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और दवा सुरक्षा को लेकर छात्रों, चिकित्सकों, एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करना है। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. संजय खत्री ने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि फार्माकोविजिलेंस (दवा प्रतिक्रिया निगरानी) वर्तमान समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके माध्यम से हम दवाओं के दुष्प्रभावों को समझ सकते हैं और उन्हें नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि फार्माकोविजिलेंस का कार्य सिर्फ चिकित्सकों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े हर व्यक्ति को इसके बारे में जानकारी होनी चाहिए। इस प्रकार की जागरूकता से दवाओं के उपयोग में सावधानी बढ़ेगी और स्वास्थ्य सेवा में सुधार होगा।

# पितृ पक्ष में भागवत कथा सुनने से पितरों को मिलती है शांति : स्वामी रवि गिरी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के तत्वावधान में पित्रों के मोक्ष हेतु आयोजित 16वां श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ नगर में स्थित बाबा श्री सिद्धनाथ धाम मठ मंदिर में शुरू किया गया। इससे पूर्व मंदिर प्रांगण से महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। शहर के मुख्य बाजारों से गुजरती हुई पुनः पाण्डव कालीन सिद्धनाथ मंदिर में संपन्न हुई।कायर्क्रम की जानकारी देते हुए नागा बाबा हृदेश गिरी एवं नागा साधु उमाकांत गिरी ने संयुक्त रूप से बताया कि सप्तम दिवसीय यह ज्ञान यज्ञ कथा सायं 4 बजे से शुरू होगी और कथा उपरांत भक्तों को प्रसाद वितरण किया जावेगा।जिसके कथाव्यास महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी रवि गिरी जी महाराज जी हैं। आज प्रथम दिवस पर स्वामी जी ने श्रद्धालुओं से सामाजिक बुराइयां त्यागकर नेक कार्य करने तथा गौ सेवा के लिये प्रेरित किया। महामंडलेश्वर स्वामी गिरी जी ने कहा कि पितृ पक्ष में श्रीमद्भागवत कथा का सुनने का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा की पितृ पक्ष में कथा का श्रवण करने से पितरों को शांति मिलती है वहीं यह उनके परिवार के लिए पुण्यदायी भी रहती है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा भाव से पितरों के पूजन तर्पण से मानव को सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। मनुष्य देवच, पितृ तथा ऋषि ऋणि होता है,भागवत सुनने से उन्हें इन ऋणों से मुक्ति मिल जाती है। स्वामी जी ने चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा कि लोग अपनी संस्कृति व सभ्यता को झूलते जा रहे हैं। लोगों पितरों के तर्पण -श्राद्ध का विधि विधान से पालन करना चाहिये ताकि उनके पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होगी।स्वामी जी ने भजन कीर्तन के माध्यम से गीता का लाभ लेने की भी विधि बताई। कार्यक्रम की व्यवस्था को सुचारू रूप से संभालने में आजमगढ़ की मुख्य यजमान सुनीता तिवारी, पुष्पा मिश्रा,चहलारी नरेश के वंसज आदित्य भान सिंह, संजय जयसवाल, संदीप सिंह, हरजीव अग्रवाल, शैलेन्द्र गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुगण व महिलाएं अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे।भागवत कथा व शुभारंभ से पहले नगर में कलश यात्रा व शोभायात्रा बाबा किशोरी गिरी जी कोठारी की अगुवाई में निकाली गई।

# विपक्ष के सवालों पर बगले झांकते नजर आए सरकार के मंत्री

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



महंगाई रोकने और सीमा सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार को असफल बताते हुए विपक्ष ने सदन में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया साथ ही रोजमर्रा की चीजों के बढ़ते दाम, गरीबी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सीमा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों, महिला सुरक्षा, पर विपक्ष की तीखी टिप्पणियों पर सरकार के मंत्री बंगले झांकते नजर आए हालांकि यहां भी सत्ता पक्ष लगातार अपनी उपलब्धियां का बखान करता नजर आया... दरअसल यह सब चर्चा देश के किसी सदन में नहीं बल्कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय संगठन शिवगढ़ की यूथ पार्लियामेंट की है आपको बताते चले की विकास क्षेत्र शिवगढ़ क्षेत्र अंतर्गत स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय संगठन शिवगढ़ में शुक्रवार को यूथ पार्लियामेंट का आयोजन हुआ जहां का नजारा हमारी वास्तविक व्यवस्था से कोसों दूर रहा यहां ना तो सांसदों ने एक दूसरे के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया, न ही सदन की कार्यवाही को स्थगित करने की कोशिश की यहां सिर्फ चर्चा हुई। चर्चा भी ऐसे मुद्दों पर जिनसे आम जनता का हित जुड़ा हो गौरतलब हो की स्कूली छात्रों को देश की विधायिका की कार्यप्रणाली से रूबरू कराने के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन ने एक अनोखी पहल की है इसी कड़ी में गुरुवार को शिवगढ़ के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ में यूथ पार्लियामेंट रीजनल राउंड कंपटीशन का आगाज किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आईटीआई शिवगढ़ के प्राचार्य अभिषेक कुमार को पीएम श्री केवी संगठन शिवगढ़ के प्रधानाचार्य मनोज कुमार द्वारा हरित पौधा देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम की शुरुआत पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदन एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया छात्र-छात्राओं के स्वागत गीत के पश्चात प्रधानाचार्य द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया प्रधानाचार्य के संबोधन के उपरांत संसदीय कार्य प्रणाली के अनुसार 11:00 संसदीय कार्य प्रारंभ हुआ इसके बाद सत्ता पक्ष के मंत्रियों ने शपथ ग्रहण किया शपथ ग्रहण पूर्ण होने के पश्चात प्रश्न काल आरंभ हुआ जिसमें विपक्ष ने कई प्रश्नों को सत्ता पक्ष के सामने रखा यूथ पार्लियामेंट ने कई ऐसे सवालों को जन्म दिया जिन पर शायद ही कभी संसद में सार्थक बहस के बाद कोई हल निकाला गया हो विपक्ष ने सरकारी नीतियों को खराब स्थिति के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया सदन की कार्यवाही के समापन के पश्चात पीएम श्री केवी शिवगढ़ के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने छात्रों के राजनीतिक जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि युवा सांसदों ने जिस अनुशासन के साथ कार्यक्रम को प्रस्तुत किया वह एक आदर्श सकारात्मक सोच के साथ भास्कर इन बच्चों ने देश को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है।

# मधुशाला बना पंचायत भवन, हो रही शराब पार्टी, नोटिस जारी

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



**शिकायत करने पर पंचायत सहायक ने फौजी को धमकाया**

विकासखंड डलमऊ के एक गांव का पंचायत भवन इन दिनों मधुशाला बना हुआ है जो शराबियों की अय्याशी का अड्डा बन गया है ग्राम पंचायत के कार्यों को निपटने के बाद यहां पर शराब की पार्टी की जाती है रात को पंचायत भवन में शराब पार्टी करने का एक फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है एक फौजी के द्वारा मामले की शिकायत खंड विकास अधिकारी से की गई है।

विकासखंड डलमऊ के काशीपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में देर शाम को शराब व नशे की पार्टी की जाती है ग्रामीण व फौज में तैनात एक फौजी विनीत सिंह के द्वारा मामले की शिकायत खंड विकास अधिकारी से की गई है फौजी ने आरोप लगाया कि गुरुवार शाम को वह उधर से गुजर रहा था तो वहां पर गांव के कोटेदार अमरेंद्र बहादुर सिंह प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह शेर नाम का एक आदमी तथा एक अज्ञात व्यक्ति शराब की पार्टी कर रहे थे अंदर पहुंचा तो शराब की बोतले रखी हुई थी जिसका उसने फोटो ले लिया है जब इस बाबत उसने पंचायत सचिव से बात की तो उन्होंने उसे बताया कि पंचायत भवन की चाबी पंचायत सहायक के पास रहती है मैं इसमें कुछ नहीं कर सकता फौजी ने दूसरे दिन सुबह पंचायत सहायक सूरज कुमार से इसकी शिकायत की गई तो उसने कहा तुम को जो करना है कर लो जिससे शिकायत करनी है कर लो तुम कुछ नहीं कर सकते फौजी विनीत सिंह ने मामले की लिखित शिकायत खंड विकास अधिकारी डलमऊ सत्यदेव यादव से की है और पंचायत भवन में शराब की पार्टी करने वाले जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है इस बाबत खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक एवं कोटेदार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है जांच के बाद दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेस प्रदेश सचिव ने एसपी से की मुलाकात



**घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बीते दिनों ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में बेखौफ चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसका खुलासा ऊंचाहार पुलिस अभी तक नहीं कर पाई है। उक्त संबंध में शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह से मिलकर जल्द से जल्द घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने की मांग की है छल्लेखनीय है कि चोरों ने बीती 11 सितंबर को ऊंचाहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत भागीपुर गांव निवासी विनोद सिंह व शिव शरण सिंह के यहां देर रात लाखों की चोरी कर पुलिस को चुनौती दी थी श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र में इस चोरी की घटना से लोगों में आक्रोश है घटना के एक सप्ताह से अधिक दिन बीत जाने के बाद भी मामले का खुलासा अब तक नहीं हो पाया है साथ ही साथ बताया कि पुलिस अधीक्षक ने जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने की बात कही है इस मौके पर शैलेंद्र सिंह,राम भवन सिंह,छोटेलाल सिंह,भानु सिंह,जय नारायण सिंह,गोलू अग्रहरि,रमेश यादव,बबलू सिंह,देवेंद्र सिंह चौहान,राकेश मिश्रा,सुरेश मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

### बाइक सवार ई-रिक्शा से टकराकर घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर पश्चिम गांव के पास लखनऊ से दवा लेकर वापस आ रहे बाइक सवार बबोले सिंह पुत्र लल्लू उम्र 56 वर्ष निवासी बहरामपुर थाना लालगंज एवं राजेश सिंह पुत्र बबोले उम्र 35 वर्ष निवासी बहरामपुर थाना लालगंज ई रिक्शा से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए घायल अवस्था में सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया, जहां उपस्थित चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उन्हें घर भेज दिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने लगाई फांसी, मौत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमवा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली घटना की जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि मृतका शालू पुत्री अरविंद उम्र 22 वर्ष ने जब परिजन घर के अंदर मौजूद थे, तभी बाहर वाले कमरे में शटर के अंदर छज्जे पर रखे हुए बास में गमछे के सहारे फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली, परिजनों के द्वारा आनन - फानन में किशोरी को फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां इलाज के लिए पहुंचाया गया, परंतु उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर इंद्र भूषण जायसवाल ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है उक्त घटना के संबंध में जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि मृतक युवती कई महीनों से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी, जिसका इलाज डॉक्टरों एवं झाड़ फूंक के माध्यम से कराया जा रहा था।

### बछरावां में श्रम विभाग का कार्यालय न होने से लोग परेशान

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बछरावां क्षेत्र में व्यापारियों और मजदूरों की तमाम शिकायतों के बावजूद उनके निराकरण के लिए श्रम विभाग का कार्यालय न होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र को लोगों ने जिलाधिकारी से श्रम विभाग का ऑफिस खोलने की मांग की है। बछरावां क्षेत्र के मजदूरों तथा व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए लगभग कई वर्ष पूर्व एक कार्यालय था परंतु वहां पर बिल्डिंग गिर जाने के बाद से अभी तक श्रम विभाग का ऑफिस नहीं बन पाया है। व्यापारियों ने बताया कि यदि उनकी कोई समस्या होती है तो उसके निराकरण के लिए रायबरेली मुख्यालय जाना पड़ता है वहीं मजदूरों में भी यदि कोई घटना दुर्घटना या उनसे संबंधित किसी प्रकार की कोई शिकायत है तो यहां पर कार्यालय ना होने से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में श्रम विभाग का कहना है कि तमाम कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं इनमें कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु हित लाभ योजना तथा निर्माण कामगार मृत्यु एवं विकलांगता योजना सहित कई ऐसी योजनाएं हैं जिनमें कामगार मजदूर एवं व्यापारियों के हितों के लिए है। इन योजनाओं की जानकारी बछरावां में श्रम विभाग का ऑफिस ना होने से लोगों को नहीं मिल पा रही है जिससे वह वंचित है। व्यापारियों ,मजदूरो एवं क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि बछरावां में श्रम विभाग विभाग का ऑफिस खोला जाए जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं उनकी परेशानियों को यहीं से निराकरण किया जा सके।

### लूट के 19 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सर्राफा व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना को 19दिन से अधिक हो गया है ।खुलासा न होने के कारण व्यापारियों में खासा रोष व्याप्त है हालांकि व्यापारी पुलिस की कार्यवाही से पूरी तरह से असंतुष्ट है, जल्द खुलासे की मांग को लेकर व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी व्यापार प्रतिनिधि मंडल हरिओम सोनी के पारिवारिक जनों के साथ पुलिस उपाधीक्षक ऑफिस लालगंज पहुंचे वार्ता की और ज्ञापन सौपा कहा कि लुटेरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए जिससे व्यापारियों में व्याप्त दहशत समाप्त हो। उल्लेखनीय है कि 2 सितंबर को पूरे गुर्दी मजरे कोरिहरा निवासी हरि ओम सोनी को लुटेरों ने गोली मार कर झोला छीन लिया था। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था और जल्द से जल्द घटना के पर्दाफाश की बात कही थी। लूट और गोली मारने की गंभीर घटना के मद्देनजर आईजी प्रशांत कुमार सहित पुलिस के आला अफसरो ने लालगंज में कैंप कर मामले का गहन निरीक्षण किया था। लेकिन अभी तक पुलिस कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रही है। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि लूट की घटना और नगर में तमाम चोरी जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं व्यापारी नाराज है। व्यापारी व्यापार करने के लिए बाहर जाने में डर रहा है अपना कारोबार नहीं कर पा रहा है। अगर लूट का खुलासा 3 दिन के अंदर ना हुआ तो व्यापार मंडल रणनीति बनाकर बड़े आंदोलन करने को बाध्य होगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



### सवर्ण जोड़ो अभियान के तहत चौपाल आयोजित

**राही रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सवर्ण आर्मी रायबरेली द्वारा संगठन विस्तार के उद्देश्य से सवर्ण जोडो अभियान चलाया ।जिसके तहत राही ब्लाक के दूलागंज बाजार में चौपाल का आयोजन किया गया ।वरिष्ठ जिला संरक्षक भवानी प्रसाद त्रिपाठी व जिला अध्यक्ष वृजेन्द्र सिंह फौजी द्वारा बैठक में उपस्थित सवर्ण समाज के लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई गयी ।तथा नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।साथ ही बैठक में उपस्थित लोगों से सवर्ण समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने हेतु प्रेरित किया गया ।इस दौरान जिला महासचिव-योगेन्द्र प्रताप सिंह (मुकुल सिंह),जिला सम्पर्क प्रमुख-अखण्ड प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष-शैलेन्द्र श्रीवास्तव,जिला उपाध्यक्ष-आदित्य विक्रम सिंह,अजय दीक्षित,दीपू सिंह,रुद्र प्रताप सिंह,शिवांश शुक्ला,जिला मीडिया प्रभारी सतीश मिश्रा, आई0टी0सेल प्रभारी आलोक सिंह,राही ब्लाक अध्यक्ष-सूर्यभान सिंह,सहित अन्य कार्यकर्ता व सवर्ण समाज के लोग मौजूद रहे।

# कोऑपरेटिव बैंक एम्पलाइज यूनियन यूनिट रायबरेली का चुनाव कार्यक्रम संपन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कोऑपरेटिव बैंक एम्पलाइज यूनियन यूनिट रायबरेली का चुनाव कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारी को प्रदेश संरक्षक महेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में अध्यक्ष पद पर रणंजय सिंह मंत्री पद पर धर्मेंद्र कुमार तिवारी कोषाध्यक्ष सत्यनारायण यादव उपाध्यक्ष निशा मौर्य चंदन भारतीय प्यारेलाल गुप्ता संगठन मंत्री का दायित्व मुशीर अहमद सहायक मंत्री का कार्य राजेश यादव अनूप सिंह उमाशंकर बाजपेई महेश प्रताप अभय सिंह अमित श्रीवास्तव अंकित सक्सेना आदि लोग चयनित हुए ।

इस अवसर पर जनपद के संरक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह वीरेंद्र विक्रम सिंह संतोष शुक्ला राजकरण सिंह वीरेंद्र सिंह श्रीमती कौशल सन्नू श्रीवास्तव आदि लोगों की उपस्थिति रही निर्वाचन से पूर्व कोऑपरेटिव बैंक एम्पलाइज यूनियन का स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह के द्वारा पिता काट कर स्थापना दिवस को सबके साथ मिलकर बनाया गया।

इस अवसर पर भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र बहादुर सिंह सभी निर्वाचित सदस्यों का उत्साहवर्धन बढ़ाने हेतु उपस्थित रहे मौजूद यूनिट के साथियों द्वारा दोनों लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

# हाई कोर्ट ने अतिक्रमण हटवाने का दिया आदेश

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे की सब्जी मंडी, गल्ला मंडी व शिवगढ़ रोड पर लोगों द्वारा सड़कों व नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाने के आदेश हाईकोर्ट ने दे दिए हैं। हाईकोर्ट ने यह आदेश याचिकाकर्ता शिवनंदन पुत्र भगौती निवासी कुन्दौली की जनहित याचिका पर दिया है।

याचिका में उन्होंने बताया कि कस्बे के लोगों द्वारा सड़क व नालियों के ऊपर चबूतरे, मकान के छज्जे समेत अन्य पक्के निर्माण कर कब्जा कर लिया गया है।

उच्च न्यायालय प्रयागराज की लखनऊ खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई है। जिसमें यह आदेश हुआ कि सार्वजनिक महत्व की भूमि से अतिक्रमण हटाया जाए। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता सुविवेक बाजपेई ने पैरवी की है। नगर पंचायत की ओर से प्रस्तुत अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय को 145 लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की बात से अवगत कराया। और कहा कि चिन्हित करके नोटिस जारी कर दी गई है। उच्च न्यायालय ने तीन सप्ताह के भीतर अतिक्रमण को हटवाने के आदेश दिए गए हैं।

इस बारे में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राम आशीष ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर उनको पूर्व में नोटिस दी जा चुकी हैं। पहले तिथि निर्धारित की गई थी परंतु एसडीएम के तबादले के बाद उन्हें कार्रवाई रोक देनी पड़ी, शीघ्र ही अतिक्रमण हटाया जाएगा।

### किसान यूनियन ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**महराजगंज रायबरेली, सकृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने एसडीएम रश्मिलता को दिया ज्ञापन भारतीय किसान यूनियन ने ज्ञापन में बताया कि समस्त किसानों मजदूरों से अपील की जाती है कि भारतीय किसान यूनियन जनपद रायबरेली के द्वारा विकासखंड शिवगढ़ में दिनांक 25 9.2024 को प्रातः 10ः00 बजे से किसानों मजदूरों की तमाम समस्याओं जैसे बिजली सिंचाई पानी लोक निर्माण स्वस्थ राजस्व पंचायत विकास पुलिस की मनमानी आवारा पशुओं आदि को लेकर विशाल महापंचायत का आयोजन किया गया है जिसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरि नाम सिंह वर्मा मंडल अध्यक्ष अमर सिंह यादव उर्फ अनु प्रदेश सचिव दिलीप चौधरी व भंवर सिंह तथा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार उर्फ लाल चौधरी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी का आगमन होगा जो महापंचायत को संबोधित करेंगे इस मौके पर किसान यूनियन के सदस्य मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालय बदहाली का शिकार, जर्जर भवन में बच्चे पढ़ने को विवश

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन वर्तमान समय में जमीनी हकीकत पर देखा जाए तो प्राथमिक विद्यालयों की दुर्दशा का नजारा ग्राम सभा थुलेडी के प्राथमिक विद्यालय में देखा जा सकता है। सरकार द्वारा विद्यालयों के मरम्मती करण एवं जीणोद्धार के लिए करोड़ों में प्रत्येक वर्ष धन आवंटित किया जाता है, लेकिन प्राथमिक विद्यालय में जर्जर भवन में शिक्षण कार्य नौनिहाल छोटे-छोटे बच्चे कर रहे हैं। देखा जाए तो बंदरों का भी आतंक फैला हुआ है ।आए दिन बंदर छोटे-छोटे बच्चों पर हमला कर देते हैं जिससे वह घायल हो जाते हैं लेकिन वन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहे हैं। बारिश के दिनों में विद्यालय की छत टपक रही है जिससे शिक्षण कार्य पूरी तरह से बाधित हो रहा है। इस संबंध में विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका ज्योती रावत से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विद्यालय की वर्तमान स्थिति को उच्च अधिकारियों तक अवगत कराया गया है। विद्यालय की जर्जर स्थिति की रिपोर्ट भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों के माध्यम से भेजी जा चुकी है।

# ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने शिक्षकों के साथ मनाया कलेक्टर का जन्मोत्सव

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



रायबरेली में ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने विद्यालय के शिक्षकों व नौनिहालों के साथ जनपद की जिलाधिकारी का सफलतापूर्वक 1 वर्ष पूरा होने व जन्मोत्सव के अवसर पर धूमधाम से बच्चों में मिठाई व कॉपी पेन वितरित किया गया है।आपको बता दे कि शुक्रवार को समय जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के बैलीगंज कंपोजिट विद्यालय में जिला अधिकारी हर्षिता माथुर के आदेश के अनुक्रम में निर्माण वर्ष 1842 हेरिटेज घोषित कंपोजिट स्कूल के स्मार्ट क्लास रूम में रंगाई, पुताई प्लास्टर,कार्य प्रगति में है ।अपने कार्यकाल में बेसिक शिक्षा और सरकारी स्कूल के कायाकल्प में महत्वपूर्ण भूमिका जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने निभाई है।इसी को लेकर जिला अधिकारी हर्षिता माथुर के प्रति कंपोजिट स्कूल बैलीगंज के बच्चों ने आभार पप्रकट किया है। इस अवसर पर पूड़ी सब्जी अचार, सलाद, बूंदी का लड्डू,रवा का मेवा युक्त हवा का वितरण बच्चों को हुआ है। बेसिक शिक्षा के प्रति विशेष लगाव रखने वाली लोकप्रिय जिलाधिकारी हर्षिता माथुर का जनपद में 1 वर्ष का सफल कार्यकाल हुआ हैं और कलेक्टर के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर बैलीगंज विद्यालय परिवार व ऑल स्कूल पैरंट संगठन के जिला अध्यक्ष शशांक सिंह राठौर के सौजन्य से कार्यक्रम संपन्न हुआ है।

# जनसुनवाई : एसपी ने समस्याओं का किया त्वरित निस्तारण

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार ने 20 सितंबर 2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आम जनता की समस्याओं और शिकायतों की जनसुनवाई की। इस दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए शिकायतकर्ताओं की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने राजस्व संबंधित शिकायतों पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें गठित करने के आदेश दिए, ताकि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निस्तारण किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का निपटारा करते समय पारदर्शिता और निष्पक्षता का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

जनसुनवाई में शामिल शिकायतकर्ताओं ने भूमि विवाद, चोरी, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, धोखाधड़ी जैसी समस्याओं को उठाया। पुलिस अधीक्षक ने इन सभी मामलों पर संबंधित विभागों को शीघ्रता से कार्रवाई करने का आदेश दिया। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से और पूरी गंभीरता के साथ किया जाए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कहा कि बलरामपुर पुलिस जनता की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और उनका समाधान शीघ्र और प्रभावी ढंग से किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा कि सभी शिकायतों का निपटारा पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से हो।

इस अवसर पर कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को रिकॉर्ड किया और निस्तारण प्रक्रिया की शुरुआत की। जनसुनवाई का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करना तथा त्वरित न्याय सुनिश्चित करना है।

# बजाज चीनी मिल इंटई मैदा में नेत्र प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**उतरौला (बालरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल लिमिटेड इटई मैदा, उतरौला में नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन देव आई हॉस्पिटल उतरौला के सौजन्य से किया गया। जिसमें करीब 200 कर्मचारियों के आंखों की जांच की गई। नेत्र शिविर का उद्घाटन इकाई प्रमुख राकेश यादव ने किया। देव हॉस्पिटल उतरौला के आई सर्जन अरुण पाठक ने इस अवसर पर आंखों की बीमारी से संबंधित उपचार तथा इलाज के बारे में लोगों को जागरूक किया श्री पाठक ने कहा कि आंखों का नियमित चेकअप कराया जाना चाहिए ताकि बड़ी समस्या आने से पहले इलाज हो जाए। उन्होंने बताया कि मोतियाबिंद का इलाज एवं उपचार बेहद आसानी से उतरौला में भी उपलब्ध है। इस अवसर पर गन्ना महाप्रबंधक आरपी शाही, इंजीनियरिंग हेड कोमल सिंह, प्रोडक्शन विभाग के राघवेंद्र श्रीवास्तव, एचआर हेड बृजेश मंडल, डॉक्टर विक्रमादित्य प्रधान, फाइनेस विनोद सिंह, केपी सिंह, शाहिद बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# गर्भवती महिलाओं को प्रसव की सुविधाओं का अभाव, सीएचसी पर बढ़ी भीड़

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



उतरौला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) क्षेत्र में प्रसव सेवाओं की कमी गंभीर समस्या बनी हुई है। क्षेत्र की आधे से अधिक ग्राम पंचायतों में गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिसके चलते सीएचसी उतरौला पर गर्भवती महिलाओं का अत्यधिक दबाव बना हुआ है। शुक्रवार को सीएचसी पर मरीजों की भारी भीड़ देखी गई, जिसमें 500 से अधिक ओपीडी केस दर्ज किए गए।

इस स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शासन को कोई ठोस कदम उठाने के लिए पत्राचार में दिलचस्पी नहीं दिखाई है। क्षेत्र के भैरमपुर, बकसरिया, गुरदयाल डीह, जाफराबाद, जनुका जनुकी, मधपुर, मानापार बहेरिया, मोहनोत, पेहर, रमवापुर खुर्द और तेन्दुवा तकिया जैसी ग्राम पंचायतों में उपस्वास्थ्य केंद्र तो स्थापित किए गए हैं, लेकिन इनमें प्रसव की कोई सुविधा नहीं है। इन 11 उपस्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत चार-चार ग्राम पंचायतें आती हैं, जिससे इन केंद्रों पर भारी जनसंख्या निर्भर है। प्रसव सेवाओं की कमी के कारण इन पंचायतों की महिलाओं को प्रसव के लिए तहसील मुख्यालय या जिला अस्पताल की ओर रुख करना पड़ता है। सरकार द्वारा कुछ केंद्रों पर प्रसव सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं, लेकिन क्षेत्र के अधिकांश केंद्र इस सुविधा से वंचित हैं, जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजा है, जिसमें सीएचसी उतरौला के सभी उपस्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इस संबंध में सीएचसी उतरौला के अधीक्षक, डॉ. सी.पी. सिंह ने बताया कि 11 उपस्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के प्रसव के लिए शासन द्वारा अभी तक कोई स्वीकृति नहीं मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जैसे ही शासन से स्वीकृति प्राप्त होगी, इन केंद्रों पर प्रसव सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे क्षेत्र की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। उतरौला क्षेत्र में प्रसव सेवाओं की कमी गंभीर स्वास्थ्य संकट का कारण बन रही है। महिलाओं को सुरक्षित और सुलभ प्रसव सेवाएं दिलाने के लिए स्थानीय प्रशासन और शासन को जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। इससे न केवल महिलाओं को राहत मिलेगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की समग्र गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

# चतुर तेंदुए ने हलौरा गांव के पास लगे पिजड़े के पास आना किया बंद, ग्रामीणों में दहशत

**जरवा (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

सोहेल्वा वन्य जीव प्रभाव के वन क्षेत्र तुलसीपुर के ग्राम हलौरा, गनेशपुर, कुडोहा, संग्रामपुर, बदलपुर, दुर्गापुर, पुरैना, भोजपुर, लैबुडवा, पिपरी लौकी खुर्द में कुनबे सहित तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीण परेशान हैं। उनमें डर बना हुआ है। हालांकि वन विभाग की टीम ने 11 सितंबर की शाम को ही हलौरा में पिंजरा लगा दिया था। लेकिन वह नहीं आ रहा है। जिससे ग्रामीणों में लगातार डर बना हुआ है।

लैबुडवा गांव निवासी सूरज ने बताया कि कल शाम सात बजे नित्यक्रिया के लिए घर से स्कूल की ओर जा रहा था। तेंदुआ प्राथमिक विद्यालय लैबुडवा की चारदीवारी पर बैठा था। वापस घर को लौट आया।

ग्राम भोजपुर प्रधान रामदीन वर्मा ने बताया कि बीती रात गांव के कृपाल गड़ेरिया अपने घर के आंगन में चारपाई पर मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे तथा चारपाई के पाटी में बकरी को बांधे हुए थे। तेंदुआ पीछे की दीवाल फांद कर आंगन में आया और बकरी को खींचकर भागने लगा पाटी से रस्सी बंधा होने के कारण चारपाई जोर से खिसकी मैं जगा देखा कि तेंदुआ बकरी को खींच रहा था मैं शांत होकर सो गया तेंदुआ बकरी को लेकर चला गया तब उठा और परिवार को बताया।

आज सुबह तेंदुआ 6 बजे लैबुडवा गांव के बाहर घूमता दिखा तब गांव वालों ने शोर मचाया और डंडा लेकर दौड़ाया तेंदुआ भाग कर गांव के बाहर लैबुडवा नाले के निकट अब्दुल समद के मुर्गी फार्म की ओर छुप गया। जिससे क्षेत्रीय लोगों में दहशत व्याप्त है। रेंजर अमरजीत प्रसाद ने बताया कि वनकर्मी, ग्राम प्रधान रामदीन वर्मा, इंद्रजीत साहू, प्रहलाद व अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया है। तथा गांव वालों को एकत्रित कर तेंदुए से बचाव क्या करें क्या ना करें के प्रति जागरूक किया जा रहा है। तथा वनकर्मियों के साथ सुबह, शाम, रात्रि गस्त की जा रही है। एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि पिंजरा लैबुडवा में लगाया जाएगा। तथा ट्रैपिंग कैमरा रेंजर से कहकर लगवा दिया जाएगा।

## निशाने पर बच्चे

हाल ही के दिनों में बच्चों व महिलाओं के खिलाफबढ़ते अपराधों को लेकर देशव्यापी चिंता कई मंचों से उजागर हुई है। इन अपराधों के प्रति पुलिस व एजेंसियों की संवेदनहीनता पर अदालतें गाहे-बगाहे सख्त टिप्पणियां कर चुकी हैं। कुछ समय पहले जिला अदालतों के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने भी महिलाओं व बच्चों के खिलाफहोने वाले अपराधों पर गंभीर चिंता जतायी थी। साथ ही त्वरित न्याय से समाधान की बात कही थी। देश के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के वे आंकड़े विचलित करते हैं, जिसमें कहा गया था कि साल 2022 में भारत में हर घंटे में औसतन 18 बच्चे अपराधों के शिकार बने। वहीं पिछले एक दशक में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 75 फीसदी वृद्धि की बात एनसीआरबी ने स्वीकारी है। बच्चों के खिलाफहोने वाले अपराधों की गंभीरता को इस बात से समझा जा सकता है कि वर्ष 2023 में बीते वर्ष की तुलना में जहां अपराधों में कमी दर्ज की गई, वहीं दूसरी ओर बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों में नौ फीसदी की वृद्धि एनसीआरबी के आंकड़ों में दर्ज की गई। यह हमारे नीति-नियंताओं के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि देश में बच्चों के खिलाफअपराधों में क्यों लगातार वृद्धि हो रही है। विडंबना यह है कि एनसीआरबी केवल उन्हीं अपराध के आंकड़ों का उल्लेख करता है, जो थानों में दर्ज होते हैं।

दरअसल, बच्चों के खिलाफबड़ी संख्या में होने वाले अपराध अक्सर दर्ज ही नहीं होते। कानूनी जानकारी न होने और थानों व कचहरियों के चक्कर काटने से बचने के लिये अभिभावक कई मामलों में रिपोर्ट दर्ज ही नहीं करवाते। कुछ मामलों को पुलिस दर्ज करने से बचती है। ऐसे में बच्चों के खिलाफहोने वाले अपराधों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना सहज नहीं होगा। बहरहाल, ये बढ़ते अपराध हमारे समाज में गहरी होती संवेदनहीनता और समाज में नैतिक मूल्यों के पराभव की ओर भी इशारा करती है।दरअसल, बच्चों के खिलाफ अपराध केवल हमारे सामाजिक व्यवस्था में ही नहीं बढ़े, बल्कि इसका दायरा वर्चुअल दुनिया में भी तेजी से बढ़ा है। बच्चों के खिलाफसाइबर अपराधों में खासी तेजी आई है। चौंकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2022 में बच्चों के विरुद्ध पहले साल के मुकाबले बत्तीस फीसदी अधिक साइबर अपराध दर्ज हुए। जो निरंतर गंभीर होती स्थिति को दर्शाते हैं। हाल के दिनों में स्कूल-कालेजों में ऑनलाइन पढ़ाई का दायरा बढ़ने और मोबाइल की सहज उपलब्धता से बच्चों की इस क्षेत्र में सक्रियता बढ़ी है। सस्ते इंटरनेट व मोबाइल फोन ने बच्चों के लिये सोशल मीडिया व गेमिंग की दुनिया में पहुंच आसान बनायी है। लेकिन बच्चे इंटरनेट की आपराधिक दुनिया से अनभिज्ञ हैं। उन्हें इन खतरों से बचाव का प्रशिक्षण न तो स्कूल में दिया जाता है और न ही पुरानी पीढ़ी के अभिभावक दे पाए। जिसके चलते ही वे साइबर अपराधियों का आसान शिकार बनते हैं।

# खेती को खोखला कर देंगी, जीएम फसलें

भारत डोगरा

जेनेटिकली मोडीफाईड फसलें (जीएम) एक बड़े विवाद का विषय रही हैं। हाल ही में मैक्सिको की सरकार ने अपनी सबसे महत्वपूर्ण फसल मक्का को जीएम से बचाने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है। मैक्सिको पर पड़ोसी देश अमेरिका व वहां की कंपनियों का दबाव था कि वह जीएम मक्का अपनाए, पर मैक्सिको की सरकार ने स्पष्ट कहा कि वह अपने देश की खाद्य-सुरक्षा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

इससे पहले फिलीपींस में वैज्ञानिकों, किसानों व कार्यकर्ताओं ने अदालत में जीएम फसलों के विरुद्ध मुकदमा लड़ा था और उन्हें अदालत से जीएम फसलों पर रोक का महत्वपूर्ण निर्णय भी प्राप्त हुआ था।इन दिनों भारत की खेती-किसानी कई स्तरों पर संकट के दौर से गुजर रही है। हालांकि इसके संतोषजनक समाधान भी कई स्तरों पर उपलब्ध हैं, पर इन समाधानों की ओर बढ़ने की बजाय कुछ सीमित स्वार्थों की ओर से ऐसे सुझाव दिए जा रहे हैं जिनसे यह संकट निश्चित तौर पर और उग्र होगा व असहनीय हद तक बढ़ सकता है। ऐसा ही एक सुझाव है जीएम फसलों का प्रसार, जिससे बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बहुत शक्तिशाली तत्व जुड़े हैं।

जेनेटिक इंजीनियरिंग से बनने वाली जीएम फसलों में किसी भी पौधे या जन्तु के जीन या आनुवांशिक गुण का प्रवेश किसी अन्य पौधे या जीव में करवाया जाता है, जैसे - आलू के जीन का प्रवेश टमाटर में करवाना या सुअर के जीन का प्रवेश टमाटर में करवाना या मछली के जीन का प्रवेश सोयाबीन में करवाना या मनुष्य के जीन का प्रवेश सुअर में करवाना आदि। यह कार्य जीन-बंदूक से पौधे की कोशिका पर बाहरी श्जीनश् दागकर किया जाता है या किसी बैक्टीरिया में बाहरी जीन का प्रवेश करवाकर उससे पौधे की कोशिका का संक्रमण किया जाता है। जेनेटिक इंजीनियरिंग की तकनीक देश-विदेश में विवादग्रस्त क्यों बनी हुई है? जीएम फसलों के विरोध का एक मुख्य आधार रहा है कि ये फसलें स्वास्थ्य व पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित नहीं हैं तथा उनका असर जेनेटिक-प्रदूषण के माध्यम से अन्य गैर-जीएम फसलों व पौधों में फैल सकता है। इस विचार को इंडिपेंडेंट साईंस पैनल ने बहुत सारगर्भित ढंग से व्यक्त किया है। इस पैनल में एकत्र हुए विश्व के अनेक देशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने जीएम फसलों पर एक महत्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किया जिसमें उन्होंने कहा कि-जीएम फसलों के बारे में जिन लाभों का वायदा किया गया था, वे प्राप्त नहीं हुए हैं, बल्कि ये फसलें खेतों में बढ़ती समस्याएं पैदा कर रही हैं। इस बारे में व्यापक सहमति है कि इन फसलों का प्रसार होने पर ट्रान्सजेनिक-प्रदूषण से बचा नहीं जा सकता है। जाहिर है, जीएम व गैर-जीएम फसलों का सह-अस्तित्व नहीं हो सकता। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि जीएम फसलों की सुरक्षा प्रमाणित नहीं हो सकी है। इसके विपरीत पर्याप्त प्रमाण हैं जिनसे इन फसलों से सुरक्षा पर गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं। यदि इनकी उपेक्षा की गई तो स्वास्थ्य व पर्यावरण की क्षति होगी जिसकी पूर्ति नहीं हो सकती, जिसे फिर ठीक नहीं किया जा सकता। जीएम फसलों को अब दृढ़ता से खारिज कर देना चाहिए। वैज्ञानिकों ने इन फसलों से जुड़े खतरे का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष बताया है कि जो खतरे पर्यावरण में फैलेंगे उन पर हमारा नियंत्रण नहीं रह जाएगा। गंभीर दुष्परिणाम आने पर भी हम इनकी क्षतिपूर्ति नहीं कर पाएंगे। जेनेटिक-प्रदूषण का मूल चरित्र ही ऐसा है। वायु-प्रदूषण व जल-प्रदूषण की गंभीरता का पता लगाकर उन्हें नियंत्रित किया जा सकता है, पर जेनेटिक-प्रदूषण, पर्यावरण में पहुंचने के बाद हमारे नियंत्रण से बाहर हो जाता है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जहां प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को केवल इस कारण परेशान किया गया क्योंकि उनके अनुसंधान से जीएम फसलों के खतरे पता चलने लगे थे। इन कुप्रयासों के बावजूद निष्ठावान वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों से जीएम फसलों के गंभीर खतरों को उजागर करने वाले दर्जनों अध्ययन उपलब्ध हैं। जैफ्री एम. स्मिथ की पुस्तक जेनेटिक रुले के 300 से अधिक पृष्ठों में ऐसे दर्जनों अध्ययनों का सार-संक्षेप या परिचय उपलब्ध है। इनमें चूहों पर हुए अनुसंधानों में पेट, लिवर, आंतों जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण अंगों के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने की चर्चा है। जीएम उत्पाद खाने वाले पशु-पक्षियों के मरने या बीमार होने की चर्चा है व जेनेटिक-उत्पादों से मनुष्यों में भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का वर्णन है। सन् 2009-10 में भारत में बीटी बैंगन के संदर्भ में जीएम के विवाद ने जोर पकड़ा तो विश्व के 17 विख्यात वैज्ञानिकों ने भारत के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस बारे में नवीनतम जानकारी उपलब्ध करवाई। पत्र में कहा गया कि जीएम प्रक्रिया से गुजरने वाले पौधे का जैव-रसायन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है जिससे उसमें नए विषैले या एलर्जी उत्पन्न करने वाले तत्वों का प्रवेश हो सकता है व उसके पोषक गुण कम या बदल सकते हैं। जीव-जंतुओं को श्जीएमश् खाद्य खिलाने पर आधारित अनेक अध्ययनों से गुर्दे (किडनी), यकृत(लिवर) पेट व निकट के अंगों (गट), रक्त-कोशिका, रक्त जैव-रसायन व प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) पर नकारात्मक असर सामने आ चुके हैं। इन वैज्ञानिकों ने बताया कि जिन जीव-जंतुओं को बीटी मक्का खिलाया गया उनमें प्रत्यक्ष विषैलेपन का प्रभाव देखा गया। बीटी मक्के पर मानसैंटो कंपनी के अनुसंधान का जब पुनर्मूल्यांकन हुआ तो अल्प-कालीन अध्ययन में भी नकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम दिखाई दिए। बीटी के विषैलेपन से एलर्जी के रिएक्शन का खतरा जुड़ा हुआ है। बीटी बैंगन खिलाने के अध्ययनों पर महको-मानसेंटो ने जो दस्तावेज तैयार किया उससे जीव-जंतुओं पर, विशेषकर चूहे, खरगोश व बकरी के लिवर, किडनी, खून व पैंक्रियास पर नकारात्मक परिणाम नजर आते हैं। केवल 90 या उससे भी कम दिनों के, अल्पकालीन अध्ययन में ही ये प्रतिकूल परिणाम नजर आए, तो जीवन-भर के अध्ययन से और कितने प्रतिकूल परिणाम सामने आते, इस पर प्रश्न खड़े हो गए हैं। एक जीएम फसल बीटी कपास या उसके अवशेष खाने के बाद या ऐसे खेत में चरने के बाद अनेक भेड़-बकरियों के मरने व पशुओं के बीमार होने के समाचार मिले हैं। डा. सागरी रामदास ने इस मामले पर विस्तृत अनुसंधान किया है। उन्होंने बताया है कि ऐसे मामले विशेषकर आंध्रप्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक व महाराष्ट्र में सामने आए हैं, पर अनुसंधान-तंत्र ने इस पर बहुत कम ध्यान दिया है।



**इस विचार को इंडिपेंडेंट साईंस पैनल ने बहुत सारगर्भित ढंग से व्यक्त किया है। इस पैनल में एकत्र हुए विश्व के अनेक देशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने जीएम फसलों पर एक महत्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किया जिसमें उन्होंने कहा कि-जीएम फसलों के बारे में जिन लाभों का वायदा किया गया था, वे प्राप्त नहीं हुए हैं, बल्कि ये फसलें खेतों में बढ़ती समस्याएं पैदा कर रही हैं। इस बारे में व्यापक सहमति है कि इन फसलों का प्रसार होने पर ट्रान्सजेनिक-प्रदूषण से बचा नहीं जा सकता है। जाहिर है, जीएम व गैर-जीएम फसलों का सह-अस्तित्व नहीं हो सकता। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि जीएम फसलों की सुरक्षा प्रमाणित नहीं हो सकी है। इसके विपरीत पर्याप्त प्रमाण हैं जिनसे इन फसलों से सुरक्षा पर गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं। यदि इनकी उपेक्षा की गई तो स्वास्थ्य व पर्यावरण की क्षति होगी जिसकी पूर्ति नहीं हो सकती, जिसे फिर ठीक नहीं किया जा सकता।**

## विचार

# आरक्षण भीतर आरक्षण सही या गलत?

संजीव खुदशाह

1 अगस्त 2024 को आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के सात सदस्यीय पीठ के द्वारा देविन्दर सिंह विरूध पंजाब के बारे में फैसला आने के बाद अगड़ा दलित और पिछड़ा दलित के बीच द्वंद छिड़ गया है। दोनों ओर से अपने-अपने तर्क दिये जा रहे है। आज यह बहस राष्ट्रीदय पटल पर हो रही है। अगड़े दलित उनको माना जाता है जो आजादी के बाद से लगातार नौकरीपेशा में आ रहे हैं और इस जाति के काफी मात्रा में लोग आरक्षण का लाभ लेकर उच्च पदों तक पहुंचे हैं समृद्धशाली हुए हैं। जैसे जाटव, महार, अहिरवार, सतनामी आदि आदि। वहीं दूसरी ओर पिछड़े दलित उन्हें माना जाता है जिन्हें परिस्थितिवश या उनके अति पिछड़ापन होने के कारण आरक्षण का लाभ उस तरह से नहीं मिल पाया जिस तरह से अगड़े दलितों को मिला है। जैसे वाल्मीकि, लालबेगी, मेहतर, डोमार, बंसोर, चुहड़ा, घसिया, देवार आदि आदि। इनमें प्रतिनिधित्व का बंटवारा बेहद असमान है। सफाई कामगारों में भी लाभ लेने में वाल्मीकि जाति सबसे आगे है।

यहां यह बताना जरूरी है कि याचिकाकर्ता डॉक्टर ओपी शुक्ला जो कि दलित समाज से आते हैं, उनका कहना है कि आजादी के बाद से सफाई कामगार समाज का शोषण हुआ है। उनका प्रतिनिधित्व कहां गया? आखिर किसने उनका प्रतिनिधित्व खाया है? यह बता दें। वह कहते हैं कि मैंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका इसीलिए डाली ताकि संविधान के अनुसार जो सबसे अंतिम व्यक्ति है। उसे इसका फायदा मिल सके।




बहुत सारी ऐसी जातियां आज भी हैं जिन्हें सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। इस फैसले से दक्षिण भारत में खुशी का माहौल है तो उत्तर भारत में द्वंद छिड़ा है। अगड़े दलित कहते हैं कि यह फैसला विधिसम्म्त नहीं है। यह फूट डालो राज करो जैसा है। इस फैसले से दलितों में दो फाड़ हो जायेगा, वैमनस्य बढ़ेगा। वे कहते है कि उन्होंने अपना गंदा पुश्तैनी पेशा बहुत पहले छोड़ दिया था। लेकिन पिछड़े दलित जाति के लोगों ने अपना गंदा पुश्तैनी पेशा नहीं छोड़ा। जबकि डॉ अंबेडकर ने 1930 में यह आह्वान किया था कि अछूत अपना गंदा पेशा छोड़ दें। पिछड़े दलित जातियों में बहुत बड़ी संख्या सफाई कामगार जातियों की है। यह सत्य है कि इन्होंने अपना पुश्तैनी गंदा पेशा नहीं छोड़ा। इसके कारण इनमें उत्थान नहीं हो पाया। यह थोड़ा बहुत जागरूक हुई तो भी इन्होंने उस गंदे पेशे में अधिक वेतन और सुविधा की मांग करने लगे। कई जगह ऐसा भी देखने मिला कि वे इन पेशों में 100 प्रतिशत आरक्षण की मांग करने लगे। ऐसे भी उदाहरण हैं जबकि इन पिछड़े दलित जातियों के कुछ लोगों ने अपने गंदे पेशे को छोड़कर अच्छे पेशे को अपनाया और वह आगे तरक्की कर गये। माननीय सुप्रीम कोर्ट की सराहनीय पहल- हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति-जनजाति में क्रीमीलेयर की बात की थी जिसे माननीय प्रधानमंत्री ने लागू नहीं होगा- कहकर इस पर विराम लगा दिया, जो सही भी था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के दूसरे निर्देश जिसमें यह कहा गया कि पीछे रह गई जातियों में अलग से आरक्षण का बंटवारा भी किया जाएगा। यह सुप्रीम कोर्ट का एक सराहनीय पहल है। आखिर अतिपिछड़े दलित और आदिवासी को अलग से आरक्षण मिलेगा तो इससे किसे आपत्ति होगी?

यह प्रश्न खड़ा होता है कि आजादी के 75 साल बाद भी दलित आदिवासी इतने पिछड़े क्यों हैं? आखिर इनमें विकास और उत्थान क्यों नहीं हो रहा है? आखिर क्या कमी रह गई? गंदे पेशे से छुटकारा दिलाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए था। क्योंकि एक मानव के द्वारा अपमानजनक पेशे का किया जाना पूरे भारतवर्ष के लिए शर्म की बात है और संविधान के भी विरुद्ध है। चाहिए था कि जल्द से जल्द इन पेशे में लगे लोगों को हटाया जाए और मानव की जगह मशीन का उपयोग किया जाए। साथ-साथ इनका पुनर्वास किया जाना चाहिए। माननीय सुप्रीम कोर्ट से यह अपेक्षा थी कि अजा अजजा में जो आरक्षण दिया जाता है वह आरक्षण बहुत मात्रा में नॉट फाउंड सूटेबल कहकर जनरल पोस्ट भर दिए जाते हैं।

कई कई साल तक बैकलॉग की भर्तियां नहीं निकाली जाती हैं। निर्देश दिया जाना चाहिए था कि बैकलॉग की भर्तियां तुरंत करें और नॉट फाउंड सूटेबल को सामान्य में समायोजित न करके अगली भर्ती में उसकी वैकेंसी फिर से उसी केटेगरी में निकाली जाए। जाहिर है पिछड़े दलितों आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने के लिए हमें बहुत सारे कदम उठाने पड़ेगें सिर्फ आरक्षण से काम नहीं चलेगा। तभी हमारे देश में कोई पीछे नहीं रह जायेगा। न ही किसी को अपने विकास के लिए गुहार लगाने की जरूरत पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट के इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए।

**पिछड़े दलित जातियों में बहुत बड़ी संख्या सफाई कामगार जातियों की है। यह सत्य है कि इन्होंने अपना पुश्तैनी गंदा पेशा नहीं छोड़ा। इसके कारण इनमें उत्थान नहीं हो पाया। यह थोड़ा बहुत जागरूक हुई तो भी इन्होंने उस गंदे पेशे में अधिक वेतन और सुविधा की मांग करने लगे। कई जगह ऐसा भी देखने मिला कि वे इन पेशों में 100 प्रतिशत आरक्षण की मांग करने लगे। ऐसे भी उदाहरण हैं जबकि इन पिछड़े दलित जातियों के कुछ लोगों ने अपने गंदे पेशे को छोड़कर अच्छे पेशे को अपनाया और वह आगे तरक्की कर गये। माननीय सुप्रीम कोर्ट की सराहनीय पहल- हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति-जनजाति में क्रीमीलेयर की बात की थी जिसे माननीय प्रधानमंत्री ने लागू नहीं होगा- कहकर इस पर विराम लगा दिया, जो सही भी था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के दूसरे निर्देश जिसमें यह कहा गया कि पीछे रह गई जातियों में अलग से आरक्षण का बंटवारा भी किया जाएगा।**

# वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर भ्रांति फैलाना देशहित में नहीं

समाजवादी पार्टी का वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध सूत न कपास जुलाहों में लट्ठम लट्ठा जैसा है। ऐसा लगता है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव को वन नेशन वन इलेक्शन में खामियां निकालने के लिये कोई गंभीर मुद्दा नहीं मिल रहा है। वन नेशन, वन इलेक्शन के खिलाफ अखिलेश की बयानबाजी हवा हवाई से अधिक कुछ नहीं हैं। वह किसी भी तरह से जनता में भ्रम पैदा करना चाहते हैं।

इसी लिये वह बेतुके संदेह व्यक्त कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि अखिलेश इस बिल का इस लिये विरोध कर रहे हैं क्योंकि वन नेशन वन इलेक्शन मोदी सरकार की मंशा है। अखिलेश की मंशा सियासी है इसलिये उनकी पार्टी में भी इसको लेकर फूट नजर आ रही है। अखिलेश से इत्तर समाजवादी पार्टी के नेता रविदास मेहरोत्रा ने वन नेशन वन इलेक्शन का खुलकर समर्थन किया है। यह और बात है कि पार्टी ने रविदास मेहरोत्रा के बयान को उनकी निजी राय बता कर पल्ला झाड़ लिया है। बात वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर अखिलेश के बिगड़े बोलों की कि जाये तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पूछ रहे हैं, 'अगर 'वन नेशन, वन नेशन' सिद्धांत के रूप में है तो कृपया स्पष्ट किया जाए कि प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक के सभी ग्राम, टाउन, नगर निकायों के चुनाव भी साथ ही होंगे। यदि अखिलेश रिपोर्ट पढ़ लेते तो उन्हें मालूम रहता कि पहले चरण में लोकसभा व देश के सभी विधान सभाओं और दूसरे चरण में 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकायों के चुनाव कराने की सिफारिश की गई है। अखिलेश पूछ रहे हैं कि किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने पर क्या जनता की चुनी सरकार को वापस आने के लिए अगले आम चुनावों तक का इंतज़ार करना पड़ेगा या फिर पूरे देश में फिर से चुनाव होगा?इसको लेकर भी रिपोर्ट में साफ-साफ कहा गया है कि अगर किसी विधान सभा का चुनाव अपरिहार्य कारणों से एक साथ नहीं हो पाता है तो बाद की तिथि में होगा,लेकिन कार्यकाल उसी दिन समाप्त होगा जिस दिन लोकसभा का कार्यकाल समाप्त होगा। यदि किसी राज्य की विधान सभा बीच में भंग हो हाती है,तो नया चुनाव विधानसभा के बाकी के कार्यकाल के लिये ही कराया जायेगा। अखिलेश पूछ रहे हैं वन नेशन वन इलेक्शन योजना चुनावों का निजीकरण करके परिणाम बदलने की तो नहीं है? ऐसी आशंका इसलिए जन्म ले रही है क्योंकि कल को सरकार ये कहेगी कि इतने बड़े स्तर पर चुनाव कराने के लिए उसके पास मानवीय व अन्य जरूरी संसाधन ही नहीं हैं, इसीलिए हम चुनाव कराने का काम भी (अपने लोगों को) ठेके पर दे रहे हैं। यह भी हास्यास्पद है। ऐसा नहीं है कि कभी लोकसभा और विधान सभा के चुनाव साथ हुए ही नहीं हैं। 1951 से 1967 तक चुनाव एक साथ होते थे। उसके बाद में 1999 में लॉ कमिशन ने अपनी रिपोर्ट में ये सिफ़ारिश की थी देश में चुनाव एक साथ होने चाहिए, जिससे देश में विकास कार्य चलते रहें। वन नेशन, वन इलेक्शन कोई आज की बात नहीं है. इसकी कोशिश 1983 से ही शुरू हो गई थी और तब इंदिरा गांधी ने इसे अस्वीकार कर दिया था। ये कहा जा रहा है कि एक साथ चुनाव कराए जाने का अंततः सबसे अधिक फ़ायदा बीजेपी और कांग्रेस जैसी बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों को होगा और छोटी पार्टियों के लिए एक साथ कई राज्यों में स्थानीय और लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान चलाना कठिन हो सकता है। बहरहाल, कांग्रेस कह चुकी है कि वो एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार का कड़ा विरोध करती है और इस विचार पर काम नहीं करना चाहिए। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने हाई लेवल कमेटी के आगे पूरी तरह से वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध नहीं किया था लेकिन उसने इसको लेकर चिंता जताई। पार्टी प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया वेबसाइट एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एक देश, एक चुनाव की व्यवस्था के तहत देश में लोकसभा, विधानसभा व स्थानीय निकाय का चुनाव एक साथ कराने वाले प्रस्ताव को केन्द्रीय कैबिनेट की मंज़ूरी पर हमारी पार्टी का स्टैंड सकारात्मक है, लेकिन इसका उद्देश्य देश व जनहित में होना ज़रूरी है।



## राशिफल

**मेष:-** क्रोध व शंका छोड़ संबंधों में प्यार विखेरें। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिन्ता उत्पन्न करेगी। किसी नए कार्य में मन केन्द्रित होगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**वृष:-** भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में व्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। खराब संगत से दूरी बनाएं।

**मिथुन:-** महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों के प्रति मन केन्द्रित होगा। अत्यधिक कायरे की व्यस्तता से मन परेशान होगा। पारम्परिक कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**कर्क:-** जीविका क्षेत्र में नए आयाम आपको उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हलकर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की ब्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी विचारों से सिंचित करें। महत्वपूर्ण क्षेत्र में संबंधों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

**कन्या:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक हो सकता है। लेकिन प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी। परिवार में कोई सुखद माहौल बनेगा।

**तुला:-** हर वक्त अपने को लाचार बनाए रखना अच्छी बात नहीं, समय का सदोपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा दें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक:-** शासन-सत्ता के सहयोग से कार्य क्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। प्रयत्न की सार्थकता उच्छृंखलता व व्यग्रता क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**धनु:-** कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत के चकाचौंध आप प्रभावित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के आसार बढ़ेगे। अच्छे ब्यवहारकुशलता से सामाजिक मान-मर्यादा में वृद्धि होगी।

**मकर:-** कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफहोगी। पूर्वाग्रह वश मन में संबंधों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**कुंभ:-**खाली मन शैतान का घर अपने दिनर्चया को सुधारें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। पारिवारिक जरुरतों की पूर्ति साधनाभाव से मन चिंतित होगा।

**मीन:-** भौतिक सुख-साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी। परिश्रम द्वारा नए अवसरों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

# प्राइमरी स्कूलों की खेलों को बंद क्यों किया

भूपिंद्र सिंह

स्कूली स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने की चर्चा तो दूर की बात लग रही है, यहां तो प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय प्राथमिक स्कूलों की खेलों को बंद करने का फरमान यह कहकर सुना चुका है कि खेल गैर-जरूरी, फिजूलखर्ची व समय की बर्बादी है। क्लास रूम पढ़ाई को संपूर्ण शिक्षा समझने वाले शिक्षा के कर्णधारों को कब विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के बारे में ज्ञान होगा? खेल बच्चों को फिटनेस की तरफ मोडने का बहुत ही सरल तरीका है और फिटनेस के बगैर जीवन अधूरा है। शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो, क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, स्ट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रयोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है, जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं, किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिएं। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है, तो वह फिर युवावस्था आते-आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं में व्यस्त रखने के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है, जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सकें।

शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य रहा है। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना, वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाडियों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की खेलों के लिए अपने पहले कार्यकाल से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा देश में प्रशिक्षक कैडर डाईंग हो जाने के बाद पहली बार प्रशिक्षकों की भर्ती में बहुत बड़े खेल सुधार किए। हिमाचल प्रदेश की खेल सुविधाओं का प्रयोग राज्य में स्वास्थ्य व खेलों के लिए बड़े स्तर पर करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है।पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण है विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांवों में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। विद्यालय आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है। पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है।

**माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं में व्यस्त रखने के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है, जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सकें। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य रहा है। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना, वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# मेडिकल कालेज के स्थान पर दो सौ शैय्या वाला अस्पताल खोलने का फैसला

- अस्पताल के लिये इक्कीस करोड़ का आगणन भेजा शासन को
- भूमि भी मेडिकल कालेज से अस्पताल के लिये स्थानांतरित
- जिले के लोगों को लगा एक और झटका
- दो दशक पहले भी यहां से मेडिकल कालेज चला गया था उरई

विनोद शुक्ला

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कुराना ब्लाक के रिठौराडांडा गांव में स्थापित होने वाला मेडिकल कालेज के स्थान पर फिलहाल शासन ने दो सौ शैय्या वाला अस्पताल खोलने का फैसला किया है,इसके लिये मेडिकल कालेज की भूमि भी अस्पताल के नाम स्थानांतरित हो गयी है,अस्पताल के लिये लोनिवि बांदा ने इक्कीस करोड़ रुपये का आगणन बनाकर शासन को भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक कई सालों से उम्मीद लगाये बैठे जनपद वासियों को मेडिकल कालेज खोले जाने पर फिलहाल निराशा हाथ आयी है,पीपीपी माडल पर खुलने वाला मेडिकल कालेज के लिये कोई पूंजी निवेश करने को तैयार नही हो रहा है यही कारण है कि मेडिकल कालेज के लिये खोले जाने वाले टेंडर पर किसी की सहभागिता सामने नही आयी है लिहाजा हार थक कर शासन ने दो सौ शैय्या का अस्पताल खोलने का फैसला किया है। हालांकि अस्पताल के स्थान पर ट्रामासेंटर भी स्थापित हो सकता था मगर मेडिकल कालेज की भूमि ग्राम पंचायत की भूमि थी वह भी मुख्य सड़क से पांच किलोमीटर अन्दर थी इसलिये ट्रामा सेंटर के मानक में नही आ पा रहा था। बताया जाता है कि मेडिकल कालेज खुलने की सूचना पाकर जिले के लोगो में हर्ष व्याप्त हो गया था मगर वह खुशी एक ही झटके मे समाप्त हो गयी है। डाक्टरो का तर्क है कि मेडिकल कालेज कम से कम तीन सौ करोड की लागत से स्थापित होना था इतने बजट में सड़के के किनारे जमीन खरीदकर कालेज की स्थापना की सकती थी इसके लिये कई कार्यदायी संस्थाओ ने मन भी बना लिया था मगर इस मामले में किसी ने गंभीरता से विचार नही किया अन्यथा मेडिकल कालेज की स्थापना हो सकती थी। जानकार लोगो का कहना है कि मेडिकल कालेज के लिये कम से कम तीन सौ बेड वाला अस्पताल होना चाहिये हो सकता है कि निकट भविष्य में रिठौरा डाडा का अस्पताल व जिला अस्पताल के बेड जोड़कर शासन मेडिकल कालेज के लिये फिर से विचार कर ले। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डा. गीतम सिंह का कहना है कि फिलहाल शासन दो सौ बेड का अस्पताल बनाने का फैसला किया है इसके लिये कार्यवाही भी शुरु कर दी गयी है। शासन उनसे जो रिपोर्ट मांगता है उसकी जानकारी दे देते है। शासन के आदेश से लोनिवि बांदा ने अस्पताल का इस्टीमेट बनाकर भेज दियाहै। दो दशक पहले हमीरपुर में आया मेडिकल कालेज किसी कारणवश उरई के लिये स्थानान्तरि हो गया था कालेज के लिये कोई न कोई अड़चने आती रहती है। इस मर्तवा पीपीपी वाली समस्या सामने आ गयी है।

### मेडिकल कालेज के लिये मिनरल्स फंड में जमा है करीब सौ करोड़ रुपये

मेडिकल कालेज के लिये डीएमएफ यानी डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड में करीब सौ करोड़ रुपये जमा हो चुके थे लोगो को उम्मीद थी कि अब मेडिकल कालेज तो बनना तय है मगर सारी उम्मीदें ध्वस्त हो गयी। अब यह धनराशि कहां खर्च की जायेगी इसको लेकर तरह तरह की अटकलें लगायी जा रही है। रिठौरा डाडा के ग्रामीणो ने बताया कि कालेज बनने से जंगल में मंगल हो जायेगा। मगर समस्या वही ढांक के तीन पांत वाली कहावत चरितार्थ हो गयी। कालेज बनने से कई जिलों के लोग लाभान्वित होते।

### जनप्रतिनिधियों ने भी लगाया था एड़ी चोटी का जोर

हमीरपुर। मेडिकल कालेज के लिये जिले के जनप्रतिनिधियों ने स्थापित होने के लिये काफी प्रयास किये मगर पीपीपी माडल हर मर्तवा सामने आती रही है। राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद व हमीरपुर के सदर विधायक मनोज प्रजापति ने शासन स्तर पर बात की मगर अंत में कालेज के स्थान पर मिला दो सौ बेड का अस्पताल। लोगो का कहनाहै कि यदि इस अस्पताल को ट्रामा सेंटर में बदला लिया जाये तो गरीब मरीजों को काफी सहूलियते मिल सकती है।

# मासूम को डिप्थीरिया रोग पाये जाने पर हड़कंप

- डिप्थीरिया रोग संक्रामक के साथ खतरनाक

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला अस्पताल में डिप्थीरिया जैसा खतरनाक रोगी पाये जाने व मरीज को इंजेक्शन लगाये विना घर जाने देने पर सीएमओ ने नाराजगी व्यक्त की है। सीएमओ ने मामले की जानकारी सीएमएस कर आवश्यक निर्देश दिये है।

जानकारी के मुताबिक सुमेरपुर विकास खंड के बिरखेरा गांव निवासी पवन की चार साल की बेटी अर्पिता को जांच में डिप्थीरिया रोग पाया गया जो काफी खतरनाक बताया जाता है। डा. आशुतोष निरंजन ने बताया कि उसका सैम्पल भेजा गया है मरीज के तीमारदार से बच्चे को इंजेक्शन लगाने को कहा गया मगर उसने इंजेक्शन लगवाने से साफ मना कर दिया और गांव चला गया है। सीएमओ डा गीतम सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुये जिला अस्पताल के सीएमएस डा एसपी गुप्ता से जानकारी की, सीएमओ का कहना है कि डिप्थीरिया रोग संक्रामक के साथ साथ खतरनाक है इसका इलाज समय रहते नही कराया गया तो अन्य बच्चों को पकड़ लेता है।

बच्ची को इंजेक्शन लगवाने के लिये सुमेरपुर सीएचसी के एमओआईसी के साथ साथ आशा व अन्य स्वास्थ्यकर्मियोंको पत्र लिखा गया है। ताकि उसका इलाज किया जा सके।

## खबरें एक नजर में

### जनपद स्तरीय शिक्षक टीएलएम मेला आयोजित



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में जनपद स्तरीय शिक्षक टी एल एम मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारीलाल कोली एवं राजकीय इंटर कॉलेज महोबा के प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। जनपदीय नोडल दिलीप कुमार प्रवक्ता रसायन विज्ञान राजकीय इंटर कॉलेज महोबा के द्वारा इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन एवं संचालन किया गया। मेले में वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से आए हुए असिस्टेंट प्रोफेसर के द्वारा निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई गई । सभी राजकीय विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों के द्वारा अपने अपने टी एल एम का प्रदर्शन किया गया तत्पश्चात सभी विजेता शिक्षकों एवं प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अंत में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की प्रधानाचार्या श्रीमती आशी सिंह के द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### तीन बारंटी न्यायाल में पेश

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस द्वारा कस्बा सहित क्षेत्र के तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है जिनमे रामखिलावन पुत्र कुंजीलाल निवासी ग्राम भौली,धर्मेंद्र सिंह पुत्र रामबाबू निवासी कस्बा कुरारा तथा फूलचंद पुत्र अलखराम निवासी ग्राम झलोखर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जिन्हें न्यायालय से जेल भेज दिया गया।

### दो लाख की चोरी कर चोरों ने पुलिस को दी चुनौती

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** सिसोलर गांव में चोरो ने करीब दो लाख की चोरी कर पुलिस की नीद हराम कर दी है। शिवप्रसाद पुत्र मैयादीन ने पुलिस को बताया कि वह बैंक ऑफ़ बड़ौदा सेएक लाख नगद निकाल कर झोले में डाल बाइक से स्टेट बैंक पहुंच वहां से 55 हजार रुपये निकाल कर झोले में डालकर तहसील पहुंच निजी कार्य निपटने के बाद बाइक को स्टार्ट कर घर जाने का प्रयास किया तब उसकी बाइक की चाबी गाड़ी में नहीं लग रही थी जिसे वह हैरान और परेशान रहा और कुछ दूर चलकर पंचर की दुकान से सही करने के लिए गया और कुछ देर बाद जब गाड़ी को स्टार्ट करने के लिए पुन प्रयास किया तो वह स्टार्ट हो गई ऐसी स्थिति में अपने थैले को डिग्गी के अंदर पूर्व में रख दिया गया था उसे देखने के मकसद से डिग्गी खोली तो झोले सहित नगदी न होने से पीड़ित हड़बड़ा गया और यह देख तहसील में मौजूद लोगों ने ढांढस बधाते हुए तत्काल कोतवाली भेजने की सलाह दी पीड़ित कोतवाली पहुंच प्रार्थना पत्र सौंप कर न्याय की गुहार लगाई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पडताल शुरु कर दी है।

### मारपीट की शिकायत पुलिस से

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** कुम्हारौड़ा मोहल्ला निवासी रूबी पत्नी जमशेद ने पुलिस को बताया कि उसकी देवरानी के मायके पक्ष वालों से मन मुटाव चल रहा है और पति के घर से बाहर होने पर मैं और मेरी सास घर में मौजूद थे तभी देवरानी रोशनी अपने पिता अजीमुद्दीन मां बच्चो के साथ मिलकर घर में घुस आए और बुरी तरह मेरे साथ मारपीट कर गाली गलौज किया और सोने चांदी जेवरात लेकर मौके से रफू चक्कर हो गया जबकि यह पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है और पुलिस प्रशासन से आस लगाए हुए हैं कि इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने जल्द ही जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### सुपरवाइजर की संदिग्ध मौत, हत्या की आशंका, पुलिस ने शुरु की जांच

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** नहर बाईपास पर आईटीआई का भवन निर्माण कार्य करा रहे ओम कंसन्ट्रेशन कंपनी के सुपरवाइजर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक की बहन ने भाई की हत्या करने की अशंका जताई है। जनपद महोबा के चरखारी थाना अंतर्गत चिंतेपुरा मोहल्ला निवासी रमेश अहिरवार ने बताया कि उसका छोटा भाई 57 वर्षीय गोपाल पुत्र रमजू अहिरवार ओम कंसन्ट्रेशन कंपनी में सुपरवाइजर है। वह कंपनी के माध्यम से राठ कस्बे के नहर बाईपास पर आईटीआई भवन का निर्माण कार्य करा रहे थे। गुरुवार की रात स्वजनों की उनसे वीडियो काल पर बात हुई। सुबह उनकी मृत होने की सूचना मिली। मृतक की बहन कस्तूरी ने बताया कि उनकी भाई की हत्या हुई है। उसके सिर पर चोटें हैं। मृतक अपने पीछे दो पुत्री मोहनीए सोहनीए दो पुत्र मोहितए अमन छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी लीला का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना स्पष्ट हो सकेगी।

### गन्ना समिति उतरौला के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** गन्ना विकास परिषद, रामगढ़ सीतापुर में गन्ना पर्यवेक्षक के साथ अराजक तत्वों द्वारा किए गए मारपीट, गालीगलौज तथा शासकीय अभिलेख को क्षति पहुंचाने के विरोध में गन्ना विकास परिषद, उतरौला, बलरामपुर के गन्ना पर्यवेक्षक एवं समस्त स्टाफ द्वारा काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। समस्त स्टाफ द्वारा अराजक तत्वों पर विधि कार्रवाई की मांग की गई। इस प्रकार के कुकृत्य का निंदा किया गया तथा अपराधी अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग की गई। यदि गन्ना पर्यवेक्षकों को उचित सुरक्षा एवं उचित कार्य दशा उपलब्ध नहीं होता है, तो प्रदेश संगठन के आह्वान पर कार्य बहिष्कार भी किया जाएगा। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, उतरौला बलरामपुर, अमित कुमार शाह, अतुल कुमार सिंह, मनोज कुमार श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार, परमेश्वर कुशवाहा, सनोज कुमार रावत, अजीत कुमार चौधरी तथा उपेंद्र सिंह आदि पर्यवेक्षक एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# अक्सर गायब रहता है बैंक का सर्वर, उपभोक्ता परेशान

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



बैंक में सर्वर की समस्या के चलते उपभोक्ता परेशान है। अपने आवश्यक कामो के लिए बैंक से रुपये निकालने आने वाले उपभोक्ताओं को आवश्यकता के समय बैंक पैसे नही दे पा रहा है।

कस्बे के बेरी तिराहे पर स्थित आर्यावर्त बैंक में क्षेत्र बीते 17 सितंबर से सर्वर नही आ रहा है जिसके चलते दूर ग्रामो से आने वाले उपभोक्ता सारा सारा दिन इंतजार करने के बाद खाली हांथ वापस लौट रहे है। कस्बा निवासी रहीश खान ने बताया कि बीते तीन दिनों से रोज बैंक आ रहा हूँ परंतु सर्वर नही है बताकर टरका दिया जाता है।

सर्वर की समस्या से लोग परेशान है। वही बैंक में करीब आधा सैकड़ा से अधिक उपभोक्ता जमीन में बैठकर जिनमे आधे से ज्यादा महिलाएं पूरा पूरा दिन सर्वर आने का इंतजार कर रही है। कस्बा निवासी बृद्ध मोहन ने बताया कि बीमारी के इलाज के लिए बैंक से पैसे निकालने आये परंतु बैंक वाले कह रहे है कि सिस्टम गड़बड़ है। फिर कभी आना वही पतारा गांव निवासी जगभान ने बताया कि बहुत आवश्यक काम है दो दिनों से रोज आ रहे है बैंक का सर्वर बंद है जिससे परेशानी हो रही है।

हमारा जमा पैसा निकालने के लिए हमे ही चक्कर लगाना पढ़ रहा है। खरौंज गांव निवासी अजय सिंह ने बताया कि रोज किराया लगाकर बैंक आ रहे है ताकि इलाज के लिए रुपये निकाल सके पर पूरादिन बैठने के बाद भी रुपया नही मिल पा रहा है।

झलोखर गांव निवासी माहेश्वरीदीन ने बताया कि बच्चो की स्कूल की फीस जमा करनी है बैंक का सर्वर फेल है। जब से नया स्टाफ आया है ये ऐसे ही करते है। वही बैंक मैनेजर रुचि वर्मा ने बताया कि बीते 17 सितंबर से सर्वर की समस्या आ रही है। बैंक का पूरा सॉफ्टवेअर बदला गया है जिसके चलते ये समस्या आ रही है। शिकायत की गई है जल्द समस्या का समाधान होगा।

# लकड़बग्घे की दहशत से ग्रामीण परेशान

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के ग्राम किशवाही में बीती शाम सरकारी विद्यालय के पास लकड़बग्घा दिखने पर ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने गांव पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है हालांकि वन क्षेत्र अधिकारी ने ने गांव में लकड़बग्घा जैसे जानवर की मौजूदगी होने से इनकार किया है।

मौदहा क्षेत्र के ग्राम किशवाही में घासी आरख,अमर सिंह पाल व रामबली पाल के घर गांव के बाहर जूनियर हाई स्कूल विद्यालय के पास ही है। गुरुवार की देर शाम जब यह अपने दरवाजे पर बैठे हुए थे तभी उन्हें विद्यालय के समीप एक लकड़बग्घा जैसी आकृति का जानवर दिखाई दिया। उनके शोर मचाते ही वह जानवर अंधेरे में गायब हो गया। इसकी जानकारी फैलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई उन्होंने अपने घरों के बाहर बंधे छोटे पशुओं को घर में बाँध स्वयं अपने घरों में कैद हो गए। जब ग्रामीणों ने इस मामले की सूचना वन विभाग को दी तो वन विभाग की टीम ने आनन फानन गांव पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से टोर्च की रोशनी में उक्त जानवर की काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। वन विभाग की टीम काफी खोजबीन के बाद थक हार वापस लौट गई हालांकि इस घटना से ग्रामीणों में खासी दहशत फैल गई है वहीं वन क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार ने गांव में लकड़बग्घे जैसे जानवर की मौजूदगी होने से इनकार किया है। बताते चलें कि क्षेत्र में बहने वाली चंद्रावल नदी उफान पर होने के चलते नदी किनारे कगारों पर बने लकड़बग्घों के निवास ;खोहद्ध में पानी भर जाने के चलते वह बेघर हो गए हैं जिसके चलते वह वर्तमान समय में खेतों व इधर.उधर भटकते घूम रहे हैं। शाम होते ही यह ग्राम छिमोलीए सिजनोड़ाए भैंसताए पढोहरी व नरायच आदि गांवों के आसपास खेतों में देखे जा सकते हैं।

### फसल खराब होने से किसान फांसी पर झूला



**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** बलकट से खेती कर रहे किसान की फसल खराब हो जाने पर किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना मझगवां निवासी संतोष अहिरवार ने बताया कि उसका चचेरा भाई झल्लन (45) पुत्र पतिया अहिरवार 30 बीघा जमीन बलकट में लिए था। खेती कर वह परिवार का भरण.पोषण करता था। बताया कि इस वर्ष उसने उर्द मूंग की फसल की थी। अधिक वर्षा होने पर फसल पूरी तरह चौपट हो गई। जिससे वह परेशान रहना लगा। बताया कि गुरुवार की रात उसने कमरे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब स्वजनों ने युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। बताया कि मृतक की मां गुदनिया के नाम चार बीघा जमीन है। मृतक अपने पीछे एक पुत्र सतीशए एक पुत्री रचना छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी ओमवती का रो रोकर बुरा हाल है।

# राजस्व कार्यों के संबंध में सीएम डेश बोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों के संबंध में सी.एम. डेश बोर्ड की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न राजस्व कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि डाटा फीडिंग में कोई श्रुटि न हो अथवा कोई डेटा पोर्टल पर छूटने न पाए, जिससे जनपद की रैंकिंग पर विपरीत प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि जिन विभागों का डाटा अब तक पोर्टल पर फीड नहीं हुआ है सुनिश्चित करें की आज निर्धारित समय तक डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण हो जाए। उन्होंने बी,सी, डी और ई ग्रेड बाली परियोजनाओं में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए और कहा कि विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवेदनो को लंबित न रखें और समय अंतर्गत निस्तारण करें। इस मौके अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, उप जिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# सीएचसी जैतपुर में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

- महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**जैतपुर (महोबा), समृद्धि न्यूज।**




भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम संकल्प एचईडब्लू के तहत 21 जून से 4 अक्टूबर 2024 तक 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसमें महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार में शुक्रवार को 100 दिन कैपनिंगस बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम के तहत जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैतपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बेटी जन्म उत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बेटी है तो कल है कार्यक्रम में चिकित्साधिकारी डॉ पवन राजपूत एवं सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधन क्षमा द्वारा नवजात बच्चों को बेबी किट एवं माता को बधाई पत्र देकर सम्मानित किया गया।मातृत्व लाभ योजना सप्ताह के थीम के अंतर्गत महिलाओं को सखी वन स्टाप सेन्टर की प्रबन्धक क्षमा के द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही वन स्टॉप सेंटर के समस्त सुविधा एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमें योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे में एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को विस्तार से बताया गया, साथ ही वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रबन्धक क्षमा ने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं के साथ हो रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने,अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी देने व साथ ही उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। केस वर्कर अर्चना द्वारा बाल सेवा योजना और सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098,181,1090 की जानकारी भी प्रदान की गई। दहेज प्रथा को समाप्त करने,बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने ,बाल श्रम को रोकने,के लिए सभी को जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ पवन राजपूत, शैलेन्द्र सिंह सेंगर,बीसीपीएम शिवचरण पाल सहित जनमानस उपस्थित रहा।

# स्वच्छता ही सेवा का एनएसएस स्वयंसेवियों ने लिया संकल्प

- वीरभूमि महाविद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एन एस एस स्वयंसेवियों द्वारा क्षेत्रीय उच्चशिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य लेफ्टिनेंट प्रो सुशील बाबू के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले स्वच्छता अभियान चलाया गया।

स्वच्छता अभियान में छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई इस अवसर पर एन एस एस नोडल अधिकारी डॉ संतोष पांडेय ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान सिर्फ कार्य नहीं है बल्कि संस्कार है हमारे आसपास की गंदगी हमारी मनोवृत्ति को दर्शाती है स्वच्छता अभियान हमारे देश को विकसित एवं अग्रणी देश की कतार में शामिल करने का अभियान है ।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोवित कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता सौंदर्य की जननी है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मधुबाला सरोजिनी ने कहा कि बदलते मौसम में कई संक्रामक बीमारियों से साफ सफाई हमें बचाती है।

स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अरविंद कुमार,डॉ एस एस राजपूत, डॉ. के सी वर्मा,अनुराग सिंह, शैलेष तिवारी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने अपनी भूमिका निभाई।

### नौकरी का झांसा देकर महिला से रेप

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** शहर कोतवाली इलाके में नौकरी का झांसा देकर महिला से रेप की वारदात सामने आई है। पीड़ित महिला ने पीडी महोबा में तैनात कर्मचारी महेंद्र कुमार पर घर में घुसकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर बलात्कार करने का आरोप लगाया है। मामले से परेशान महिला ने कोतवाली में शिकायती पत्र आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है महोबा शहर कोतवाली इलाके के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने आरोप लगाया कि वह घर में अपनी बेटी के साथ घरेलू कार्य कर रही थी तभी महेंद्र कुमार नामक व्यक्ति घर के अंदर आ गया था जिसने कहा कि मैं पीडब्ल्यूडी में क्लर्क के पद पर तैनात हूं मैं तुम्हें उसे विभाग में जल्द ही नौकरी लगवा दूंगा। इस बात का झांसा देकर उसने मुझे कोल्ड ड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और मेरे साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। मेरे द्वारा विरोध करने पर उसने परिवार और मेरी बेटी को मारने की धमकी दी है। मामले से परेशान होकर मैं कोतवाली में शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई है।

# बुंदेलखंड किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत हुए भरत तिवारी

**पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज।**



बुंदेलखंड किसान यूनियन के कार्यालय का भूमिपूजन कार्यक्रम शुक्रवार को ब्लॉक अंतर्गत देवगनपुरा में विधिविधान से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन से जुड़े प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान संगठन की राष्ट्रीय इकाई की ओर से युवा समाजसेवी भरत तिवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तिवारी ने कहा कि वह सदैव किसान हितों के लिए संगठन द्वारा सौ गए प्रत्येक काम को तन मन धन से पूरा करने का प्रयास करेंगे। सिंचाई, खाद, कृषि उपकरण से लेकर सरकारी, गैर सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए आंदोलित बुंदेलखंड किसान यूनियन की पहचान जुझारू संगठन के तौर पर होती है।

# शिरडी साईं बाबा स्कूल निस्वारा के शिक्षक सम्मानित

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पनवाड़ी विकास खण्ड के निस्वारा स्थित साईंधाम से मशहूर शिरडी साई बाबा इंटर कालेज निस्वारा में चल रही निशुल्क शिक्षा व्यवस्था के मुरीद हुए स्टेट बैंक ब्रांच पनवाड़ी के शाखा प्रबंधक अनुज कुमार द्विवेदी उन्होंने शुक्रवार को स्कूल जाकर यहाँ की व्यवस्था को परखा और मद्यान्ह भोजन व्यवस्था की तारीफ की शाखा प्रबंधक अनुज कुमार ने कहा कि यह स्कूल क्षेत्र के लिए वरदान है और एकल अभिवावक के स्टूडेंट्स को वरीयता के आधार पर दाखिला बहुत अच्छी पहल है उन्होंने स्कूल संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता के लिए कहा उनकी सेवा अंत्योदय से सर्वोदय की ओर है उनके अनेक कार्य सराहनीय है उन्होंने शिक्षण कार्य को भी परखा स्टूडेंट्स सभी ड्रेस में दिखे इस अवसर पर उन्होंने विज्ञान वर्ग के शिक्षकों कासम्मान भी किया जिसमें एम एस सी गणित स्वाति परिहार एम एस सी रसायन विज्ञान रश्मि गुप्ता एम एच सी शिल्पी सुल्खेरे सामिल थी एवम बेहतर प्रशासन के लिए प्रशाशक उपेन्द्र द्विवेदी को भी सम्मानित किया उक्त अवसर पर सभी टीचर एवम छात्र छात्राएं उपस्थित रहे अंत में स्कूल इंचार्ज ने भी शाखा प्रबंधक को स्मृति चिन्ह वतौर बाबा की प्रतिमा देकर उनका सम्मान किया।

# एसपी ने थाना महोबकंठ व पनवाड़ी का किया औचक निरीक्षण

- थानाक्षेत्र में पैदल गस्त कर कराया सुरक्षा का एहसास

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा देर रात्रि में बिना पूर्व सूचना के थाना महोबकंठ एवं थाना पनवाड़ी का औचक निरीक्षण किया गया है।

इस औचक निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के अभिलेखों, बैरिक, मैस, मालखाना, हवालात, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष इत्यादि का निरीक्षण, थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई का निरीक्षण, लम्बित मामलों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। स्थानीय पुलिस कर्मियों से वार्ता कर उनके कार्यों की समीक्षा की गई है साथ ही उनको बीट बुक अपडेट रखने व महिला बीट आरक्षियों को थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में जाकर महिला सशक्तिकरण अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण रजि. यथा- त्यौहार, अपराध, भूमि विवाद, बीट सूचना अंकन रजिस्टर, सजायवी रजिस्टर तथा फ्लाईशीट का गहनता से अवलोकन कर सम्बन्धित थाना प्रभारी को महिला अपराधों के प्रति अधिक संवेदनशीलता बरते जाने व त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं साथ ही अभिलेखों के उचित रख-रखाव के साथ अद्यावधिक किये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र में शान्ति एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था के दृष्टिगत प्रभावी पैदल गस्त कर एरियाडोमिनेशन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया गया है। इस दौरान स्थानीय लोगों से संवाद कर सुरक्षित परिवेश का एहसास कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ राधेश्याम वर्मा, प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी मनीष कुमार पाण्डेय, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित थाना स्थानीय पर नियुक्त समस्त अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# एसडीएम ने छात्रों को बुलाकर सुनी समस्याएं



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के प्रधानाचार्य की कार्यशैली से नाराज होकर पहुंचे तहसील परिसर जहां पर उन्होंने किया विरोध प्रदर्शन उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह ने सभी छात्रों को तहसील सभागार में बुलाकर कर उनकी समस्याएं सुनी। जिसमें छात्रों ने बताया कि उनके क्लास में काफी गंदगी रहती है जिससे उनका क्लास में बैठना मुश्किल हो रहा है। यह समस्या प्रधानाचार्य को बताई गई तो प्रधानाचार्य ने अनदेखी करते हुए छात्रों से अभद्रता कियाऔर नाम काटने की धमकी दी। जिस पर एसडीएम ने राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर के प्रधानाचार्य अनंत यादव को भी बैठक में बुलाया दोनों के मध्य बातचीत हुई। एसडीएम ने छात्र-छात्राओं की समस्या को आज ही निस्तारण किये जाने आश्वासन देकर समझाबुझाकर स्कूल भेज दिया। वहीं एसडीएम ने प्रधानाचार्य को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने की बात कही है। मामला बाराबंकी जनपद के तहसील सिरौली गौसपुर क्षेत्र में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर में कक्षा 9 से इंटर तक के छात्र छात्राएं पढ़ते हैं। यहां पर स्टाफ की कमी है। जिससे विद्यालय में अव्यवस्था बनी रहती है। स्कूल के छात्र सत्यम, प्रमोद, विवेक, शिवा, अनुज कुमार, कृष्णा वर्मा, सिद्धांत, मनीष कुमार, अंकुल, रमन,प्रियांशु, अंकेश, शिवम, अंशुमान, अभिषेक, आदि छात्रों का कहना है कि वह प्रधानाचार्य से कमरे की साफ सफाई करवाने तथा सीट उपलब्ध करवाने के लिए कहा प्रधानाध्यापक ने अनदेखी करते हुए केवल खानापूर्ति करवा दिया। इसके बाद हम लोग फिर प्रधानाचार्य के पास गए। इससे नाराज होकर प्रधानाध्यापक ने नाम काटने की धमकी देने लगे।

इस संबंध में उप जिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह ने बताया कि उनके पास राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र आए थे उनकी समस्याएं बैठ कर सुनी गई। साफ सफाई आदि की समस्याओं को निस्तारण आज ही करवा दिया गया। अन्य समस्याओं के लिए प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया है तथा प्रधानाचार्य को नोटिस भी जारी किया गया है।

## कल मनाई जाएगी स्व. प्रेमा अवस्थी की प्रथम पुण्यतिथि

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** शिक्षा के क्षेत्र में अति पिछड़े हैदरगढ़ में शिक्षा की अलख जगाने वाले पूर्व विधायक स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ अवस्थी की पत्नी स्वर्गीय प्रेमा अवस्थी की प्रथम पुण्यतिथि कल रविवार को मनाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए स्वर्गीय अवस्थी के सबसे छोटे पुत्र सिद्धार्थ अवस्थी ने बताया कि जयंती के अवसर पर ग्राम्यांचल महाविद्यालय के परिसर में स्थित स्मृति उपवन में सुबह 10 बजे शांति पाठ का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हैदरगढ़ क्षेत्र में उच्च शिक्षा की अलग जगाने वाले स्वर्गीय अवस्थी के निधन के बाद कई वर्षों तक उनकी अर्धांगिनी स्वर्गीय प्रेमा अवस्थी द्वारा ग्राम्यांचल शिक्षा संकुल के अंतर्गत संचालित विभिन्न शिक्षा संकायों का कुशल संचालन किया गया।

# अधीक्षक की अध्यक्षता में हुए किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ द्वारा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज हैदरगढ़ में किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन डॉ सौरभ शुक्ला अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ एवं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य पूनम कनौजिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला की उपस्थिति में किशोरियों का स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ प्रभारी डॉक्टर सौरभ शुक्ला ने बताया कि काउंसलिंग से किशोरियों के जीवन में बड़े बदलाव भी देखने को मिल रहे हैं इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में किशोर क्लीनिक साथिया केंद्र में तैनात ब्लॉक कोऑर्डिनेटर डीपी यादव की मेहनत एवं सलाह से क्षेत्र के किशोर किशोरियों में काफी जागरुकता के साथ-साथ किशोर किशोरियों में स्वास्थ्य के प्रति विश्वास एवं स्वास्थ्य में काफी सुधार आ रहा है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में बोलते हुए डीपी यादव ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ ने बताया कि विकासखंड हैदरगढ़ में सभी 30 उपकेंद्रों पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत पियर एजुकेटर प्रोग्राम संचालित है।

जिसके सापेक्ष सभी उपकेंद्रों पर 872 पियर एजुकेटर हैं जिनको उपकेंद्र के अनुसार ब्लॉक स्तरीय आशा एवं पियर एजुकेटर को प्रशिक्षण देकर गांव के अन्य किशोर किशोरियों को भी प्रशिक्षित पियर एजुकेशन द्वारा जागरूक किया जाएगा तथा क्षेत्रीय एएनएम द्वारा पियर एजुकेटर की मासिक बैठक भी कराई जाती है।

# प्रभारी मंत्री ने लोधेश्वर महादेवा मंदिर में किया जलाभिषेक



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

प्रसिद्ध पौराणिक स्थल लोधेश्वर महादेवा मंदिर में राज्य मंत्री कारागार/ प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने बाराबंकी भ्रमण कार्यक्रम के तहत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ श्री लोधेश्वर महादेवा मंदिर के गर्भग्रह पहुँचकर विधि विधान से जलाभिषेक कर पूजन अर्चन कर साष्टांग प्रणाम कर विश्व कल्याण की कामना की। प्रभारी राज्य मंत्री नें कहा कि आज लोधेश्वर महादेव के दर्शन करके मैं धन्य हो गया। आगे श्री राही ने बताया कॉरिडोर के लिये रजिस्ट्री का कार्य तीव्र गति से हो रहा है। जल्द ही कॉरिडोर बनाने का काम शुरू किया जाएगा। रोड के किनारे पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा डामर रोड के चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर एमएलसी अंगद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, एडीएम अरुण कुमार सिंह, एसडीएम पवन कुमार, क्षेत्राधिकारी जगत राम कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

## सुरेश राही ने पीड़ित परिवारों को बाँटी राहत सामग्री

**बाराबंकी।** तहसील रामनगर के बाढ़ प्रभावित गांवों का राज्य मंत्री कारागार/ जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दौरा किया। हेतमापुर तटबंध पर बाढ़ राहत सहायता वितरण कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री द्वारा बाढ़ प्रभावित 650 परिवारों को राहत सामग्री का वितरण किया गया साथ ही 25 परिवारों को बाढ़ राहत सहायता राशि और भूमि आवंटन प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इसके बाद तटबंध पर बन रही बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया। बाढ़ की कटान से प्रभावित हुए बेलहरी मजरे सरसंडा गांव पहुँचकर बाढ़ की विभीषिका देखी और प्रभावित परिवारों के दुःख दर्द को सुना और प्रशासन द्वारा दी जा रही सहायता सम्बंधित जानकारी स्थानीय ग्रामीणों से ली। मंत्री जी ने कहा कि बार बार आने वाली बाढ़ की समस्या से निदान हेतु हम प्रयासरत है। बाढ़ की कटान से प्रभावित गांवों में प्रशासन द्वारा सभी जरूरी सुविधाएं भोजन, राशन, दवाई, और पशुओं के चारे का इंतजाम युद्धस्तर पर किया गया है जो सराहनीय है। स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम लगातार बाढ़ प्रभावित परिवारों की चिकित्सीय सेवा में लगी हुई है। बाढ़ का स्थायी समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। जिनकी जमीनें बाढ़ में कट गई उन्हें प्रशासन द्वारा जमीनों के पट्टे दिए जा रहे है जिनके आवास बाढ़ में गिर /ढह गए है उनके खातों में सहायता राशि भेजी जा रही है। इसके बाद बतनेरा गांव में बन रहे बाढ़ प्रभावितों के आवासों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर विधानसभा कुर्सी के विधायक साकेंन्द्र प्रताप सिंह, एमएलसी अंगद सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, निवर्तमान सांसद उपेंद्र सिंह रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, एसडीएम रामनगर पवन कुमार आदि सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## बीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुई ग्राम चौपाल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड हैदरगढ़ की सालपुर ग्राम पंचायत में शुक्रवार को बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा चार आवास एवं एक इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कराये जाने की मांग की गई। चौपाल में सचिव दिनेश कुमार ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे चौपाल के दौरान ग्रामीणों के बीच दलबल के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक हैदरगढ़ अजय प्रकाश त्रिपाठी व उनकी टीम का स्वागत किया गया इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और कहां की पुलिस हर समय आपके साथ है।

## शराब पीने को लेकर हुआ विवाद, चली गोली



**सहजनवां, गोरखपुर समृद्धि न्यूज।** सहजनवां कस्बे के सिनेमा रोड के सामने देशी शराब की दुकान पर शराबियो के दो गुट में आपस में हुआ विवाद जिसके बाद एक पक्ष से दूसरे युवक के ऊपर लायसेंसी बंदूक से गोली चला दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल होगया वही युवक की हालत गंभीर देखते हुए सहजनवा से जिला अस्पताल रेफर कर दिया घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच कर जांच में जुट गई मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक शिवानन्द सिंह पुत्र सीताराम निवासी उज्जीखोर थाना सहजनवां का निवासी बताया जा रहा है वही थाना प्रभारी सहजनवां विशाल उपाध्याय ने बताया कि अभी तहरीर नही मिली है तहरीर मिलते ही कार्यवाही किया जायेगा। वही सीओ गीडा प्रशाली गंगवार ने कहा कि गोली चलाने वाले अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किया जायेगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-726/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 02/09/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अविनाथ गुप्ता, ऐश्वर्य गुप्ता पुत्र अजय कुमार निवासी मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा ने पंजीकृत विक्रय के आधार पर भवन संख्या 567 मोहल्ला पृथ्वीदरवाजा कायमगंज पर श्री अजय कुमार गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-762/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 11/09/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सत्य नारायण वर्मा पुत्र रामकुमार वर्मा निवासी मोहल्ला बजरिया रामलाल ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 423 मोहल्ला सधवाड़ा कायमगंज पर श्री जवाहर लाल पुत्र छुन्ना लाल के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-मीमो/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 11/09/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राखी, प्रीती वर्मा, श्रेया वर्मा, अर्नव वर्मा, अक्षत वर्मा पुत्र/पुत्री/पत्नी स्व0 गोपाल चन्द्र (संरक्षिका) राखी मां निवासी मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 182 मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा कायमगंज पर श्री रामबेटी पत्नी नन्हे लाल के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-मीमो/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 11/09/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुतराफीन, नाजमी, नुजहत जहां पुत्री स्व0 सुलेमान निवासी मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 700 मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा कायमगंज पर श्री सुलेमान पुत्र मोहम्मद इस्लाम के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-750/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 09/09/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आबिद अली, साबिर अली पुत्र सादिक अली निवासी मोहल्ला छपट्टी ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 351 मोहल्ला काजम खां कायमगंज पर श्री पुत्र हवीव खान के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

# शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो शिक्षित होने के साथ आत्मनिर्भर बनाये: राज्यपाल



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हो गया। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए 2,00,218 उपाधियाँ प्रदान कीं। उन्होंने 102 छात्र-छात्राओं को कुल 116 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए,जिसमें 33 कुलपति स्वर्ण पदक,66 कुलाधिपति स्वर्ण पदक एवं 17 दानस्वरूप स्वर्ण पदक में से 14 छात्र छात्राएं ऐसे हैं,जिन्हें कुलपति व कुलाधिपति स्वर्ण पदक भी प्रदान किए गए।इस समारोह में 65 स्वर्ण पदक छात्राओं को मिला जिनका प्रतिशत 64 रहा। वहीं 37 स्वर्ण पदक छात्रों को मिला,इनका प्रतिशत 36 रहा है। राज्यपाल ने सफल विद्यार्थियों के अंक-पत्र एवं उपाधियों को भारत सरकार के डिजिलॉकर में ई-प्रमाणपत्र के रूप में अपलोड कर डिजिटल इंडिया की दिशा में एक और कदम बढ़ाया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए प्राथमिक व पूर्व प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं चित्रकला, भाषण तथा संवाद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया। समारोह में विश्वविद्यालय की स्मारिका एवं अयोध्या एक सुखद यात्रा पुस्तक का विमोचन राज्यपाल द्वारा किया गया। राज्यपाल ने समारोह में छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय सभ्यता में ज्ञान परंपरा को अक्षुण्ण बनाये रखने में सदैव गुरुकुलों एवं विश्वविद्यालयों का सहयोग रहा है। समाज के निर्माण एवं संवर्धन में विश्वविद्यालयों ने सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है।



## राज्यमंत्री ने वितरित किया बाढ़ राहत सामग्री

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** हमारी सरकार बाढ़ पीड़ितों की हरसंभव मदद करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। तहसील के सभी अधिकारियों को बाढ़ पीड़ितों के बीच रहकर राहत और बचाव के लिए कार्य करने का निर्देश है। यह बात खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने राहत सामग्री वितरण करते हुए कही है। शुक्रवार को बाढ़ राहत केंद्र कोटवाधाम पर सरयू नदी की तलहटी में बसे बाढ़ प्रभावित गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों को राहत सामग्री बांटी गई। शुक्रवार को बाढ़ राहत केंद्र कोटवाधाम पर क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित 700 ग्रामीणों को राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने राहत किट वितरित किया। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के संयोजन में सिरौलीगौसपुर तहसील के अन्तर्गत आने वाले दरियाबाद विधान सभा क्षेत्र के चार गांव सरांयसुरजन , तेलवारी, छुरिया,भौंरीकोल,के सात सौ लोगों को राहत सामग्री बांटी गई। इस मौके पर नगर पंचायत टिकैतनगर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता, प्रदीप द्विवेदी सहित राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## दीवाल ढहने से वृद्ध महिला की मलवे में दबकर हुई मौत

**रामपुरा (जालौन)।** रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम लिडऊपुर निवासी श्रीमती माया देवी पत्नी हरकिशन राठौर उम्र लगभग 58 वर्ष की नहाते समय दीवाल रहने से मालवी में दबाकर मृत्यु हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर समय लगभग 1 बजे श्रीमती माया देवी अपने घर के आंगन में बने अस्थाई स्थानागार में नहा रही थी कि अचानक ईंटों से बनी दीवार भरभरा कर गिर पड़ी जिससे वृद्धा के सिर एवं सीने में गंभीर चोटें आगई हैं और खून की उल्टियां होने लगी।

घटना के समय घर में श्रीमती माया देवी एवं उनकी पुत्रवधू ही थे, अपनी सास मां को दीवाल में दबकर घायल होने पर बहू ने चीखकर मोहल्ले वालों को बुलाया। मोहल्ले वालों की मदद से घायल मायादेवी को मलवे से बाहर निकाला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ ले गए जहां डाक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया।

# महिला मरीज का ऑपरेशन कर पेट में छोड़े कॉटन के कपड़े

महिला ग्वालियर के प्राइवेट अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही

**उरई (जालौन) समृद्धि न्यूज।** प्राइवेट अस्पतालों में किस तरह से मरीजों के जीवन से खिलबाड़ कर तीमारदारों से रुपये लूटने का कुचक्र रचा जाता है इसके अनेकों प्रकरण प्रकाश में आते रहते हैं। इसीक्रम में महेंद्र सिंह निवासी सहाब ने उरई कोतवाली पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुये कालपी रोड स्थित कान्हा मल्टी स्पेस्लिस्टी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर प्रा.लि. की शिकायत करते हुए बताया कि उसकी मां के उपचार करने के नाम पर पहले तो हजारों रुपये वसूल किये बाद में जब उसकी तबियत खराब हुयी तो उसे ग्वालियर के लिये रैफर कर अपना पल्ला झाड़ लिया। कोतवाली पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में पीड़ित ने बताया कि वह अपनी मां सुनीता को लेकर 16 जून 2024 को कान्हा मल्टी स्पेस्लिस्टी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर प्रा.लि. में लेकर आया था जहां पर डा. अनूप अवस्थी ने मेरी मां का ऑपरेशन किया इसके बाद 16 जून को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया इसके बाद मेरी मां की तबियत खराब हुयी तो मैं फ़िर उन्हें कर अस्पताल लाया जहां डा. अनूप अवस्थी में लगातार दो माह तक उपचार किया लेकिन जब आराम नहीं मिला तो मैंने जालौन के चिकित्सक डा.एमपी सिंह को दिखाया तो उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान मरीज के पेट में कुछ रह गया जिससे उसकी तबियत ठीक नहीं हो रही हैं।

# खबर चलने के बाद अवैध पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटरो में हड़कंप

**सहजनवां, गोरखपुर समृद्धि न्यूज।**





मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर के सहजनवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पाली ब्लॉक,पिपरौली ब्लॉक, सहजनवा ब्लॉक, क्षेत्रो में,अवैध तरह से संचालित करने वाले हॉस्पिटल, डायग्नोस्टिक सेंटर अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजी लैब की ख़बर को प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद वहीं संचालकों में मचा हड़कंप उसके बाद तुरंत ही लगे बोर्ड बैनर भी उतार दिए गए और अवैध पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर प्राइवेट हॉस्पिटल कारोबारियों में आपस में साठ गांठ की चर्चाएं होना शुरू हो चुकी है। वही अवैध संचालकों के कारनामों के बारे में प्रतिष्ठित अखबारों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सुर्खियों में सहजनवा तहसील क्षेत्र सालों से बना रहता है। जिम्मेदारों को जानकारी होने के बावजूद भी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियां से आखिर पीछे कब तक भागते रहेगें। वही खबर चलने के बाद जिम्मेदार अपनी कुंभ करणी नीद से जग चुके हैं। और अवैध तरह से संचालित हो रहे हैं अस्पताल और सेंटरो के खिलाफ कार्रवाई कर सीज करने की आश्वासन भी दिए वहीं दूसरी तरफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अगल बगल सुबह से लेकर शाम तक दलालों का भंवरों की तरह मडराते रहते हैं।

## 20 क्वार्टर शराब ले जाते युवक को पकड़ा

**जालौन (उरई)।** अवैध रूप से बेचने के लिए ले जा रहे 20 क्वार्टर के साथ एक व्यक्ति को चौकी पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। चौकी प्रभारी कुलवंत सिंह को सूचना मिली कि उदोतपुरा पावर हाउस के पास एक व्यक्ति कोई नशीला पदार्थ बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने अमित सिंह निवासी तोपखाना को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो आरोपी के पास से पुलिस ने 20 क्वार्टर देशी के शराब के बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**सूचना**

पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम BHARATI DEVI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम BHARTI DEVI है। BHARTI DEVI W/o of Army No-3001642K, रैंक, Hav सन्तोष कुमार यूनिट-3 राजपूत, आर.आर.सी. फतेहगढ़, मूल निवासी-आसन विहार, वार्ड नंबर-93, हरभज वाला, जनपद-देहरादून, उत्तराखण्ड-पिन कोड-248171

# डीपीएस के श्रेयांश ने टेबल टेनिस में जीता ब्रॉन्ज मेडल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल, फर्रूखाबाद में दिनांक 14,15 सितंबर को आयोजित हुई सीबीएसई कलस्टर फोर टेबल टेनिस प्रतियोगिता (24- 25) में दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा के क्लास 12 के छात्र श्रेयांश पाल ने अपने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न 25 जनपदों में कानपुर, उन्नाव, हरदोई, लखनऊ, झांसी आदि के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया था।

जनपद फर्रूखाबाद के गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में आयोजित हुई थी अंतर्जनपदीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता। प्रिंसिपल भावना सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि, हमारे विद्यालय के कई छात्र छात्राएं अपनी पढ़ाई में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के साथ साथ विभिन्न राष्ट्रीय/ राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में लगातार अपने शानदार खेल प्रदर्शन से गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके है। और यह सिलसिला इसी प्रकार लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि, विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी हुए छात्र छात्राएं अब आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करेंगे। जीत के इस अवसर पर छात्र श्रेयांश पाल का समस्त डीपीएस परिवार ने मिठाई खिलाकर और माल्यार्पण कर विद्यालय में भव्य स्वागत किया। इसी क्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन एवम पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ विवेक यादव, डीपीएस वाइस चेयरमैन डॉ प्रीति यादव,प्रिंसिपल भावना सिंह ने अपने स्कूल के छात्र श्रेयांश पाल सहित विद्यालय के खेल कोच रेहान अजीज को भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ में श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ अपने विद्यालय और जनपद को पदक दिलाकर डीपीएस परिवार का नाम रोशन करने पर हार्दिक बधाई दी है।

## व्यवसायिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों में चलाया सफाई अभियान

**अयोध्या।** शुक्रवार को ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम के अंतर्गत चौक,रिकाबगंज,नियांवा फतेहगंज,बजाजा व औद्योगिक क्षेत्र जैसे व्यवसायिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया तथा प्रतिष्ठान स्वामियों को स्वच्छता बनाये रखने एवं कूड़े को कूड़े दान में रखने के लिये प्रेरित किया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि अयोध्या नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये जाने हेतु आपकी सहभागिता आवश्यक है। आगामी 25 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक 24म7 निरन्तर 155 घंटे की साफ सफाई का कार्यक्रम नियत है।आम जनमानस से भी अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखने हेतु अपील की गयी है।

**कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक-1127/ई.ई.-3/24-25 दिनांक- 20.09.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 27.09.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27.09.2024 को समय 02:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./ सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक,जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन-3 के अन्तर्गत मनकामेश्वर वार्ड, अयोध्यादास प्रथम, तथा कदमरसूल वार्ड में 05 स्थानों पर समरसेबिल पम्प मरम्मत कार्य। | 2900.00 | 150 | 07 दिवस |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त-** 1. निविदादाता का सेल टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

# समाजवादी जनता की मदद के लिये हमेशा तत्पर हैं: अखिलेश

- समधन में तालाब में डूबे बच्चों के परिजनों से एवं करंट की चपेट में आए लोगों से मिले सपा प्रमुख
- मृतक परिजनों को प्रदान की आर्थिक की सहायता

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**शुक्रवार को** समधन पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव तालाब में डूबे बच्चों के परिजनों से मिले उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान कर गुरसहायगंज में करंट से पीड़ित परिवारों से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन की मदद करना ही हम समाजवादियों का मुख्य कार्य है। बताते चलें कि नगर के मोहल्ला सीमांत नगर में अभी हाल ही में हाई टेंशन लाइन करंट की चपेट में आकर तीन दर्जन लोग घायल हो गए थे। जिसकी सूचना पर शुक्रवार को सीमांत नगर पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी आदि के साथ घायलों की खैर कुशल पूंछी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी घटनाओं से प्रदेश सरकार की नाकामी उजागर होती है। बस्ती के बीच से हाई टेंशन लाइन हट बनी चाहिए सभी घायलों को उचित मुआवजा दिया जाए। इससे पहले वह समधन पहुंचे जहां पूर्व में तालाब में डूबे चार बच्चों के परिजनों से मिलकर उनके आंसू पोंछे। इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन मो. नकीम खान, हसीब हसन, रफी अनवर, सपा नेता अरशद जमाल सिद्दीकी, प्रधान प्रतिनिधि हारून सिद्दीकी, आसिफ जमाल खान उर्फ पप्पी, मुकीम खान, राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर, अजीम सिद्दीकी, नफीस खान, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खा, पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि इंद्र कुमार गुप्ता, विकास गुप्ता, समाजसेवी आमिर खान, शाहनवाज खान, शाह निगार सिद्दीकी रहे।



पीड़ित परिजनों का हाल पूछते सपा प्रमुख अखिलेश यादव — समृद्धि न्यूज

# सदस्यता अभियान में तेजी लाने का संदेश दे गए सपा मुखिया

- एक्सप्रेस-वे के ठठिया मंडी कट पर सपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से रूबरू हुए अखिलेश

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का काफिला लखनऊ जाते से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के ठठिया क्षेत्र के मंडी कट पर कार्यकर्ताओं की भीड़ देखकर रूका। यहां उन्होने मौजूद कार्यकर्ताओं के हालचाल लिए। सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने व संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही बर्ष 2027 में होने जा रहे विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाने के लिए कहा। सपा मुखिया शुक्रवार को कन्नौज जिले के समधन कस्बे में पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए आए थे। वापस जाते समय एक्सप्रेस-वे के मंडी कट के निकट उनका काफिला रूका। यहां सपा के जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सपा मुखिया ने विजय द्विवेदी की नई कार में समाजवादी पार्टी का झण्डा लगाकर सदस्यता अभियान के लिए प्रेरित किया। उन्होने मौजूद कार्यकर्ताओं से कहा कि वह अधिक से अधिक सदस्य बनाए। साथ ही पीडीए की मजबूती के लिए काम करें। संगठन जितना अधिक मजबूत होगा, तो आगामी विधानसभा चुनाव में सपा को सरकार बनाने में उतनी ही आसानी होगी। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया से अपनी समस्याएं भी रखी। जिनका उन्होने जल्द निदान का भरोसा दिलाया। इसके बाद उनका काफिला लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गया।



मंडी कट पर सपा प्रवक्ता की कार में समाजवादी पार्टी का झण्डा लगाते अखिलेश यादव

## खबरें चलते-चलते

### डकैती की योजना बनाने वाले 06 गिरफ्तार

**सौरिख कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन मे क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना सौरिख पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान डकैती की योजना बनाने वाले शातिर किश्म के 06 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। थाना सौरिख पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान खड़िनी चौराहे के पास एक कार टाटा जेस्ट नं0 कक74त्र3726 को संदिग्ध होने पर रोका गया तो गाड़ी में बैठे 06 व्यक्ति मिले जिनके पास से तमंचे,कारतूस,डण्डे आदि डकैती करने का समान था। इन्हे हिरासत में लिया गया जिनसे पुछताछ में जानकारी हुई की यह रात्री में घटना करने के लिए निकले थे। थाना सौरिख पर.सत्यम कटियार पुत्र सुदामा कटियार निवासी ग्राम कपूरापुर थाना कोतवाली कन्नौज जनपद कन्नौज उम्र करीब 40 वर्ष 2.राम जी पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम कपूरापुर थाना कोतवाली कन्नौज जनपद कन्नौज उम्र करीब 28 वर्ष 3.मोहित कटियार पुत्र बादाम सिंह निवासी ग्राम कपूरापुर थाना कोतवाली जिला कन्नौज उम्र करीब 26 वर्ष 4.नसीम पुत्र सहादत अली निवासी ग्राम कपूरापुर थाना कोतवाली कन्नौज जिला कन्नौज उम्र करीब 29 वर्ष 5.ऋषि कटियार पुत्र प्रभात कटियार निवासी ग्राम कपूरापुर थाना कोतवाली कन्नौज जिला कन्नौज उम्र करीब 30 वर्ष 6.अनिल पुत्र रामप्रकाश प्रजापति निवासी ग्राम गंगागंज मियागंज थाना कोतवाली कन्नौज जिला कन्नौज उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

### समधन राजकीय इंटर कॉलेज में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** बीता गुरूवार को समधन राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य आशीष कुमार शर्मा के नेतृत्व में जनपद स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता मे अंडर 17 एवं अंडर 19 बालक वर्ग मे विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज के क्रीड़ा प्रभारी फैज़ सिद्दीकी (स.अ.अंग्रेजी ) को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य को विजेता ट्रॉफी सौंपी गयी, साथ ही स्टेट लेवल हैंडबॉल प्रतियोगिता मे चयनित विद्यालय के दो खिलाड़ियों अलफैज़ पुत्र वसीम हुसैन एवं असद पुत्र शाकिर हुसैन को मैडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह जी के निर्देशानुसार आगामी प्रतियोगिताओ मे ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग हेतु बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मृदुल मिश्रा प्रवक्ता केमिस्ट्री, मनोज कुमार निषाद प्रवक्ता वाणिज्य, जसवेंद्र सिंह प्रवक्ता अंग्रेजी, अनिल कुमार सिंह स.अ. गणित, सौरभ कुशवाहा, कुमारी रीमा, कुमारी शिवानी समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### किसानों नें पुलिस चौकी का घेराव कर काटा हंगामा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी से चौकी इंचार्ज द्वारा की गई अभद्रता उस समय भारी पड़ गई। जब जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में भारी संख्या में पहुंचे किसानों ने पुलिस चौकी का घेराव कर लिया बल्कि जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने जिलाध्यक्ष के साथ वार्ता मामले को शांत करवाया। शुक्रवार को अमोलर पुलिस चौकी मै प्रदर्शन कर रहे भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी के बीच जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया कि तालग्राम ब्लॉक अध्यक्ष ऋषि यादव से चौकी पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर अभद्रता कर दी गई थी। इसी मामले में चौकी पुलिस को सबक सिखाना भी जरूरी था। उधर प्रदर्शन के दौरान पहुंचे थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने सूझबूझ से काम लेते हुए जिलाध्यक्ष से वार्ता की साथ ही चौकी चौकी पुलिस को हिदायत देते हुए कहा कि वाहन चेकिंग हो या कोई भी मामला हर किसी से मित्रवत व्यवहार अपनाएंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से महिला जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, इरशाद अली, उपेंद्र सिंह राजपूत, जीतू यादव, डॉ. साजिद हुसैन, मो. शहराज, राहुल कुमार, पप्पू श्रीवास्तव, अकील फारुकी, लल्ला तोमर आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति नें दिलाई स्वच्छता की शपथ

- सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में किया सफाई कर्मियों का परीक्षण

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**नगर** पालिका परिषद के वार्ड संख्या 23 मीराबाई नगर एवं वार्ड संख्या 12 नेहरू नगर में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के साथ बैठक कर स्वच्छता ही सेवा अभियान के विषय में समिति सदस्यों एवं नागरिकों को जानकारी दी गई। तथा अपने आस-पास सफाई बनाये रखने, कूड़ा प्रथक्कीरण के विषय में जागरूक किया गया। शुक्रवार को अधिसाषी अधिकारी अनिल पंडित के नेतृत्व में आयोजित स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक के बाद समिति अध्यक्ष सुनील कुमार सैनी एवं सभासद प्रतिनिधि शहंशाह द्वारा सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी क्लिक की गई एवं उपस्थिति समस्त नागरिकों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई गई। इस दौरान जोनल सफाई प्रभारी अशोक कुमार, राजेन्द्र चौबे, संजय सोलंकी, धर्मेन्द्र शुक्ला, कल्लू तिवारी उपस्थित रहे। उधर पालिका परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के प्रमुख घटक सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के अन्तर्गत सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से आई टीम द्वारा कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। टीम में चिकित्साधिकारी डॉ. अजीत कुमार, फार्मासिस्ट अजय कुमार, लैब टेक्निीशियन आनन्द कुमार, सहायक स्टाफ प्रभारत कुमार मिश्रा मौजूद रहे। कैम्प में कुल 51 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



बैठक में मौजूद लोग व स्वास्थ्य शिविर में रीक्षण कराते सफाई कर्मी — समृद्धि न्यूज

# जिलाधिकारी ने 70 परिवारों को दी बाढ़ राहत सामिग्री

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने ग्राम कासिमपुर स्थित बाढ़ राहत शिविर में 70 परिवारों को बाढ़ राहत सामग्री वितरित की। जिसमें गुण, चना, लाई, माचिस की डिब्बी, आटा, चावल,दाल, रिफाइंड तेल, आलू, नमक, हल्दी, मिर्च, धनिया आदि सामग्रियों की किट व एक तिरपाल भी वितरित किया। कहा कि बाढ़ से पीड़ित शेष परिवारों को चिन्हित किया जा रहा है। जल्द ही उनको भी राहत सामग्री वितरित कर दी जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा अभी खतरे के निशान से दूरी पर है। गंगा के जल की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने गंगा के बढ़ते जल स्तर को दृष्टिगत रखते हुये ग्रामवासियों को सावधान, सुरक्षित रहने का सुझाव दिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाढ़ क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुये खान- पान की वस्तुओं का विशेष ध्यान रखा जाए तथा साफ- सफाई के साथ भोजन तैयार किया जाये। कहा कि यदि कोई पशु बीमार है तो उसका त्वरित इलाज करवाया जाये। बीमार पशुओं से संक्रमण फैलने की संभावना अधिक रहती है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चिकित्सा परीक्षण किया जायेगा। इसके साथ ही पशुपालन विभाग की टीम द्वारा पशु टीकाकरण आदि का कार्य करेगी। कहा कि बाढ़ से प्रभावित ग्रामवासियों के सम्पर्क में सम्बंधित अधिकारी अवश्य रहे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, सदर विधायक प्रतिनिधि विवेक पाठक सहित आदि लोग मौजूद रहें।

# देशी तमंचा नाजायज 315 बोर व 01 अदद रिवाल्वर 32 बोर सहित दो गिरफ्तार

**तालग्राम छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज**

**कन्नौज** पुलिस अधीक्षक जनपद अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप सिंह के मार्ग दर्शन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष शशिकान्त कन्नौजिया थाना तालग्राम के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 दिनेश चन्द्र द्वारा अभियुक्त मो0 आरिफ पुत्र जफरुद्दीन निवासी ग्राम सतौरा थाना तिर्वा जनपद कन्नौज को मय 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर किया गया। मुखविर की सूचना पर थाना तालग्राम क्षेत्र के कांशीराम कालोनी के आगे बनियानी रोड से उक्त अभियुक्त मो0 आरिफ पुत्र जफरुद्दीन निवासी ग्राम सतौरा थाना तिर्वा जनपद कन्नौज को मय 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार जेल भेजा गया । मुखविर की सूचना पर थाना तालग्राम क्षेत्र के कूकापुर मोड थाना तालग्राम जनपद कन्नौज से उक्त अभियुक्त मुस्तवीन पुत्र मुमताज उर्फ जुम्मन निवासी ग्राम सतौरा थाना तिर्वा जनपद कन्नौज को मय 01 अदद रिवाल्वर 32 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर के साथ गिरफ्तार किया जेल भेजा गया ।



# महाविद्यालय के छात्र को भारत सरकार की इंस्पायर छात्रवृत्ति प्राप्त हुई

- छात्र आयुष को एक लाख बीस हजार रुपए की मिली छात्रवृत्ति

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**महाविद्यालय के** छात्र को सरकार की प्रतिष्ठित इंस्पायर छात्रवृत्ति मिलने पर प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ़ ने शुभकामनाएं बधाई दी।

क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के छात्र अलंकरण समारोह में प्राचार्य प्रोफेसर सुशील कुमार शाक्य ने भारत सरकार की प्रतिष्ठित इंस्पायर छात्रवृत्ति योजना में रुपए 120000.00 ( एक लाख बीस हजार रुपए ) की छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र आयुष पुत्र सरवन अवस्थी को प्रतीक चिन्ह देकर बधाई दी। छात्रवृत्ति प्रभारी डॉ. हेमेंद्र सिंह ने बताया कि इंस्पायर छात्रवृत्ति योजना भारत सरकार की एक अत्यंत प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति योजना है। जिसमें उच्च अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। प्राचार्य ने छात्र आयुष को छात्रवृत्ति प्राप्त होने पर बधाई दी तथा अन्य छात्र- छात्राओं को निरंतर अध्ययन करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. हरि राम यादव, डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. हरिओम वर्मा, राघवेंद्र भदोरिया, डॉरफी सक्सेना, प्रतीक सिंह सहित आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



छात्र को प्रमाण पत्र देते प्राचार्य सुशील कुमार व अन्य

# मोटे अनाज के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी जानकारी

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**कृषि विज्ञान** केंद्र अनौगी द्वारा पोषण माह के अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषक आहार तैयार करने में मोटे अनाजों का समिश्रण के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ चंद्रकला ने मोटे अनाजों पर जानकारी देते हुए बताया कि भारत में कुपोषण से पीड़ित व्यक्तियों की संख्या बहुत अधिक है। और यह विभिन्न आयु वर्गो के लोगों को प्रभावित करता है। बताया कि कुपोषण को दूर करने के लिए मोटे अनाजों जैसे रागी, कोदो, ज्वार, बाजरा, सावाँ आदि को अपने भोजन में शामिल करे क्योंकि इन मोटे अनाजों में सूक्ष्म पोषक तत्व बहुत अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। केंद्र की वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह ने गर्भावस्था से लेकर शिशु के 2 साल तक के बीच के सुनहरे 1000 दिन के विषय में विस्तार से जानकारी दी बताया कि 1000 दिन के दौरान माता के बेहतर पोषण को सुनिश्चित करे व शिशु के जन्म के 1 घंटे के भीतर का स्तनपान एवं उसके बाद 6 माह तक का केवल स्तनपान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। साथ ही 6 माह के बाद शिशु को अनुपूरक आहार अवश्य दे। कार्यक्रम में पहुँची आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो को सहजन के पौधे के साथ विदाई दी गयी।



प्रशिक्षण में जानकारी देते वैज्ञानिक — समृद्धि न्यूज

### कांग्रेसी नेता ने शहीद के घर पहुंच दी श्रद्धांजलि

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शहीद सब इंस्पेक्टर विवेक द्विवेदी के घर पहुंच कर कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने कार्यकर्ताओं के साथ श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दुखी परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढस भी बधाया है। बताते चले की क्षेत्र के ग्राम मधवापुर निवासी 52 वर्षीय विवेक द्विवेदी पुत्र राम सरन लखनऊ में सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। इंस्पेक्टर के प्रमोशन के लिए वह गुवाहाटी में ट्रेनिंग कर रहे थे कि विगत शनिवार को अचानक विवेक द्विवेदी का ब्रेन स्ट्रोक हो गया था। इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था।

**अवैध फैक्ट्री** — गुरसहायगंज क्षेत्र के गांव डुडवाबुजुर्ग में चलती थी अवैध फैक्ट्री

# नकली सबमर्सिबल पम्प बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

- हाथरस से पुराने सबमर्सिबल पम्प लाकर मरम्मत व पेन्ट कर कम्पनियों के गत्तों में पैकिंग कर दुकानदारों को करते थे सप्लाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**नकली सबमर्सिबल** पम्प बनाने वाली फैक्ट्री चलाने वाले चार नफर अभियुक्तगण को किया गया गया। कब्जे से सबमर्सिबल पम्प, एल्युमिनियम तार सहित अलग-अलग कम्पनियों के स्टीकर बरामद किया गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक दुबे के नेतृत्व में थाना गुरसहायगंज पुलिस द्वारा पुराने सबमर्सिबल पम्प खरीद कर उनकी मरम्मत कर, पालिश व पेन्ट करके विभिन्न कम्पनियों के नकली स्टीकर व मोहर लगाकर कम्पनियों के गत्तों में पैकिंग कर दुकानदारों को बेंचकर अनुचित लाभ कमाने वाले चार अभियुक्त गणों को गिरफ्तार किया। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव डुडवाबुजुर्ग में सूचना पर जीशान और अय्याज के गोदाम में नकली सबमर्सिबल पम्प बनाने वाली फैक्ट्री पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दो अलग-अलग गोदामों में छापेमारी कर सबमर्सिबल पम्प बनाते हुए अय्याज पुत्र फजल अहमद उर्फ जुम्मन निवासी ग्राम डुडवा बुजुर्ग उम्र करीब 35 वर्ष, सोहिल खान पुत्र अनीस निवासी मोहल्ला तरफरा पुलिस चौकी तरफरा के पास थाना कोतवाली हाथरस उम्र करीब 25 वर्ष, जीशान पुत्र रियाज अहमद निवासी ग्राम डुडवा बुजुर्ग उम्र करीब 25 वर्ष, विवेक कुमार पुत्र जुगलकिशोर हरबोला निवासी मोहल्ला किदवईनगर उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से कुल 22 समरसेबिल पम्प गत्तों में पैक, 868 पुराने समरसेबिल पम्प, 171 पैक करने के गत्ते, 202 वारण्टी कार्ड, 14 चरखी में आधा लिपटा हुआ 20 किलोग्राम एल्युमिनियन तार, पम्प की मरम्मत करने वाली कुल 12 मशीन, 10 लोहे की बनी अलग अलग कम्पनी की मोहर, 4820 अलग-अलग कम्पनियों के स्टीकर व पेंट, पेचकस, हथौडा आदि अन्य उपकरण बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गुरसहायगंज पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। अभियुक्तगणों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग हाथरस से पुराने सबमर्सिबल पम्प, स्टीकर, कम्पनियों के गत्ते खरीदते हैं। तथा उनकी मरम्मत व पॉलिस तथा पेन्ट करके मोहर लगाकर कम्पनियों के गत्तों में पैकिंग कर दुकानदारों को बाजार में बेच देते हैं। तथा इस काम से जो पैसा मिलता है। उसी से अपना व अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं



मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़

# गलियों व सड़कों का रेस्टोरेशन गुणवत्तापूर्ण न होने पर मंत्री नाराज

- डीपीआरओ को अपने विभाग की रैंकिंग सुधारने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सूबे के** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री/प्रभारी मंत्री ठा0 जयवीर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि उन्होंने अपने विभाग से संकिसा से मोहम्दाबाद तक की रोड के चौड़ीकरण के लिये 65 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं।

समीक्षा में मंत्री द्वारा सी0एम0ओ0 को निर्देशित किया कि एम्बुलेन्स सेवा 102 व 108 के रेस्पॉन्स टाइम में सुधार करें। जल जीवन मिशन के अंतर्गत खोदी गई गलियों व सड़कों का रेस्टोरेशन समय से व गुणवत्तापूर्ण न होने पर अत्यधिक नाराजगी जताई व अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि अगली समीक्षा बैठक तक सभी रेस्टोरेशन के कार्य पूर्ण करें। मंत्री द्वारा बताया गया कि अब हर माह समीक्षा बैठक की जाएगी। विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट के कार्य को दिये गये समय के अंदर पूर्ण कराया जाये एवं विद्युत विलिंग सही की जाये व ट्रिपिंग की समस्या का निदान किया जाये। सभी अधिकारी अपने सीयूजी नंबर 24 घंटे खुले रखें। उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि बीज का वितरण बुआई से पहले कराना सुनिश्चित करें व खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करें। किसानों को जनजागरूकता अभियान चलाकर अत्यधिक उर्वरक उपयोग करने से होने वाले नुकसान से अवगत करायें व अभियान चलाकर 100 प्रतिशत किसानों को किसान सम्मान निधि से लाभान्वित करायें। पी0एम0 कुसुम योजना के तहत स्थापित किये गये सोलर पम्पों की तकनीकी टीम बनाकर जाँच करायें। प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रचार प्रसार हैंडबिल बांटकर किया जाये व कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वे में छूटने न पाये। ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के सभी कार्यो की कमेटी बनाकर जाँच कराने के निर्देश मंत्री द्वारा दिये गये। सी0एम0ओ0 को संचारी रोगों को फैलने से रोकने के उपाय करने के लिये निर्देशित किया गया। डी0पी0आर0ओ0 को अपने विभाग की रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिये गये। सामूहिक विवाह योजना में पात्रों की पात्रता की जाँच कराने के निर्देश मंत्री द्वारा दिये गये। मंत्री द्वारा जनपद में चल रही 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं की थर्ड पार्टी जाँच कराने के निर्देश दिए गये। मंत्री ने कहा कि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ सीधे बिना किसी विचौलियों के हस्तक्षेप के मिले व विकास की परियोजनाओं को समय से पूरा किया जाये। मंत्री द्वारा इस अवसर पर 25 छात्र/छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, जिला अध्यक्ष रुपेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक सदर मेजर सुनीलदत्तत द्विवेदी, विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर, विधायक कायमगंज सुरभि, विधान परिषद सदस्य प्रांशुदत्त द्विवेदी, जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द मिश्रा व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


टेबलेट का वितरण करते प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह व अधिकारीगण

# प्रभारी मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री/प्रभारी मंत्री फर्रुखाबाद जयवीर सिंह द्वारा बाढ़ प्रभावित अमृतपुर तहसील में जमापुर मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में बाढ़ के कारण डूबने, सर्पदंश इत्यादि से हुई जनहानि व पशुहानी एवं मकान क्षति के लाभार्थियों को सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाने वाली अनुग्रह धनराशि प्रदान कर राहत पहुचाई गई।

इस अवसर पर मंत्री द्वारा तीसराम की मड़ैया, जसूपुर गढ़िया व प्रतिपाल मड़ैया के 325 लाभार्थियों को बाढ़ राहत किट प्रदान की गई। मंत्री द्वारा बाढ़ प्रभावित गांव तीसराम की मड़ैया क्षेत्र का निरीक्षण किया गया व बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से मिलकर उनका हालचाल लिया गया। जिला प्रशासन द्वारा अमृतपुर क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित 28 गाँवों में कुल 34 नावें लगाई गई हैं व फ्लड पी0ए0सी0 की टुकड़ी व मोटरबोट लगाई गई है। इस अवसर पर विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक सदर मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी, विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह, विधायक कायमगंज सुरभि, जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता व जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री बांटते मंत्री व मौजूद जनप्रतिनिधि

## फतेहगढ़, कादरीगेट, मोहम्मदाबाद, शमशाबाद प्रभारी बदले गये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने कई थाना प्रभारियों की तैनाती में फेरबदल कर दिया है। फतेहगढ़ प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार सिंह को कादरीगेट थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। शमशाबाद थाना प्रभारी अमित गंगवार को वीआईपी सेल प्रभारी बनाया गया। कादरीगेट थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे को आईजीआरएस का इंचार्ज बनाया गया। मोहम्मदाबाद कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भाटी को अपराध शाखा की जिम्मेदारी सौंपी गई। थाना मऊदरवाजा के अपराध निरीक्षक हरि गोविंद को कोतवाली फतेहगढ़ का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। वीआईपी सेल प्रभारी निरीक्षक विनोद शुक्ला को कोतवाली मोहम्मदाबाद में इंचार्ज बनाया गया। एसपी के पीआरओ उप निरीक्षक तरुण सिंह को शमशाबाद थाने का इंचार्ज बनाया गया।

# प्रभारी मंत्री को पहली बार में ही ब्राह्मणों का झेलना पड़ा विरोध

- थानाध्यक्ष को हटाये जाने को लेकर ब्राह्मण समाज हुआ नाराज
- जिला कार्यालय पर की जमकर नारेबाजी, पक्षपात का लगाया आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जनपद के** प्रभारी मंत्री ठा0 जयवीर सिंह शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। एक दिन पूर्व चिकित्सक डा0 विपुल अग्रवाल के मेडिकल स्टोर संचालक व छात्र नेता पंकज अवस्थी के साथ हुए विवाद को लेकर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव चतुर्वेदी, राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष विमलेश मिश्रा, अमन अवस्थी, विपिन अवस्थी, सुबोध शुक्ला सहित बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ पहुंचकर ब्राह्मण एकता जिंदाबाद व मंत्री के विरोध में नारेबाजी करने लगे। नारेबाजी कर रहे लोगों ने जयवीर सिंह के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जातिवाद का आरोप लगाया और कहा कि मेडिकल स्टोर संचालक ने थानाध्यक्ष से अभद्रता की और रात में उसी थानाध्यक्ष को हटा दिया गया है। यह सब मंत्री जयवीर सिंह के इशारे पर हो रहा है। इसको लेकर नारेबाजी की। इस मौके पर सीओ के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गया। कादरीगेट चौराहे के पास छात्र नेता पंकज अवस्थी के परिजनों का मेडिकल स्टोर है। सभी ने मांग की कि कादरीगेट थानाध्यक्ष अवध नारायन पाण्डेय को हटाया गया वह गलत है। जिसको लेकर ब्राह्मण समाज के लोग भाजपा कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। जनपद में पहली बार प्रभारी बनने के बाद आये ठा0 जयवीर सिंह को ब्राह्मणों का विरोध झेलना पड़ा। इस हंगामे को देखकर भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने शांत कराने की कोशिश की। बाद में एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी ने आश्वासन देकर धरने को समाप्त कराया। उसके बावजूद भी थानाध्यक्ष का स्थानांतरण होने के मामले को लेकर ब्राह्मण समाज में विरोध दिखा।


भाजपा कार्यालय पर धरने पर बैठे ब्राह्मण समाज के लोग समृद्धि न्यूज

## घटना संज्ञान में, दोनों पक्षों में करायी जायेगी मध्यस्ता: जयवीर सिंह

फर्रुखाबाद। प्रभारी मंत्री ठा0 जयवीर सिंह ने पत्रकार वार्ता में कहा कि घटना मेरे संज्ञान में आयी है, दोनों पक्षों को बुलाकर मध्यस्थता करा दी जायेगी और मामले को समाप्त किया जायेगा। उधर सपा मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए नजर आये। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को गिनाते नजर आये और सदस्यता अभियान पर जोर दिया। घटना को लेकर पूछे गये प्रश्नों पर प्रभारी मंत्री ने घुमाते हुए जबाव दिया।

# खबरें चलते-चलते

## हर घर जल योजना के तहत हुआ कार्यक्रम


कार्यक्रम में मौजूद आंगनवाड़ी कार्यकत्री व समूह की महिलायें आदि

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर चलाये जा रहे पखवाड़े के तहत हर घर जल योजना के तहत विकास खंड सभागार में आयोजित किये गये कार्यक्रम में सांसद ने प्रतिभाग किया। नवाबगंज विकासखंड कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में हर घर जल योजना के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम में हर घर जल योजना तथा हर घर में जल पहुंचाने को लेकर हुए कार्यक्रम में नगर पंचायत कार्यालय तथा जल विभाग तथा विकास खंड कार्यालय के कर्मचारियों व अधिकारियों ने भाग लिया। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर घर को जल मुहैया कराया जाये। जब हर घर जल मुहैया होगा तो आम जनमानस खुशहाल होगा और बीमारियों से लोगों का बचाव होगा। सांसद मुकेश राजपूत, क्षत्रिय महासभा के योगेंद्र सिंह राठौर, स्वदेश, मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज. ग्राम प्रधान सिंटू ठाकुर, ग्राम प्रधान चांदपुर अभय राज, ग्राम प्रधान अखरा तथा विकासखंड कार्यालय से एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, प्रभारी विकास खंड अधिकारी, एडीओ आईएसबी सुखदेश सिंह, जेईएमआई सुनील कुमा यादव, बोरिंग टेक्नीशियन रविंद्र सिंह सहित समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी तथा विकास खंड के कर्मचारी व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, समूह की महिलाओं ने भाग लिया।

## गैंगेस्टर के मामले में दो अभियुक्त दोषसिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-5 रितिका त्यागी ने मु0अ0सं0 130/1998 थाना अमृतपुर के मामले में अभियुक्त पातीराम व सोनेलाल पुत्रगण रामपाल यादव निवासी हुसैनपुर थाना अमृतपुर को धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अपराध में दोषसिद्ध किया है। अभियुक्तगण जमानत पर हैं। जिनमें से आज न्यायालय के समक्ष अभियुक्त पातीराम उपस्थित आया। अभियुक्त पातीराम की जमानत निरस्त कर तथा प्रतिभूगण को उनके दायित्व से उन्मोचित किया जाता है और उसे हिरासत में लेने का आदेश दिया गया। वहीं अभियुक्त सोनेलाल के अधिवक्ता की ओर से हाजिरीमाफी प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसे निरस्त कर दिया गया। न्यायालय ने अभियुक्त के विरुद्ध अविलंब गैर जमानती वारंट जारी करने के आदेश दिये हैं। उपरोक्त पत्रावली पर सुनवाई के लिए 23.09.2024 की तिथि नियत की गयी।

## ई-रिक्शा पलटने से आशा बहू घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव उलियापुर निवासी अनीता देवी उम्र 26 वर्ष पत्नी रघुवीर कश्यप सीएचसी कायमगंज में आशा बहू के पद पर कार्यरत हैं। वह आज पीयर एजूकेयर की ट्रेनिंग की मीटिंग मे शामिल होने ई-रिक्शे द्वारा आ रही थी। पुलिया के निकट पहुँचते ही ई-रिक्शा अनियन्त्रित होकर पलट गई। जिसमें बैठी आशा बहू दब गई। चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोगों ने आशा को टिर्री से निकालकर सीएचसी में भती कराया।

# नायब तहसीलदार ने ग्रामीणों को वितरित कीं राहत सामग्री किटें

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**नायब तहसीलदार** ने बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों को राहत सामग्री की किटें वितरित की। ग्रामीणों ने आवागमन हेतु कटे सम्पर्क मार्गो को सही कराने की मांग की। तहसीलदार ने ग्रामीणों को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

शुक्रवार सुबह नायब तहसीलदार ने जिलाधिकारी वी0के0 सिंह के निर्देश पर बाढ़ग्रस्त गाँव कारव, अंतुनगला पहुंचकर 60 परिवारों को राहत सामग्री का वितरण किया। नायब तहसीलदार मनीष वर्मा ने इस दौरान ग्रामीणों से बातचींत कर उनकी समस्याएं पूछीं। उन्हें भरोसा दिलाया की आपकी हर संभव मदद के लिए प्रशासन तैयार है। खेतों में पानी भरा होने से ग्रामीणों की फसल खराब हो गयी है। किसानों का कहना है कि अगर इन फसलों में इसी प्रकार पानी भरा रहा तो ये नष्ट हो जाएंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से किसानों को राहत व बचाव का कार्य शुरू कराने का आग्रह किया है। एक दर्जन से आधिक गांव में नही बंटी राहत सामग्री कई घरों में नहीं जल पा रहा चूल्हा। पथरामई, गढ़ी, हमीरपुर मजरा, शाहपुर, गंगपुर, चौड़ेरा, मंतपुरा, टपुआ, पलीतपुरा आदि गांवों में कई घरों में पानी भर जाने से राशन भीग गया है। जिससे खाना बनाने की समस्या से जूझना पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीणों की आँखें हर रोज राहत सामग्री की बाट निहार रही हैं। गांव की ही सोनी बताती है कि घर में पानी भरने के कारण हम लोग पड़ोसी का पक्का मकान की छत पर खाना बना खा रहे हैं। नायब तहसीलदार ने बताया की बाढ़ग्रस्त गाँव में 60 पैकेटों का वितरण किया गया। आगे भी वितरण किया जाएगा।


राहत सामग्री वितरित करते नायब तहसीलदार समृद्धि न्यूज

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला मरा अजगर सांप


मौके पर मौजूद पुलिस समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अजगर सांप** मरे होने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेंजर के निर्दे पर अजगर का पोस्टमार्टम कराया गया।

शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव चिलसरा और नगला नान के बीच खेतों में वन विभाग को एक अजगर सांप मरे होने की जानकारी दी गई। जिस पर रेंजर राजेश कुमार कायमगंज और वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची। अजगर सांप को ट्रैक्टर से घटनास्थल से वन विभाग के रेंजर के निर्देश पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वन विभाग के रेंजर राजेश कुमार ने बताया मृतक अजगर सांप का पोस्टमार्टम कराया गया है और रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का हुआ शुभारंभ


कलश यात्रा में भाग लेंती महिलायें व पुरुष आदि समृद्धि न्यूज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**श्री श्री** 108 स्वामी महावीर दास महाराज संत श्री सीताराम आश्रम खरगापुर के तत्वाधान में आचार्य रामानुज पांडे मानस मर्मज्ञ कथावाचक के श्री मुख से कथा की अमृत वर्षा आज शाम 4 बजे से शुरु होगी।

जानकारी के अनुसार कमालगंज नगर में आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व शुक्रवार को विशाल कलश यात्रा निकाली गयी। श्रीमद् भागवत कथा हनुमानगढ़ी मंदिर के पास शांति गेस्ट हाउस के सामने होगी, जो की 20 तारीख से शुरू होकर 28 तारीख तक चलेगी। जिसमें 29 तारीख को पूर्णाहुति व भंडारा होगा। इसी के चलते आज नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जो की हनुमान मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग होते हुए तपस्वी वाले बाग तक निकाली गई। जिसमें नगर की 108 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया। महिलायें सर पर कलश रखकर चल रही थीं। कथा शाम 4.00 बजे से शुरू होगी तथा 8.00 बजे तक होगी। वहीं कलश पूजन में आचार्य के द्वारा वैदिक मत्रों से कलश पूजन करवाया गया। जिसमें मुख्य रूप से यजमान बने प्रभाशंकर औदिच्य तथा अरुण उर्फ टेशू गुप्ता सहित तमाम लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर आचार्य शिरोमणि मानस मर्मज्ञ कथावाचक रामानुज पांडे तथा श्याम, सहयोगी जगदीश मिश्रा, वरुण उर्फ सानू गुप्ता सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# प्रधानाध्यापिका ने बेचा मिड-डे-मील का दो बोरी गेहूं

- खंड शिक्षाधिकारी बोले दर्ज करायी जायेगी एफआईआर
- हो सकती है निलंबन की भी कार्रवाई, घटना कैमरे में कैद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**बच्चों के** राशन पर डाल रही प्रधानाध्यापिका डाल रही डांका। जिसकी तस्वीर कैमरे में कैद हुई। घटना की सूचना पाकर खंड शिक्षाधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में मामला सही पाया। खंड शिक्षाधिकारी ने बताया कि प्रधानाध्यापिका के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय नगला हीरा सिंह में प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह शुक्रवार को कोटेदार पुष्पा देवी के यहां एमडीएम का खाद्यान्न उठान करने के लिए गई थी। जो खाद्यान्न के 6 पैकेट मिले थे उनमें दो पैकेट प्रधानाध्यापिका ने वहीं फरोख्त कर दिए। यह नजारा किसी ग्रामीण ने देखकर पत्रकारों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पत्रकारों ने मामले के घटनाक्रम को अपने कैमरे में कैद कर लिया तथा उच्च अधिकारियों को सूचना दी। वहीं क्षेत्र में विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी सूचना पाकर तत्काल मौके पर आए और उन्होंने मामले के घटनाक्रम को समझा तथा जांच पड़ताल शुरू की। जिस पर ग्रामीणों के द्वारा बताए गए पड़ोस के दुकानदार से महिला ने दो पैकेट गेहूं राशन एमडीएम का लेने की बात कबूल की। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने एमडीएम के गेहूं पैकेट खरीदने की बात लिखित में महिला से ली। महिला ममता देवी पत्नी कमलेश कुमार निवासी कस्बा नवाबगंज-फर्रुखाबाद रोड मंडी के पास ने खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा को लिखकर दिया कि उसने प्राथमिक विद्यालय नगला हीरा सिंह के प्रधानाध्यापिका से ऐसे ही रास्ता चलते बात की, तो उन्होंने कहा कि आप गेहूं खरीदेंगे। जिस पर महिला ने हां कर दी और दो पैकेट गेहूं खरीद लिए तथा प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह को 2100 देने की बात कही। वही कोटेदार पुष्पा देवी पत्नी करतार सिंह के पुत्र अनुराग से भी जानकारी प्राप्त की। जिसमें उन्होंने अपने रजिस्टर से रिसीविंग खंड शिक्षा अधिकारी को प्रधानाध्यापक के घर जाकर नाम की दिखाई और बताया कि वह उनसे 6 पैकेट राशन लेकर गई है। दो पैकेट राशन पड़ोस में ही बेच डाले। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी पत्रकारों के साथ तुरंत विद्यालय पहुंचे और वहां जांच पड़ताल की। जिस पर प्रधानाध्यापिका पहले तो मामले को घुमाती रही। जब खंड शिक्षा अधिकारी ने ज्यादा दबाव बनाया, तो महिला ने दो पैकेट गेहूं बेच जाने की बात कबूल कर ली और खंड शिक्षा अधिकारी ने उनसे भी लिखवाकर ले लिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापिका को बताया कि आपके विरुद्ध थाने में एफआईआर भी कराई जाएगी कराई जाएगी और सूचना उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी के बताएं अनुसार प्रधानाध्यापिका का निलंबन तय भी बताया गया है।



मौके पर जांच पड़ताल खंड शिक्षाधिकारी व इन्सेट में आरोपी प्रधानाध्यापिका समृद्धि न्यूज

# कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए भाजपा संगठन हमेशा खड़ा है: प्रभारी मंत्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मंत्री जयवीर सिंह का हुआ जोरदार स्वागत, सदस्यता अभियान पर दिया गया जोर**

**शुक्रवार को** आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर जनपद के नवनियुक्त प्रभारी मंत्री ठा0 जयवीर सिंह ने कार्यालय में भाजपा पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की। संगठन पर्व के अंतर्गत चल रहे सदस्यता अभियान को लेकर दिशा निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री व प्रभारी मंत्री ठा0 जयवीर सिंह ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो जिम्मेदारी दी है उस जिम्मेदारी के तहत जनपद आगमन हुआ है। प्रदेश की सरकार ने सुरक्षा का माहौल दिया है, योगी सरकार निरंतर प्रदेश को प्रगति के रास्ते पर ले जाने का कार्य कर रही है। जनपद भी निरंतर प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए भाजपा का संगठन व सरकार सदैव खड़ा हुआ है। संगठन द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है कि सदस्यता अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता की भागीदारी आवश्यक है। नए लोगों को भाजपा से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। आगामी आने वाले विधानसभा और पंचायत के चुनाव के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अभी से कमर कसनी है, इसके लिए एक मजबूत संगठन तैयार किया जाएगा।


पार्टी कार्यालय पर जयवीर सिंह का स्वागत करते भाजपा नेता

नए कार्यकर्ताओं को अवसर देकर संगठन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया जनपद में विकास को प्रगति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभारी मंत्री का दायित्व ठाकुर जयवीर सिंह को दिया है। उनके सरकार में पर्यटन व सांस्कृतिक मंत्री होने के कारण जनपद सौभाग्यशाली है। पर्यटन की दृष्टि से जनपद में संकिसा जैसा पौराणिक स्थल मौजूद है। पवित्र पावनी मां गंगा जनपद में विराजित है, सरकार द्वारा निरंतर संकिसा जैसे पौराणिक स्थल को विकसित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। संचालन जिला महामंत्री डीएस राठौर ने किया। इस मौके पर जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे, सांसद मुकेश राजपूत, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य प्रांशु दत्त द्विवेदी, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, कायमगंज विधायक डॉ0 सुरभि, मोनिका यादव, कुलदीप गंगवार, अमर सिंह खटीक, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, दिनेश कटियार, सत्यपाल सिंह, अश्नील दिवाकर, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, डॉ0 रजनी सरीन, मिथिलेश अग्रवाल, शिवांग रस्तोगी, कृष्ण मुरारी राजपूत, अमरदीप दीक्षित, अभिषेक त्रिवेदी, अभिषेक बाथम, अभिषेक बाजपेयी, विमल कटियार, धर्मेन्द्र राजपूत, दिलीप भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर की स्थायी रुप से समस्या का समाधान करने की प्रभारी मंत्री से मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**वार्ड नम्बर** 4 में विद्युत समस्या आपूर्ति की व ट्रांसफार्मर खराब होने को लेकर प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह को स्थानीय लोगों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया गया कि विगत कई वर्षों से विद्युत ट्रांसफार्मर का स्थायी समाधान न होने के कारण विद्युत समस्या बनी रहती है। विद्युत विभाग भोलेपुर के संबंधित अधिकारी से कई बार शिकायत की, लेकिन उसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिस कारण ट्रांसफार्मर खराब हो जाने


प्रभारी मंत्री को ज्ञापन देने के दौरान मौजूद नरेन्द्र सिंह जाटव आदि

एवं घरेलू बिजली न आने के कारण उपभोक्ता परेशान है। 19 सितम्बर को बमुश्किल ट्रांसफार्मर रखा गया, परन्तु ट्रांसफार्मर को लाने ले जाने का मार्ग नहीं है। इससे पहले भी जिस भूमि पर ट्रांसफार्मर रखा था। वहां के लोगों ने आवास हेतु बिक्री कर दी है। ऐसी स्थिति में ट्रांसफार्मर खराब होने से विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है। स्थानीय लोगों ने मांग करते हुए कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में सुचारु रुप से विद्युत व्यवस्था उपभोक्ताओं को मिलती रहे इसके लिए समाधान किया जाये। ज्ञापन लेकर प्रभारी मंत्री ने समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर नरेन्द्र सिंह जाटव, कुलदीप बाथम, जवाहर लाल, विमल, रामसेवक, रामरतन, नीलेश, सौरभ, जयवीर, इंद्रेश, अभिषेक, राजाराम, श्रीकृष्ण, सुरेन्द्र, अनिल, रमाकांत, जोगेन्द्र पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### लूटपाट के मामले में चार अभियुक्त को सात-सात वर्ष की सजा व जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लूटपाट के मामले में चार अभियुक्तों को सात-सात वर्ष की सजा व जुर्माने से दण्डित किया गया है। जानकारी के अनुसार विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र सचान ने अभियुक्तगण रज्जाक, इस्माइल व सनी को अ0सं0 466/18 धारा-397, 412 भा0द0सं0 थाना कायमगंज में अभियुक्तगण रज्जाक, इस्माइल व सनी को अ0सं0 530/208 धारा-307/34 भा0द0सं0 थाना कायमगंज एवं अभियुक्त रज्जाक को अ0सं0 531/2018 धारा-25 आयुध अधिनियम थाना कायमगंज एवं अभियुक्त इस्माइल को अ0सं0 532/2018 धारा 25 आयुध अधिनियम थाना कायमगंज के अपराधों में दोषसिद्ध किया है। अभियुक्तगण रज्जाक, इस्माइल व सनी द्वारा घटना कारित की गयी है। न्यायालय की राय में अभियुक्तगण रज्जाक, इस्माइल व सनी को धारा 397 भा0द0सं0 के अपराध के लिए 07 वर्ष का सश्रम कारावास व मु0 500/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास से तथा धारा 412 भा0द0सं0 के अपराध के लिए अभियुक्तणों को 07 वर्ष का कारावास व 500/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास तथा अभियुक्त रज्जाक व इस्माइल को धारा 25 आयुध अधिनियम के अपराध के लिए प्रत्येक को 03 वर्ष का कारावास व 500/- रुपया अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं इशरत की लगातार अनुपस्थिति के कारण उसकी पत्रावली पृथक की गयी।

### यूपी एजूकेशनल मिनीष्ट्रियल आफीसर्स एसो0 के अध्यक्ष बने अरविन्द कुमार

**वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, जनपदीय मंत्री राजीव यादव, आडिटर बनी रोशनी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी एजूकेशनल मिनीष्ट्रियल आफीसर्स एसोसिएशन जनपद इकाई शाखा द्वारा द्विवार्षिक चुनाव जिला विद्यालय निरीक्षक सभागार में सम्पन्न हुआ। जनपद के अन्तर्गत कुल 47 सदस्यों में से 43 सदस्य उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य हरिप्रकाश मिश्रा, आनंद दीक्षित, चुनाव अधिकारी समिति द्वारा सम्पन्न हुआ। दोनों चुनाव अधिकारी व पर्यवेक्षक ने सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गये पदाधिकारियों की घोषणा की। अध्यक्ष पद हेतु तीन नाम आये। जिसमें राजेश अग्निहोत्री, मनोज कुमार मिश्रा, अरविन्द कुमार का नाम शामिल था। मनोज मिश्रा द्वारा नाम वापस लिये जाने की स्थिति में दो प्रत्याशियों के बीच चुनाव सम्पन्न हुआ। राजेश कुमार अग्निहोत्री ने 18 मत व अरविन्द कुमार को 25 मत प्राप्त हुए। अरविन्द कुमार जनपद इकाई के अध्यक्ष निवार्चित हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, जनपदीय मंत्री राजीव कुमार यादव, कोषाध्यक्ष दिनेश चन्द्र बाथम बने। ऑडिटर रोशनी बाथम को चुना गया।

### छात्राओं ने महाविद्यालय कैंपस में चलाया स्वच्छता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कृष्णा देवी बालिका महाविद्यालय लोहियापुरम आवास विकास में च्चस्वच्छ भारत अभियानज्ज के अंतर्गत दिनांक 16.09.2024 से 2209.2024 तक महाविद्यालय परिवार की तरफ से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। जिसमें महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओ और छात्राओ ने हाथों में झाडू लेकर महाविद्यालय कैम्पस और आसपास के क्षेत्र की सफाई की। कूड़े को इकट्ठा कर कूड़ेदानों में डालकर सदैव ही गंदगी दूर करने का संकल्प लिया गया। शिक्षिकाओं ने छात्राओं को स्वच्छता के बारे में समझाया कि हम सब कैसे साफ-सफाई का ध्यान रखकर खुद को, परिवार, समाज व राष्ट्र को स्वस्थ्य, सुन्दर, स्वच्छ, निरोगी रख सकते हैं। इस मौके पर दर्जनों की संख्या में छात्राये व शिक्षिकायें मौजूद रहीं।

### अभियुक्त को तमंचा सहित दबोचा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त पवन कुमार पुत्र रामलखन निवासी ग्राम अमृतपुर थाना अमृतपुर जनपद फतेहगढ़ को 01 देशी तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर थाना अमृतपुर पर मु0अ0सं0 84/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त को इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प के पास कस्बा अमृतपुर से गिरफ्तार किया गया है। इस मौके पर उप निरीक्षक मौनेश पचौरी थानाध्यक्ष अमृतपुर, उप निरीक्षक जगभान सिंह, उप निरीक्षक विमल कुमार आदि मौजूद रहे।

### भूसा भरने गयी युवती से छेड़छाड़

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवती गुरुवार शाम घेर मे भूसा भरने गयी थी। पड़ोसी युवक दीवार फांदकर अंदर घुस आया। वह युवती का हाथ पकड़कर अंदर खींचने लगा। मौके पर पहुंची माँ के ललकारने पर युवक दीवार फांदकर फरार हो गया। शिकायत करने घर पहुंची युवती की माँ से दबंगों ने मारपीट की। शुक्रवार सुबह पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने आकर तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# लोहिया वाहिनी की बैठक में निष्क्रिय पदाधिकारियों को किया गया पदमुक्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** लोहिया वाहिनी की मासिक बैठक आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। साथ ही पार्टी की बैठक में भाग न लेने वाले पदाधिकारियों को पदमुक्त किया गया। बैठक में विशेष बिंदुओं पर चर्चा की गई। वोट बढ़ाना, पीडीए के लोगों को पार्टी से जोड़ना, 18 साल के युवाओं को पार्टी का सदस्य बनाना व अगस्त क्रांति दिवस के महीने में लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव द्वारा पार्टी के 700 नए सदस्य बनाने का भी काम किया गया था। इसके साथ ही जिले की चारों विधानसभाओं में छात्र नौजवान पीडीए जागरूकता


लोहिया वाहिनी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी

अभियान को लोहिया वाहिनी द्वारा चलाया गया। महाविद्यालयों में भी छात्रों को सदस्य बनाया गया। समाजवादी पार्टी द्वारा छात्रों के हित में लिए गए फैसलो के बारे में भी बताया। इसके साथ ही जो पदाधिकारी पार्टी कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं ले रहे थे, ऐसे निष्क्रिय सदस्यों को भी पदमुक्त किया गया। भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष रामभान जोशी, संकिसा नगर अध्यक्ष रछपाल जाटव व जिला उपाध्यक्ष हेमंत यादव को पदमुक्त किया गया। वहीं अर्जुन सिंह कामों से प्रभावित होकर उनको जिला कार्यकारिणी सदस्य से प्रोन्नति कर जिला सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। सोनू दिवाकर भी जिला सचिव बनाए गए। रच्छपाल की जगह मोहित यादव को संकिसा का नगर अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर शिव शंकर शर्मा, शशांक सक्सेना, अमन चतुर्वेदी, रवि यादव, आलोक सिंह, मोहित यादव, गोपाल यादव, गौरव ठाकुर, घनश्याम सिंह, सोनू दिवाकर, योगेश यादव, ऋषिपाल, अजय यादव, सचिन सिंह, अनमोल यादव, विपिन सिंह, कल्याण सिंह, अनूप यादव, मोहम्मद शरीफ, पंकज कश्यप, अमन दिवाकर, नितिन राजपूत, अतुल सिंह, संदीप राजपूत, अमन वाल्मीकि, सचिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर लगाकर बाढ़ पीड़ितों को दी गई दवाइयां


मरीजों को दवाइयां वितरित करते डा0 सुरेन्द्र सिंह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**राजकीय** होमियोपैथिक चिकित्सालय कडार द्वारा राजेपुर ब्लॉक के बाढ़ पीड़ित ग्राम उदयपुर और आशा की मड़ैया में जनपद के होमियोपैथिक विभाग के तत्वाधान में बाढ़ राहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 228 बाढ़ पीड़ितों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सभी रोगियों को होमियोपैथिक उपचार दिया गया और सभी ग्राम वासियों को सितंबर माह में पोषण माह के अंतर्गत सभी ग्राम वासियों को पौष्टिक एवं उचित खानपान की सलाह दी। इस मौके पर चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह के साथ एकक्ष सेवक आकाश मसीह ने सहयोग दिया।

# शिक्षक संघ कूटा के आवाह्न पर मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कानपुर विश्वविद्यालय** शिक्षक संघ कूटा के आवाह्न पर शिक्षकों की पुरानी पेंशन, रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष करने, पांच पीएचडी इंक्रीमेंट


विरोध प्रदर्शन करते कूटा के पदाधिकारी

तथा चिकित्सीय लाभ आदि मांगों लेकर धरना दिया गया। भारतीय महाविद्यालय में सभी प्राध्यापक साथियों ने सरकार की शिक्षा-शिक्षक विरोधी नीतियों का विरोध किया और शिक्षकों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की सरकार से पुरजोर मांग की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश, फर्रुखाबाद जिला इकाई अध्यक्ष डॉ0 आलोक बिहारी शुक्ल, महाविद्यालय इकाई के उपाध्यक्ष डॉ0 धनंजय कुशवाहा, महामंत्री विवेक सिंह, डॉ0 संदीप द्विवेदी, नीरज कुमार द्विवेदी, समीर कुमार गुप्ता, डॉ0 निधीश कुमार सिंह, विजय कुमार, डॉ0 रमाशंकर पाण्डेय, अशोक मिश्रा, विवेक शुक्ला, प्रतिभा, वेदराम आदि उपस्थित रहे।

# आत्म शुद्धि के लिए इच्छाओं को रोकना जैन धर्म का उद्देश्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जैन समाज** के दस दिन के पर्यूषण पर्व समाप्ति के बाद महावीर दिगम्बर जैन अतिशय मंदिर जोगराज में दसलक्षण धर्म पूजा धूमधाम से मनायी गई। कन्हैया लाल जैन ने बताया कि जिनमत जो विश्व का धर्म है उसका नाम पर्यूषण पर्व है। यही पापों का नाश करता है। इसी से शाश्वत सुखी अनुभूति होती है एवं अध्यात्मवाद इस पर्व की साधना से रुपायित होता है। पर्यूषण पर्व में दस धर्म इस प्रकार है उत्तमरक्षमा मार्दव, आर्जव, शौच, सव्य, संयम, तप, त्याग, अंकिचप, ब्रह्मचर्य से दस धर्म में सार है अर्थात उत्कृष्ट है ये दस धर्म चारों गतियों के दुखों से निकलकर मोक्ष सुख को करने वाले है जैन समाज भी एक वर्ष


पूजन करते कन्हैया लाल जैन व मौजूद भक्तगण — समृद्धि न्यूज

में अनेक समाजिक, धार्मिक पर्व मनाये जाते है। वर्तमान की आंखों अतीत और भविष्य को देखा जाता है। यह पर्व अहंकार और ममकार्य विसर्जन की पहल की जाती है। इस पर्व अहिंसा की अराध्य का पर्व है। अतः जैन धर्म क्षमा भाव ही सिखाता है। इन्द्रों के वेष में कन्हैया लाल जैन, प्रवीन कुमार जैन, कमल कुमार जैन, नीरज जैन, अभिषेक जैन, चिराग जैन ने भगवान शांति नाथ का अभिषेक शांतिधारा एवं अष्ट द्रव्यों से पूजन किया। कन्हैया लाल जैन के अलावा प्रवीन कुमार जैन, कमल कुमार जैन, मयंक जैन मौजूद रहे। पंडित अभिषेक जैन ने विधि विधान से पूजन कराया। इस अवसर पर सुरेन्द्र सफ्फड़, अमित, संजय जैन, अतुल जैन, रोमिल जैन, पूनम जैन, मिनी जैन, कल्पना जैन, मणि जैन, अंजू जैन, आरती जैन, वर्षा जैन, शिखा जैन, स्वीटी जैन, ममता जैन, नीलम जैन, गुंजा जैन, नंदिता जैन, आकांक्षा, चित्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# शिविर में ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांगों चेहरे खिल उठे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**एसएन साथ** ट्रस्ट द्वारा डॉ0 रजनी सरीन के संयोजन में आयोजित दिव्यांग शिविर निकट एनएकेपी डिग्री कॉलेज के सामने सेवा केन्द्र पर शिविर में जयपुर फुट संस्था भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति के विशेषज्ञ गणेश, मोनिका, शेखर, अवधेश हलदर अपनी सेवा दे रहे है। ईएनटी के स्पेशलिस्ट डॉ0 शिखर सक्सेना तथा उनकी टीम परीक्षण कर मरीजों को ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क दवायें तथा कान की मशीन वितरित की गई। शिविर में एसएन साध ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी राकेश साध तथा चमकेश साध के अलावा डॉ0 कार्तिकेय सिंह और डॉ0 केजी बाथम ने मरीजों का सहयोग किया। बांटे गये उपकरण 26 ट्राई साइकिल, 16 व्हील चेयर, 19 छड़ी, 19 कैलीपर, 14 कृत्रिम पैर, 2 कृत्रिम हाथ, 26 वैशाखी, 12 वॉकर, 24 जोड़ी जूते, 70


ट्राई साइकिल पर बैठे दिव्यांग मौजूद डा0 रजनी सरीन, राकेश साध

कान की मशीन वितरित की गई। 185 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। शिविर में दिव्यागों को अपना आधार कार्ड लाना आवश्यक है। इस मौके पर मधु साध, प्रिया साध, रीतेश साध, अमर साध, उदयपाल, विजय कुमार, आकाश सिंह कश्यप, शीष मेहरोत्रा, रोहित गर्ग, राहुल कश्यप, नितिन कश्यप, रजत कश्यप, वॉबी सुजीत श्रीवास्तव, अंकुर पाठक, नरेश, जगदीश, रोविन साध, शेखर साध आदि मौजूद रहे।

# शुभम यादव हनी ने पत्नी के साथ बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बाढ़ पीड़ित** गांव का शुभम यादव हनी ने अपनी पत्नी चारु हनी यादव के साथ दौरा कर राहत सामग्री बांटी। बाढ़ पीड़ितों से उनके दुख दर्द सुने और उन्हे खाने पीने की वस्तुएं उपलब्ध करायी। शमशाबाद क्षेत्र के गढ़िया हैवतपुर, परसादी नगला, कटरी तौफीक, अचानकपुर आदि गांव में राहत सामग्री बांटी गयी। हनी यादव ने कहा कि जो काम शासन-प्रशासन का है वह हमें करना पड़ रहा है। क्योंकि हम क्षेत्रवासियों के साथ है। शुरु से ही हम यहां आते रहते है इसलिए इनके सुख-दुख में हम सहभागी है। इस देवीय आपदा में जरुरत मंदों की मदद करना मेरा उद्देश्य है। उन्होंने बाढ़ पीड़ित गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को राहत सामग्री वितरित की और भोजन के पैकेट उपलब्ध कराये। जिन गांव में पानी भरा था। उन गांव में नाव पर बैठकर राहत सामग्री ग्रामीणों तक पहुंचायी। इस मौके पर पवन ठाकुर, प्रवीन यादव, धर्मेन्द्र राजपूत, रेनू यादव, बालकिशन यादव आदि लोगों ने सहयोग किया।


बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करते शुभम यादव हनी व चारु यादव

# 36वां मानस सम्मेलन 22 सितम्बर से होगा शुरु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**36वां मानस** सम्मेलन पांच दिवसीय 22 सितम्बर से पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में शुरु होगा। पत्रकार वार्ता में संयोजक रामबाबू पाठक ने बताया कि मानस सम्मेलन पाण्डेश्वरनाथ मंदिर सत्संग भवन में 22 सितम्बर से 26 सितम्बर तक चलेगा। पांच द्विवसीय मानस सम्मेलन में आठ मानस विद्वान साध्वी प्रज्ञा भारती उर्फ पंक्षी देवी हरिद्वार, ईश्वरदास ब्रह्मचारी जालौन, अरुण गोस्वामी झांसी, पीलाराम शर्मा दुर्ग छत्तीसगढ़, महेश चंद्र मिश्र इंदौर, कविताकांत बाजपेई उन्नाव, कु0 अंजलि मिश्रा रायबरेली, वंदना शास्त्री अयोध्याधाम आकर प्रवचन करेंगी। नंदकिशोर



वार्ता करते डा0 रामबाबू पाठक व अन्य — समृद्धि न्यूज

पाठक तबला वादक भी संगीत का कार्य करेंगे। डा0 रामबाबू पाठक ने बताया कि 22 सितम्बर को सुबह 7 बजे सत्संग भवन में सूर्य पूजन होगा। जिसमे स्वामी शिवानंद सरस्वती एवं स्वामी ब्रह्मानंद दंडी महाराज, महा नरसिंह गुफा जाजलपुर की स्मृति में होगा। इस मौके पर ज्योतिस्वरूप अग्निोत्री, ब्रजकिशोर सिंह किशोर, सदानन्द शुक्ला, आलोक गौड़, सुरजीत कुमार पाठक बंटू आदि लोग मौजूद रहे।

# जनपद इकाई द्वारा मनाया गया अधिवक्ता परिषद का 32वां स्थापना दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अधिवक्ता परिषद** काशी जनपद इकाई के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का 32वां स्थापना दिवस शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में आयोजित सम्पन्न हुआ। शुभारंभ मंचासीन अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर व वंदेमातरम से किया। मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि अधिवक्ता परिषद समाज के अन्तिम व्यक्ति के लिए लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता परिषद की स्थापना 23 जुलाई 1992 को दंत्तोपन्त ठेंगड़ी द्वारा की गई थी। जिसका उद्देश्य अधिवक्ताओं को एक मंच प्रदान करना था। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भानु प्रकाश मिश्र ने कहा कि परिषद न्यायः मम् धर्मः के आधार पर संगठन का कार्य करती है और राष्ट्रवादी अधिवक्ताओं के समूह का निर्माण करती है। न्याय सभी के लिए सुलभ और सुगम हो, समाज में सनातन सांस्कृतिक मूल्यों की सुरक्षा हो यही अधिवक्ता परिषद का उद्देश्य है। मुख्य अतिथि जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्रीकिशोर मिश्र ने कहा कि अधिवक्ता परिषद अधिवक्ताओं के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देने, न्यायपालिका में सुधार के लिए कार्य



कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ता — समृद्धि न्यूज

करने, सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर अधिवक्ताओं की राय को प्रस्तुत करने का कार्य करता है। विशिष्ट अतिथि राजीव सिंह राठौर ने कहा कि न्याय की जो गरिमा है इसके पीछे शुचिता, पवित्रता, प्रामाणिकता है, वह प्रतिष्ठित होती रहे और इसके लिए अधिवक्ता परिषद अपने स्थापना काल से प्रयत्नशील है। संचालन जिला महामंत्री हरि प्रकाश मिश्र ने किया। इकाई अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्र गान के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर अभिषेक मिश्रा, अजय कुमार दुबे, संजीव अग्निहोत्री, गौरव मिश्र, अरुण मिश्र, शिव ओम् पांडेय, सुबोध मिश्र, उमा मिश्रा, नन्दकिशोर दीक्षित, दिगम्बर नाथ, ओमवीर सिंह राठौर, अखिल कुमार पाठक, सूरज प्रताप सिंह, हिमांशु कुशवाहा, मो0 शाहनवाज, कुलदीप दीक्षित, सचिन कुमार, रंजीत सिंह कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# आबा बिरसा मुंडा की धरती पर आना मेरे लिए तीर्थ यात्रा के समान : राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू

एजेंसी



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड के प्रति मेरा विशेष लगाव है। धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती पर आना मेरे लिए तीर्थ यात्रा के समान है। यहां के लोगों से बहुत स्नेह मिला है। राज्यपाल के तौर पर मैंने यहां कई वर्षों तक काम किया है।

वे शुक्रवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2017 में इस संस्थान की तरफ से आयोजित किसान मेला का उद्घाटन किया था। मैं यहां पहले भी कई बार आ चुकी है। उस समय में मैंने लाह उत्पादन में अच्छा कार्य कर रहे किसानों को सम्मानित भी किया था। आज इस संस्थान के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। मुर्मू ने कहा कि जानकारी मिली कि जो रॉ लाह होता है वह 100-200 में भेजा जाता था लेकिन जाद में जब विदेश भेजा जाता था तो उसकी कीमत 3000-4000 होता था।

### राष्ट्रपति ने राजभवन में मूर्ति गार्डेन का किया उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से परिकल्पित झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं से सुसज्जित मूर्ति गार्डेन का उद्घाटन शुक्रवार को राज भवन में किया गया।इस मूर्ति गार्डेन में युगपुरुष स्वामी विवेकानंद के अतिरिक्त झारखंड के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी गया मुंडा, जतरा टाना भगत, तेलंगा खड़िया, नीलांबर-पीतांबर, सिदो-कान्हू, तिलका मांझी, दिवा-किसुन, वीर बुधु भगत के अतिरिक्त परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

# पहला स्वदेशी पोत आईएनएस विक्रांत समुद्र में जंग के लिए तैयार

## नौसेना के स्वॉर्ड आर्म की समुद्री शक्ति और बढ़ी, पोत के डेक पर 30 विमानों के बेड़े में 18 मिग-29 और 12 कामोव हेलीकॉप्टर होंगे

### जहाज को पहली बार पश्चिमी बेड़े में शामिल किया गया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** आखिरकार लम्बे इन्तजार के बाद भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत समुद्र में जंग के लिए ऑपरेशनल हो गया है। तैनाती के रूप में जहाज को पहली बार पश्चिमी बेड़े में शामिल किया गया है, जिससे भारतीय नौसेना की स्वॉर्ड आर्म की समुद्री शक्ति और ज्यादा बढ़ गई है। फिलहाल पोत पर 30 विमानों के बेड़े में 18 मिग-29 और 12 कामोव हेलीकॉप्टर होंगे। अमेरिका से खरीदे गए एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर भी शक्तिशाली पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं के साथ बोर्ड पर होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो साल पहले 02 सितम्बर को भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत 'विक्रांत' राष्ट्र को सौंपा था, जिसे समुद्री जंग के लिहाज से तैयार किया जा रहा था। भारतीय नौसेना के पायलटों ने पिछले साल फरवरी में एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रांत पर स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान एलसीए नेवी को कामयाबी के साथ लैंड और टेक ऑफ करके आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया। नौसेना के मुताबिक फिलहाल पोत पर 30 विमानों के बेड़े में 18 मिग-29 और 12 कामोव हेलीकॉप्टर होंगे।

### 26 नए राफेल लड़ाकू विमान खरीदने पर विचार

आईएनएस विक्रांत पर पिछले साल मार्च में पहली बार रात के समय कामोव 31 हेलीकॉप्टर उतार कर नाइट लैंडिंग का सफल परीक्षण किया गया। लगभग 4 माह तक पोत पर फाइटर जेट की लैंडिंग और टेक ऑफ करने के परीक्षण किये गए। तमाम तरह के परीक्षणों के दौर से गुजरने के बाद विक्रांत को पूर्ण परिचालन का दर्जा मिल गया। नौसेना ने आधिकारिक तौर पर आज आईएनएस विक्रांत के पश्चिमी बेड़े में शामिल होने का ऐलान किया है। नौसेना आईएनएस विक्रांत के लिए 26 नए राफेल लड़ाकू विमान खरीदने पर विचार कर रही है। इसके लिए 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के सौदे पर भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच अनुबंध वार्ता हो चुकी है। जल्द ही फ्रांस के साथ बातचीत पूरी करके समझौते पर हस्ताक्षर करने का प्रयास है। इस सौदे के लिए सरकार से सरकार के बीच का अनुबंध होगा। नौसेना के मुताबिक आईएनएस विक्रमादित्य के नेतृत्व में कैरियर बैटल ग्रुप ने अरब सागर में मल्टी डोमेन एक्सरसाइज और ट्विन कैरियर फाइटर ऑपरेशन के साथ आईएनएस विक्रांत को पश्चिमी बेड़े में शामिल किया।

## कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर कहा

# रांची को बनाएंगे कृषि शिक्षा व शोध का केंद्र

### प्रधानमंत्री मोदी दुगुनी करना चाहते हैं किसानों की आय

एजेंसी




**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह में शुक्रवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रांची को कृषि शिक्षा एवं शोध का प्रमुख केंद्र बनाएंगे। न्यूनतम मूल्य भी बढ़ाने का प्रयास करेंगे, जितनी लागत आता है, उसमें 50 प्रतिशत जोड़कर ही न्यूनतम प्रोडक्शन मूल्य दिया जाएगा। इस साल से 1500 से नहीं पांच हजार किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों की आय दुगुनी करना चाहते हैं। कृषि में उत्पादन बढ़ाना, घाटा कम करने, केवल धान, गेंहू से काम नहीं चलेगा। हमें दूसरे खेती में जाना होगा। आज भी हम लाह में 400 करोड़ का निर्यात करते हैं। आज ऐसी महिलाएं है जो लाखा-लाख रुपये कमा रहा हैं। हमारी आय बढ़ाने के लिए लाह अहम है। पलास्टिक से बचने के लिए भी इसका उत्पादन जरूरी है। उन्होंने कहा कि लाह के माध्यम से भी लखपति दीदी बनायी जा सकती है। हमारा लक्ष्य है कि लाह का उत्पादन दुगुनी हो जाए। यह वनोत्पाद है। इसलिए कृषि विभाग के अधीन में आता है। मेरा प्रयास होगा कि लाह का खेती कृषि विभाग के तहत आ जाए, ताकि कृषि विभाग का योजनाओं का लाभ इस खेती को मिल सके। कलस्टर आधारित प्रोसेसिंग का प्रयास करेंगे।

### लाह की खेती से जुड़कर 40 लाख आदिवासी परिवार बन रहे हैं आर्थिक सबल : कृषि राज्य मंत्री

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी ने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्र में लाह की खेती भरण-पोषण करते हैं। करीब 40 लाख परिवार इस खेती से जुड़े हैं। हर क्षेत्र में अन्नदाता रात-दिन मेहनत करता है। जब अन्नदाता के घर में खुशहाली आता है तब हमें खुशी होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों में खुशी लाने के लिए दिन-रात लगे हुए हैं। चाहे एमएसपी बढ़ाने का मसला हो या फिर आय दुगुनी करने का। यह गौरव की बात है कि यह संस्थान शताब्दी वर्ष मना रहा है। पहले यह लाह संस्थान ही था लेकिन प्रधानमंत्री इस संस्थान को और आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

### झारखंड से होता है कुल उत्पादन का 55 प्रतिशत लाह उत्पादन

संस्थान महानिदेशक हिमांशु पाठक ने कहा कि देश में कुल लाह उत्पादन का 55 प्रतिशत झारखंड से होता है। इसके बाद ही अन्य राज्य का योगदान है। इस संस्थान से 10 लाख से अधिक किसानों ने प्रशिक्षण लिया और अपना आय बढ़ाया। लाह के उत्पादन में हमारा देश नंबर वन है। हमारा संस्थान सेकेंडरी कृषि को बढ़ावा दे रहा है। अगले तीन वर्षों में यह देश न केवल विकासीत, बल्कि विकसित देश रहेगा। इसमें हमारे संस्थान को जो सहयोग रहेगा, जरूर करेगा। निदेशक डॉ. श्याम नारायण झा ने कहा कि इस संस्थान को चिरंजीवी बनाने में सभी के सहयोग की जरूरत है। समय-समय पर इस संस्थान का नाम बदला गया। कुल चार बार इस संस्थान का नाम बदला गया है, जिसका मुख्य कारण रहा इसके जरिए कृषि में उत्तोतर विकास।

### झारखंड से बिचौलिए को खत्म किया : संजय सेठ

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि किसी भी संस्था का सौ साल होना इस पावर अवसर पर भारत की राष्ट्रपति का शामिल होना, गौरव की बात है। यह किसानों को हौसला देना है। प्रकृति ने हमें हरा-भरा संपदा दिया। लाह प्लास्टिक का विकल्प है। यह गौरव की बात है कि देश का 55 प्रतिशत लाह की खेती झारखंड में होता है। 400 करोड़ का एक्सपोर्ट होता है। लाह पहले 100 में बिकता था, वही लाह बड़े-बड़े व्यापरी उसे 700-800 रुपये में बेचता है। हमने खादी बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए बिचौलियों को खत्म किया। लाह से हम लखपतिया दीदी बना रहे हैं। पतल में लाह का कोटिंक कर दिया जाए तो वह नुकसान देह नहीं होगा।

### भारतीय जमीन पर टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज बने महमूद

**चेन्नई।** युवा तेज गेंदबाज हसन महमूद भारत में टेस्ट मैचों में पांच विकेट लेने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ शुक्रवार को चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में पहले टेस्ट मैच के दौरान हासिल की। महमूद के 5/83 के प्रभावशाली आंकड़ों की बदौलत बांग्लादेश ने भारत को 376 रनों पर आउट किया।। भारत में बांग्लादेशी गेंदबाज द्वारा किया गया पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2019 में इंदौर में अबू जायद के 4/108 के नाम था। अपने चौथे टेस्ट में, 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने महत्वपूर्ण प्रभाव डाला, उन्होंने पहले दिन रोहित शर्मा (19 गेंदों पर 6), शुभमन गिल (8 गेंदों पर 0), विराट कोहली (6 गेंदों पर 6) और ऋषभ पंत (52 गेंदों पर 39) के महत्वपूर्ण विकेट लिए। दूसरे दिन उन्होंने जसप्रीत बुमराह को आउट करके अपना पांच विकेट पूरा किया। टेस्ट मैचों में महमूद का यह लगातार दूसरा पांच विकेट है।

# चारधाम में उमड़ रहा है भक्तों का सैलाब 35.57 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे धाम

समृद्धि न्यूज



**बदरीनाथ/केदारनाथ धाम।** चारधाम यात्रा में फिर से एक बार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। अब तक चारधाम यात्रा में 35 लाख 57 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। सितंबर माह के दूसरे सप्ताह से बदरीनाथ-केदारनाथ धाम जाने वाले भक्तों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। दोनों धामों में प्रतिदिन तीन से चार हजार तीर्थयात्री दर्शन को पहुंच रहे हैं। शासन-प्रशासन यात्रियों की सुखद यात्रा के लिए सुविधा मुहैया कराने के लिए व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है।

केदारनाथ मंदिर के कपाट दस मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए थे। यात्रा के शुरुआत से भक्तों का हुजूम उमड़ना शुरू हो गया था। केदारनाथ में सबसे अधिक अभी तक रिकार्ड 11 लाख 45 हजार 897 से अधिक तीर्थयात्रियों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई है। बदरीनाथ में 09 लाख 89 हजार 282 श्रद्धालु पहुंचे हैं। दोनों धामों में 21 लाख 35 हजार से अधिक तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं। गंगोत्री धाम में 06 लाख 65 हजार 911 और यमुनोत्री धाम में 05 लाख 83 हजार 455 व हेमकुंड में 01 लाख 66 हजार 503 से अधिक भक्त पहुंचे हैं। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि सरकार, मंदिर समिति और प्रशासन की ओर से धाम पहुंच रहे यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। 31 जुलाई को आयी आपदा के बाद प्रदेश सरकार ने त्वरित गति से पैदल रास्ते को दुरुस्त करवाकर दोबारा से यात्रा को संचालित किया है। द्वितीय चरण की यात्रा ने अब तेज गति पकड़ ली है।

# लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2024 : दिनेश कार्तिक व हरभजन सिंह प्रमुख कप्तानों में शामिल

### 20 सितंबर से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में होंगे 25 रोमांचक मैच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) का 2024 संस्करण भारत और दुनिया भर के प्रतिष्ठित सेवानिवृत्त क्रिकेटरों के साथ प्रशंसकों को लुभाने के लिए तैयार है। छह टीमें सदर्न सुपरस्टार्स, अर्बनराइजर्स हैदराबाद, मणिपाल टाइगर्स, गुजरात जायंट्स, इंडिया कैपिटल्स और कोणार्क सूर्यास ओडिशा- के इस टूर्नामेंट में क्रिकेट इतिहास के कुछ सबसे बड़े नाम दिखाई देंगे।

20 सितंबर से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में 25 रोमांचक मैच होंगे और इन अनुभवी खिलाड़ियों के एक बार फिर मैदान पर उतरने से टी20 क्रिकेट में जबरदस्त रोमांच देखने को मिलेगा। इस टूर्नामेंट में शिखर धवन (गुजरात जायंट्स), दिनेश कार्तिक (साउथर्न सुपरस्टार्स) और सुरेश रैना (अर्बनराइजर्स हैदराबाद) जैसे दिग्गज अपनी टीमों का नेतृत्व करते हुए दिखेंगे। गुजरात जायंट्स के लिए क्रिस गेल की धमाकेदार बल्लेबाजी, कोणार्क सूर्यास ओडिशा के लिए इरफान पठान का ऑलराउंड कौशल और मणिपाल टाइगर्स के लिए हरभजन सिंह की स्पिन महारत भी रोमांच को और बढ़ा देगी।

### टीमें इस प्रकार हैं

**गुजरात जायंट्स :** क्रिस गेल, लियाम प्लंकेट, मोर्ने वान विक, लेंडल सिमंस, असोहर अफोहान, जेरोम टेलर, पारस खाडा, सीकुगे प्रसन्ना, कमाउ लेवरॉक, साइबांड एनोएलब्वेट, शैनन गेब्रियल, समर क्राड्री, मोहम्मद कैफ, श्रीसंत, और शिखर धवन (कप्तान)।

**कोणार्क सूर्या ओडिशा :** इरफान पठान (कप्तान), यूसुफ पठान, केविन ओ ब्रायन, रॉस टेलर, विनय कुमार, रिचर्ड लेवी, दिलशान मुनावीरा, शाहबाज नदीम, फिदेल एडवर्ड्स, बेन लाफलिन, राजेश बिश्नोई, प्रवीण तांबे, दिवेश पठानिया, केपी अप्पन्ना, अंबाती रायडू और नवीन स्टीवर्ट।

**मणिपाल टाइगर्स :** हरभजन सिंह (कप्तान), रॉबिन उथप्पा, थिसारा परेरा, शेल्डन कॉटरेल, डैन क्रिश्चियन, एंजेलो परेरा, मनोज तिवारी, असेला गुणारत्ने, सोलोमन मायर, अनुरीत सिंह, अबू नेचिम, अमित वर्मा, इमरान खान, राहुल शुक्ला, अमितोज सिंह, प्रवीण गुप्ता, और सौरभ तिवारी।

**इंडिया कैपिटल्स :** एशले नर्स, बेन डंक, ड्वेन स्मिथ, कॉलिन डी ओरांडहोम, नमन ओझा, धवल कुलकर्णी, क्रिस मपोफू, फैज फजल, इकबाल अब्दुल्ला, किर्क एडवर्ड्स, राहुल शर्मा, पंकज सिंह, ज्ञानेश्वर राव, भरत चिपली, परविंदर अवाना। पवन सुयाल, मुरली विजय और इयान बेल (कप्तान)।

**सदर्न सुपरस्टार्स :** दिनेश कार्तिक (कप्तान), एल्टन चिगुंबुरा, हैमिल्टन मसाकाद्जा, पवन नेगी, जीवन मेंडिस, सुरंगा लकमल, श्रीवत्स गोस्वामी, हामिद हसन, नाथन कूल्टर नाइल, चिराग गांधी, सुबोथ भाटी, रॉबिन बिस्ट, जेसल कारी, चतुरंगा डी सिल्वा और मोनू कुमार।

**अर्बनराइजर्स हैदराबाद :** सुरेश रैना (कप्तान), गुरकीरत सिंह, और पीटर ट्रेगो, समीउल्लाह शिनवारी, जॉर्ज वर्कर, इसुरु उदाना, रिक्की क्लार्क, स्टुअर्ट बिन्नी, जसकरन मल्होत्रा, चैडविक वाल्टन, बिपुल शर्मा, नुवान प्रदीप और योगेश नागर।

### पाक में अदालत ने ईशनिंदा केस में ईसाई महिला को मौत की सजा सुनाई

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद की एक विशेष अदालत ने ईशनिंदा केस में एक ईसाई महिला शौगाता करन को मौत की सजा सुनाई है। साल 2020 के सितंबर माह में एक व्हाट्स ऐप ग्रुप में पैगंबर के बारे में अपमानजनक कंटेंट साझा करने के आरोप में शौगाता के खिलाफ ईशनिंदा कानून के तहत 29 जुलाई, 2021 को मामला दर्ज किया गया था। शिराज अहमद ने इस महिला के खिलाफ साइबर अपराध शाखा में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। डॉन अखबार की खबर के अनुसार इस्लामाबाद की विशेष अदालत के न्यायाधीश अफजल माजुका ने कल (गुरुवार) सुनवाई के बाद शौगाता करन को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 295 सी के तहत दोषी ठहराया। इसमें मौत की सजा का प्रावधान है। शौगाता पर तीन लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इसके अलावा अदालत ने इस महिला को पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक अपराध अधिनियम (पीईसीए) की धारा 11 के तहत सात साल की कैद और एक लाख रुपये का जुर्माना की भी सजा सुनाई है।

# ममता ने दक्षिण बंगाल में बाढ़ के लिए डीवीसी को ठहराया जिम्मेदार

एजेंसी

### बंगाल की सीएम ने प्रधानमंत्री से लगाई मदद की गुहार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश में बाढ़ से उत्पन्न संकट के लिए दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) को जिम्मेदार ठहराया है। ममता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चिट्ठी लिख कर मदद की गुहार भी लगायी है। मुख्यमंत्री ममता ने अपनी चिट्ठी में डीवीसी पर बिना योजना के पानी छोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि दक्षिण बंगाल के कई जिले बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हो गए है।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यही स्थिति बनी रही तो पश्चिम बंगाल डीवीसी के साथ अपने संबंध खत्म कर देगा। उन्होंने चिट्ठी में लिखा कि डीवीसी द्वारा बिना योजना के माईथन और पंचेत जलाशयों से पांच लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण दक्षिण बंगाल के लगभग सभी जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे पूर्वी और पश्चिमी बर्दवान, हावड़ा, हुगली, पूर्वी और पश्चिमी मेदिनीपुर, बीरभूम और बांकुरा के लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। डीवीसी ने इससे पहले कभी इतना पानी नहीं छोड़ा। ममता ने बताया कि दक्षिण बंगाल में इस समय 1000 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा का क्षेत्र बाढ़ग्रस्त है और 50 लाख से अधिक लोग इस आपदा से प्रभावित हैं। कृषि भूमि और निजी संपत्तियों को भी भारी नुकसान हुआ है। ममता ने इसे मानव निर्मित आपदा बताते हुए कहा कि डीवीसी अगर अपने जलाशयों और बांधों को सही तरीके से नियंत्रित करता तो इस बाढ़ को रोका जा सकता था और नुकसान भी कम हो सकता था। मुख्यमंत्री ममता ने 16 सितंबर से डीवीसी ने कितनी मात्रा में पानी छोड़ा है, इसका पूरा विवरण प्रधानमंत्री को भेजी गई चिट्ठी में दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही डीवीसी को विभिन्न नदियों के जलस्तर की जानकारी दी थी लेकिन इसके बावजूद पानी छोड़ने का सिलसिला कम नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीवीसी के चेयरमैन से उन्होंने खुद फोन पर बात की थी लेकिन 17 तारीख से पानी छोड़ने की मात्रा लगातार बढ़ती गई।

## खबरें एक नजर में

### रामनाथ कोविंद ने रामचंद्र बाबू की समाधि पर किए अर्पित किए फूल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शुक्रवार को जिले के हरदोई बाईपास स्थित श्री रामचंद्र मिशन आश्रम पहुंचे और आश्रम के संस्थापक रामचंद्र बाबू जी की समाधि पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद कोविंद रामचंद्र जी महाराज के आवास पर भी गए। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने बाबू जी के जीवन के बारे में और उनसे मिलने वाले लोगों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बाबूजी रुपये का इस्तेमाल बहुत सोचकर करते थे। उन्होंने अभ्यासियों से कहा कि यह स्थान तीर्थस्थल के समान है। इस अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश एस, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार एवं श्री रामचंद्र मिशन आश्रम के जोनल इंचार्ज दीपक त्यागी आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के काफिले पर फायरिंग

**पंचकूला।** हरियाणा में विधानसभा चुनावों के दौरान अपराधियों का बोलबाला है। बीते एक सप्ताह के अंदर हरियाणा में दो गैंगवार की घटनाएं हो चुकी हैं। इसी बीच आज कालका से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के काफिले पर फायरिंग हुई है। जिसमें एक समर्थक को गोली लगी है। जानकारी के मुताबिक कालका विधानसभा क्षेत्र में रायपुर रानी के पास भरेली गांव से प्रदीप चौधरी का काफिला गुजर रहा था। इस दौरान काफिले पर फायरिंग हुई है। इस गोलीबारी में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी सुरक्षित हैं, हालांकि उनके एक समर्थक को गोली लगी है। जिसका नाम गोल्डी खेड़ी बताया जा रहा है। गोल्डी खेड़ी कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थक है। उसको 2 गोली लगी हैं। गंभीर हालत में उसे चंडीगढ़ पीजीआई इलाज के लिए रेफर किया गया है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

### रेल मंत्री ने भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से भारत-नेपाल यात्रा के लिए भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ महाराज, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार और उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी सहित रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे के माध्यम से लोगों को भारतीय संस्कृति का अनुभव कराने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के तहत भारत गौरव यात्रा के रूप में एक के बाद एक भारत गौरव यात्रा ट्रेनें जोड़ी जा रही हैं।

# माई क्लीन सिटी के तहत एचसीएल फाउंडेशन ने मनाया वर्ल्ड क्लीनअप डे



समृद्धि न्यूज

**ग्रेटर नोएडा।** भारत में एचसीएल टेक की सीएसआर शाखा एचसीएल फाउंडेशन ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपने फ्लैगशिप प्रोग्राम माई क्लीन सिटी के तहत पूरे जोश से वर्ल्ड क्लीनअप डे मनाया। दिसंबर 2023 में, संयुक्त राष्ट्र ने अपने आधिकारिक कैलेंडर में 20 सितंबर को वर्ल्ड क्लीनअप डे के रूप में घोषित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी थी। वर्ल्ड क्लीनअप का उद्देश्य वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर व्यवहारिक बदलाव लाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना था।

माई क्लीन सिटी बाय एचसीएल फाउंडेशन नोएडा और ग्रेटर नोएडा में एंड-टू-एंड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास कर रहा है। 2018 में शुरू किया गया यह प्रोग्राम सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम और प्रोसेस को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहा है। इसका प्रमुख जोर इसके हितधारकों की क्षमता निर्माण करना, व्यवहारिक बदलाव लाने से जुड़े कैंपेन चलाना, जागरूकता अभियान शुरू करना और तकनीकी समाधानों के उपयोग को बढ़ाने पर है। इस प्रोग्राम के बड़े असर की बात करें तो इसमें स्वच्छ सर्वेक्षण में नोएडा की रैंकिंग में सुधार का माना जा सकता है। 2019 में जहां नोएडा की रैंकिंग 324वीं थी, वहां से उत्तर प्रदेश का सबसे स्वच्छ शहर और अब पूरे भारत में 11वें स्थान पर आने तक, नोएडा ने एक लंबा सफर तय किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में, नोएडा को वाटर+ सर्टिफिकेशन और कचरा मुक्त शहर की श्रेणी में 5-स्टार रेटिंग भी मिली है। इस सफलता के आधार पर, माई क्लीन सिटी प्रोग्राम अब ग्रेटर नोएडा सिटी में भी पहुंच गया है।

# खाद्य नियामकों की भूमिका बहुत अहम

## स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन के दूसरे संस्करण का किया उद्घाटन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित विश्व खाद्य भारत कार्यक्रम के साथ-साथ एफएसएसएआई द्वारा आयोजित वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन 2024 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया।


शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने फूड इंपोर्ट रिजेक्शन अलर्ट (एफआईआरए) पोर्टल और फूड इंपोर्ट क्लीयरेंस सिस्टम 2.0 के लिए नई वेबसाइट लॉन्च की। भारत मंडपम में चल रहे वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन में जेपी नड्डा ने कहा कि फूड इंपोर्ट क्लीयरेंस सिस्टम 2.0 के लिए नई वेबसाइट तेज प्रसंस्करण और अधिक पारदर्शिता के लिए फूड इंपोर्ट क्लीयरेंस सिस्टम का एक उन्नत संस्करण है, दोनों ही स्थिति भारत की वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य नियामकों की भूमिका कभी भी इतनी महत्वपूर्ण नहीं रही है और यह निरंतर सहयोग, निरंतर नवाचार और खाद्य सुरक्षा प्रणालियों में निरंतर सुधार के प्रति प्रतिबद्धता की मांग करती है। उन्होंने एक प्राचीन भारतीय ग्रंथ के एक श्लोक को उद्धत करते हुए कहा कि जब भोजन शुद्ध होता है, तो मन शुद्ध हो जाता है। जब मन शुद्ध होता है तो स्मृति स्थिर हो जाती है। जब स्मृति स्थिर होती है तो हृदय की सभी गांठें (अज्ञान, संदेह, आसक्ति) खुल जाती हैं और व्यक्ति सभी विकारों से मुक्ति प्राप्त कर लेता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने ऐसे समय में खाद्य नियामकों के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया जब दुनिया खाद्य जनित बीमारियों, न्यूट्रस्यूटिकल सुरक्षा, नवीन खाद्य पदार्थों और सूक्ष्म प्लास्टिक जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है जबकि सभी नियंत्रण के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य नियामकों की भूमिका कभी भी इतनी महत्वपूर्ण नहीं रही है। यह निरंतर सहयोग, निरंतर नवाचार और खाद्य सुरक्षा प्रणालियों में निरंतर सुधार के प्रति प्रतिबद्धता की मांग करती है। नड्डा ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को ध्यान में रखते हुए मानक विकसित करने, खाद्य उत्पादन प्रक्रियाओं को विकसित करने और उपभोग पैटर्न को बदलने में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ एफएसएसएआई द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 18 मार्च, 2023 को ग्लोबल मिलेट्स सम्मेलन में लॉन्च किया गया।

### अस्पतालों का बकाया जल्द चुकाएं भगवंत मान : नड्डा

**नई दिल्ली।** पंजाब में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना के तहत विभिन्न उपचारों के लिए कई अस्पतालों में 600 करोड़ से अधिक का बकाया है। इसके कारण निजी अस्पतालों ने इस कार्यक्रम के तहत लोगों का इलाज करना बंद कर दिया है। शुक्रवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को नसीहत देते हुए अस्पतालों का बकाया जल्द से जल्द चुकाने का आग्रह किया है। उन्होंने नसीहत दी कि दिल्ली में पार्टी इकाई की जय-जयकार करने की बजाय मुख्यमंत्री राज्य की खराब होती स्थिति पर ध्यान दें। सोशल मीडिया पर इस आशय का संदेश साझा करते हुए जेपी नड्डा ने भगवंत मान से आग्रह किया कि वे अस्पतालों का बकाया जल्द से जल्द चुकाएं।

# भाजपा की सरकार आई तो यूपी जैसे दिल्ली में महंगी होगी बिजली : आतिशी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की भावी मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को केंद्र और भाजपा की अन्य राज्यों की सरकारों पर हमला बोला। आतिशी ने कहा कि अगर इस बार चुनाव में फिर से अरविंद केजरीवाल को नहीं जिताया तो दिल्ली वालों का हाल बिजली के बिल और कटौती में उत्तर प्रदेश और बीजेपी की अन्य राज्यों की सरकारों जैसा हो जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने बिजली के कनेक्शन के दाम ढाई सौ गुना बढ़ा दिए हैं।

उत्तर प्रदेश में गरीब परिवार जो 1 किलो वाट के छोटे-छोटे कनेक्शन लेते हैं, पहले वो मात्र 1200 रुपए देते थे। उसको बढ़कर अब 3000 कर दिया है। यानि ढाई सौ परसेंट की वृद्धि। अगर किसी का 5 किलो वाट का बिजली का कनेक्शन है, जो दिल्ली में रहने वाले आम मिडिल क्लास लोगों के लिए एक सामान्य बात है। उस 5 किलो वाट बिजली के कनेक्शन के दाम को यूपी सरकार ने 118 परसेंट बढ़ा दिया है। इसे 7967 से 17365 रुपए कर दिया है। यानि 118 परसेंट की वृद्धि। आतिशी ने आरोप लगाया है कि यूपी सरकार ने इस साल गर्मी के मौसम में उसके सबसे हाईटेक शहर ग्रेटर नोएडा में, नोएडा में, गाजियाबाद में और साहिबाबाद में लंबे-लंबे पावर कट और सबसे महंगी बिजली दी है। यही कारण है कि दिल्ली वालों के लिए बहुत जरूरी है कि वह फिर से अरविंद केजरीवाल को चुनकर लेकर आएं और उन्हें फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाएं। आतिशी ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल का मॉडल 24 घंटे और सबसे सस्ती बिजली है। इस साल दिल्ली में 19 जून को 8400 मेगावाट की पीक डिमांड पर भी दिल्ली में लोड शेडिंग नहीं हुई। दिल्ली में पावर कट नहीं लगा। आम आदमी पार्टी की सरकार 24 घंटे बिजली देती है और सबसे सस्ती बिजली देती है।